Page 11

# सोन वर्षा वाणी

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10




खेल

**टेस्ट कप्तानी में राहुल का नाम, बुमराह बड़े दावेदार, फिटनेश परेशानी**

देश

**थरूर की राह पर चिदंबरम, पहले भारत-पाक सीजफायर का बचाव, अब इंडिया...**





कृष्ण पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शनिवार • 17 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 155 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 95,130 | ₹ 97,000 |

## आज का इतिहास

**2010 :** भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए।

**1990 :** विश्व स्वास्थ्य संगठन की महासभा ने 17 मई, 1990 को समलैंगिकता को मानसिक रोगों की सूची से हटा दिया। भारत उन देशों में से एक है जहाँ समलैंगिकता अवैध है।

## न्यूज बाइट्स

### दिल्ली से लक्षद्वीप तक हुआ प्रशासनिक बदलाव

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए एजीएमयूटी कैडर के कुल 66 आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग के आदेश जारी कर दिए हैं। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, यह स्थानांतरण आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 41 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस ) और 25 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है।

### पीएम जन औषधि का रजिस्ट्रेशन फिर खुला

**नई दिल्ली (ए.)।** पीएम जन औषधि योजना की ऑफिशियल एक्स हेंडल पर एक पोस्ट साझा हुई है। इस पोस्ट के जरिए जनता को सूचित किया गया है कि जन औषधि योजना का रजिस्ट्रेशन फिर से शुरू हो गया है। इस योजना के तहत अगर कोई व्यक्ति मेडिकल दुकान शुरू करता है, तो उसे सरकार की तरफ से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अगर आप भी इस योजना में अप्लाई करना चाहते हैं, तो नीचे दिए स्टेप्स को फॉलो करें।

### निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को अधिवेशन भवन में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण के पहले चरण में सभी जिलों से 112 निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी शामिल हुए । राष्ट्रीय स्तर की मास्टर ट्रेनर (एनएलएमटी) गीता चौबे (झारखंड), जय माधव पी. (कर्नाटक), उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रत्नाम्बर निलय, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा अवर निर्वाचन पदाधिकारी शिखा सिन्हा ने प्रशिक्षण दिया।

### ट्रम्प के टैरिफ युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी

**नई दिल्ली (ए.)।** संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि देशों के बीच व्यापार को लेकर तनाव बढ़ने तथा निश्चित नीति नहीं होने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नीतिगत अनिश्चितता के साथ-साथ बढ़ते व्यापार तनाव ने मौजूदा वर्ष के लिए वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण को भी काफी कमजोर कर दिया है।

---

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 69 प्रस्तावों पर लगी मुहर, ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को भी दिया सम्मान

# शहीद के आश्रितों को 50 लाख की आर्थिक मदद

## राज्य कर्मियों का डीए बढ़ा, गया का नाम बदल कर हुआ गया जी, राजकीय समारोह के रूप में मानेगा दिवंगत नेता सुशील कुमार मोदी का जन्मदिन

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई राज्य कैबिनेट की अहम बैठक में कुल 69 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। इन फैसलों के जरिए राज्य सरकार ने प्रशासनिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' में शहीद हुए जवानों के परिवारों को अब 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने का फैसला किया गया। यह निर्णय शहीदों के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। महंगाई भत्ते (डीए) में भी राज्य सरकार ने राहत दी है। पाँचवें वेतनमान में आने वाले कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 11 प्रतिशत, छठे वेतनमान वाले कर्मियों और पेंशनधारकों को 6 प्रतिशत तथा सातवें वेतनमान के अंतर्गत आने वालों को 2 प्रतिशत डीए की बढ़ोतरी दी गई है। यह संशोधित डीए 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होगा।

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'जीविका दीदियों' के लिए अब एक अलग सहकारिता बैंक खोला जाएगा, जिससे वे आसानी से लोन प्राप्त कर सकेंगी। राज्य में शिक्षा और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए 6 नए अंबेडकर छात्रावास बनाए जाएंगे और 45 नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में एक भावनात्मक फैसला भी लिया गया, जिसमें राज्य के दिवंगत नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के जन्मदिन 5 जनवरी को अब राजकीय समारोह के रूप में मनाने की घोषणा की गई है। सबसे विशेष बात यह रही कि ऐतिहासिक शहर गया का नाम अब 'गया जी' कर दिया गया है। यह पहला मौका है जब नीतीश कुमार के दो दशक लंबे शासनकाल में किसी शहर के नाम में बदलाव किया गया है। गया नगर निगम ने पहले ही इस प्रस्ताव को पारित कर राज्य सरकार को भेजा था, जिसे अब कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इन फैसलों से साफ है कि बिहार सरकार राज्य के प्रशासन, विकास और सामाजिक संरचना को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार सक्रिय और सजग है।

### पंचायत सचिव भी करेंगे जन्म मृत्यु का रजिस्ट्रेशन

डा. सिद्धार्थ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन के पूर्व के नियमों में संशोधन किया है। जिसके बाद पंचायत सचिवों को जन्म मृत्यु निबंधन का अधिकार दिया गया है। पंचायत सचिव अपने पंचायत क्षेत्र के रजिस्ट्रार होंगे और जन्म-मृत्यु से संबंधित आवेदन का निष्पादन ग्राम पंचायत के स्तर पर ही करेंगे। राज्य में कैंसर जैसे रोग में पीड़ितों को राहत देने के लिए सरकार ने राज्य में कैंसर केयर एंड रिसर्च सोसायटी गठन का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। सिद्धार्थ के अनुसार राज्य में कैंसर की वर्तमान चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने और इसके विस्तार और कैंसर की रोकथाम के लिए यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा प्रदेश में कैंसर रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रस्ताव पर मंथन के बाद सरकार ने राज्याधीन सेवाओं की नियुक्ति एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन के लिए राज्य के मूल निवासी बेंच मार्क दिव्यांगजन मात्र को ही क्षैतिज आरक्षण देने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।

### 1069 पंचायत भवन बनेंगे, 27.84 अरब स्वीकृत

प्रदेश की विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण का कार्य जारी है। अब तक करीब 2500 पंचायत भवन निर्माण किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब सरकार ने 1069 नए पंचायत भवन निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। इन भवनों के निर्माण के लिए 27.84 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह निर्णय भी हुआ है कि पंचायत सरकार भवन परिसर में सुधा होल-डे मिल्क पार्लर का निर्माण किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने की निगरानी विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए निर्देश



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को निगरानी विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, विशेष निगरानी इकाई, तकनीकी परीक्षक कोषांग तथा आर्थिक अपराध इकाई के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है। भ्रष्टाचार के निवारण हेतु जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्रवाई की जाती है। राज्य प्रशासन को पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त होकर लोगों के लिए काम करना है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, विशेष निगरानी इकाई, तकनीकी परीक्षा कोषांग, आर्थिक अपराध इकाई अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। निगरानी विभाग संवेदनशील एवं गतिशील होकर भ्रष्टाचार पर और कारगर कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार रोकने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाएं। दर्ज मामलों का तेजी से अनुसंधान कर त्वरित निष्पादन करें। विभाग के स्तर से ऊपर से नीचे तक कार्य पद्धति की बेहतर ढंग से मॉनीटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंट्रोल रूम, टॉल फ्री नंबर आदि के माध्यम से शिकायत दर्ज करने के लिए लोगों को जागरूक करें। शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी करनेवाले तंत्र और व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखें ताकि आमजन को मिलनेवाली सुविधाओं और योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, थाना, इंजीनियरिंग और प्रशासनिक विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, खनन, परिवहन आदि विभागों पर विशेष नजर रखें। जिलाधिकारी भी अपने स्तर पर मॉनीटरिंग कर त्वरित कार्रवाई करें ताकि आम जन को किसी प्रकार की असुविधा न हो एवं प्रशासन के प्रति उनका विश्वास और बढ़े। मनरेगा सहित अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी लें, गड़बड़ी मिलने पर त्वरित जांच कर कार्रवाई करें।

## चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक



- चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ईवीएम जांच के लिए जाएंगे आज चंपारण

निज संवाददाता | पटना

आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर भारत निर्वाचन आयोग पूरी तरह से सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में भारत के निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने शुक्रवार को पटना में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक स्थानीय होटल में निर्वाचन विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल, स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी कुंदन कृष्णन, पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अपर सचिव निर्वाचन विभाग समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. विवेक जोशी गुरुवार शाम बिहार के चार दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे हैं। उनका यह दौरा न सिर्फ चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए है, बल्कि वे सीधे चुनाव तंत्र के अधिकारियों से संवाद स्थापित कर जमीनी हालात का भी मूल्यांकन कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने पटना में विभिन्न स्तर के अधिकारियों के साथ गहन बैठक की, जिसमें कानून-व्यवस्था, पोलिंग बूथ की तैयारियां, सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम जांच और मतदाता सूची की स्थिति पर चर्चा की गई। इस समीक्षा के बाद डॉ. जोशी फील्ड में जाकर भी चुनावी तैयारियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करेंगे। इसके तहत वे पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) और पश्चिम चंपारण (बेतिया) का दौरा करेंगे, जहां ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) की प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे। साथ ही वे जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, निर्वाचनी रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (ईआरओ) और बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ बैठक कर स्थानीय तैयारियों का जायजा लेंगे।

इस दौरे के दौरान डॉ. जोशी मतदाता सुविधा केंद्रों, प्रशिक्षण केंद्रों और पोलिंग स्टेशनों की स्थिति का भी प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे। आयोग द्वारा इस बार विशेष जोर मतदाता सूची की शुद्धता और बूथ लेवल एजेंटों के प्रशिक्षण पर दिया जा रहा है। इसके लिए एक वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें मतदान केंद्रों के अधिकारी और राजनीतिक दलों के एजेंट शामिल हो रहे हैं।

## औरंगाबाद समेत 24 जिलों की आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिलेगा पोषण का प्रशिक्षण

निज संवाददाता | पटना

राज्य के 24 जिलों की आंगनबाड़ी सेविका बच्चों को पोषण के साथ पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित होंगी। इनके लिए 31 मई तक जिलास्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 374 बाल विकास परियोजनाओं की 77,916 सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये 6 साल से कम उम्र के बच्चों की देखभाल और पढ़ाई पर ध्यान देंगी। समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयशी के निर्देश पर निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाएं ने 'पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का राज्यव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)- 2000 के आलोक में आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण समग्र बाल विकास की दिशा में बड़ा कदम है।

जिसमें पोषण के साथ प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा की गुणवत्ता मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया है। इन जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू राज्य के 24 जिलों औरंगाबाद, बेगुसराय, भागलपुर, भोजपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गया, कटिहार, किशनगंज, लखीसराय, मुजफ्फरपुर, नालंदा, नवादा, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, सारण, शिवहर, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सीवान, वैशाली और जमुई में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र को जीवंत शिक्षण केंद्र बनाना प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों को उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षित कार्यबल से जीवंत शिक्षण केंद्रों में परिवर्तित करना है। साथ ही प्रशिक्षण में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विकसित दो प्रमुख शैक्षणिक पाठ्यक्रमों नवचेतना(0-3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक उत्तेजना) तथा आधारशिला (3-6 वर्ष के बच्चों के लिए ईसीसीई पाठ्यक्रम) को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान सेविकाओं को प्रशिक्षण किट दी जा रही हैं, जिसमें आधारशिला साप्ताहिक कैलेंडर एवं नवचेतना मासिक पाठ्यक्रम शामिल हैं।

### 2436 ग्राम कचहरी न्यायमित्र की अंतिम मेधा सूची जारी

**पटना(नि.स.)।** बिहार ग्राम कचहरी न्यायमित्र के 2436 पदों के लिए नियोजन समिति ने अंतिम मेधा सूची शुक्रवार को जारी कर दी। अभ्यर्थी पंचायती राज विभाग द्वारा विकसित ग्राम पंचायत की वेबसाइट gp.bihar.gov.in पर परिणाम देख सकते हैं। पंचायती राज ने बिहार ग्राम कचहरी न्यायमित्र के 2,436 रिक्त पदों पर नियोजन के लिए आवेदन लिया था। नियोजन समिति ने औपबंधिक मेधा सूची 17 मार्च को जारी की थी। इस पर 19 मार्च से 2 अप्रैल तक आपत्ति या शिकायत दर्ज करने का विकल्प अभ्यर्थियों को दिया गया था। आपत्ति और शिकायतों के निबटारे के बाद विभाग ने अंतिम मेधा सूची जारी की है। वहीं, विभाग ने बिहार ग्राम कचहरी न्यायमित्र के पद पर नियोजन के लिए अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की तिथि जल्द जारी होगी।

बिहार में महिलाओं का सफर होगा अब और आसान एवं आरामदायक

## 20 पिंक बसों को सीएम ने दिखाई हरी झंडी, सुविधाओं की जानकारी ली

- सीएम ने खुद बसों का निरीक्षण किया और सुविधाओं की जानकारी ली
- अधिकतम किराया 35 रुपए तक होगा

निज संवाददाता | पटना

बिहार में महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 20 पिंक बसों और राज्य के विभिन्न जिलों के लिए 166 डीलक्स बसों के परिचालन का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम पटना स्थित एक अणे मार्ग से आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और बसों की सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। पिंक बसें विशेष रूप से महिलाओं के लिए समर्पित हैं, जिनका उद्देश्य उन्हें सुरक्षित, आरामदायक और सुलभ परिवहन सुविधा प्रदान करना है। इन बसों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकिंग, पैनिक बटन, स्पीड गवर्नर, फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट-एड किट और मोबाइल चार्जिंग पोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रारंभिक चरण में ये बसें पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, दरभंगा और पूर्णिया में चलाई जाएंगी। पटना में ये बसें गांधी मैदान से एम्स-फुलवारीशरीफ, दानापुर, कुर्जी (बोरिंग रोड के माध्यम से) और एनआईटी-मोड़ से कंकड़बाग ऑटो स्टैंड तक चार प्रमुख मार्गों पर संचालित होंगी।

इन बसों में महिला कंडक्टर की नियुक्ति की गई है, जबकि फिलहाल पुरुष ड्राइवर बसों का संचालन करेंगे। भविष्य में महिला ड्राइवरों को प्रशिक्षित कर उनकी नियुक्ति की योजना है। यात्रियों के लिए किराया न्यूनतम 6 से लेकर अधिकतम 35 तक निर्धारित किया गया है। छात्राओं के लिए मासिक पास 400 और कामकाजी महिलाओं के लिए 550 में उपलब्ध है। बसों की रियल-टाइम लोकेशन 'चलो' मोबाइल ऐप के माध्यम से देखी जा सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह सेवा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी और उन्हें सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने भी इस अवसर पर कहा कि यह पहल सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में इस सेवा का विस्तार अन्य शहरों में भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, राज्य के विभिन्न जिलों के लिए 166 डीलक्स बसों का परिचालन शुरू किया गया है, जिससे यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा। ये बसें राज्य के अंदर विभिन्न स्थानों पर यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाएंगी।



### सभी बसें सीएनजी से चलेंगी

सभी बसें सीएनजी से चलेंगी। पेमेंट के अलग-अलग ऑप्शंस जैसे, प्रीपेड काड्‌र्स, मंथली और स्टूडेंट्स पास होंगे। 'चलो' मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए बसों की रियल टाइम लोकेशन देखी जा सकेगी। इसी के जरिए कंडक्टर बस टिकट और मंथली पास भी इश्यू कर पाएंगे। इसके अलावा स्पीड गवर्नर सभी बसों में इंस्टॉल होंगे।

### पिंक शौचालय की भी व्यवस्था

महिलाओं के लिए पिंक बस के अलावे पिंक शौचालय की भी व्यवस्था की जाएगी। इसमें टॉयलेट से लेकर फीडिंग रूम तक की व्यवस्था हो सकती है। इसे आदर्श बस की श्रेणी में रखा जाएगा। टॉयलेट में प्रवेश करते ही सेंसर लाइट अपने आप चालू हो जाएगी। बस में बेबी फीडिंग रूम, बेबी डायपर चेंजिंग टेबल, छोटे पंखे, सेनेटरी वेंडिंग मशीन, अटेंडेंट चेयर, दो इंडियन व दो वेस्टर्न टॉयलेट हैंड वॉश बेसिन हो सकते हैं।




### जल्द पूरे बिहार में शुरू की जाएगी पिंक बस सेवा



परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार पूरे प्रदेश में पिंक बसें चलाना चाहती है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने पहले चरण में 20 बसें खरीदी हैं। दूसरे चरण में 80 बसें और खरीदी जाएंगी।' परिवहन सचिव संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी ने बताया कि इसे जल्द राज्य के अन्य शहरों में शुरू किया जाएगा। जल्द ही औरंगाबाद के ड्राइवर स्किल सेंटर में महिलाओं को ड्राइविंग की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद पिंक बसों में महिला ड्राइवर नियुक्त हो पाएंगी।

ऑपरेशन सिंदूर : रक्षा मंत्री सिंह ने फिर इशारों-इशारों में दे दी चेतावनी

# अभी तो ट्रेलर था पूरी पिक्चर अभी बाकी है

एजेंसी | नई दिल्ली



भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे गुजरात के भुज एयरबेस का दौरा किया और वहाँ मौजूद भारतीय वायुसेना के जांबाज योद्धाओं को संबोधित करते हुए गर्व और संकल्प से भरे अनेक संदेश दिए। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब हाल ही में भारतीय वायुसेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकवादियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए दुश्मन के नौ ठिकानों को तबाह कर दिया। इस साहसिक मिशन ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। रक्षा मंत्री ने संबोधन में कहा, 'अभी तो ट्रेलर था, पूरी फिल्म बाकी है।' उन्होंने यह बात पाकिस्तान को सीधी चेतावनी के रूप में दी और कहा कि भारत अब हर हमले का मुँहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। राजनाथ सिंह ने भुज की ऐतिहासिक वीरगाथाओं को याद करते हुए कहा कि यह धरती 1965 और 1971 के युद्धों में पाकिस्तान पर भारत की जीत की साक्षी रही है और आज फिर एक बार पाकिस्तान के खिलाफ विजयगाथा में अपना नाम दर्ज कर रही है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का बखान करते हुए बताया कि कैसे भारतीय वायुसेना ने केवल 23 मिनट में आतंक के अड्डों को नेस्तनाबूद कर दिया। उन्होंने कहा, 'जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों का निपटारा कर दिया।' उन्होंने इसे सिर्फ मिसाइलों की गूंज नहीं, बल्कि भारत के पराक्रम और वायुसेना के अदम्य शौर्य की प्रतिध्वनि करार दिया।

राजनाथ सिंह ने अपने भाषण में भारतीय वायुसेना की सराहना करते हुए कहा कि अब यह महज वायुसेना नहीं रही, बल्कि 'स्काईफोर्स' बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत के फाइटर जेट अब दुश्मन की सीमा में घुसे बिना भी उसे खत्म कर सकते हैं। यह क्षमता भारत को वैश्विक सैन्य ताकतों की पंक्ति में ला खड़ा करती है। रक्षा मंत्री ने भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब भारत विदेशी हथियारों पर निर्भर नहीं है। 'ब्रह्मोस' मिसाइल और डीआरडीओ द्वारा विकसित 'आकाश' एयर डिफेंस सिस्टम ने यह साबित कर दिया है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान भारत की सैन्य शक्ति की मजबूत रीढ़ बन चुका है। साथ ही, राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी और पहलगाम में हाल में मारे गए निर्दोष नागरिकों को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंक के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा और दुश्मनों को उनकी ही भाषा में जवाब देगा।

## मधेपुरा में 34.47 करोड़ से बने मॉडल अस्पताल का उद्घाटन

### मंत्री मंगल पांडे ने कहा, स्वास्थ्य विभाग में 41 हजार होगी नई नियुक्तियां

निज संवाददाता | मधेपुरा



मधेपुरा सदर अस्पताल परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने 34.47 करोड़ रुपए की लागत से बने मॉडल अस्पताल भवन का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने उदाकिशुनगंज में 5.75 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने बताया कि सदर अस्पताल परिसर में निर्मित यह मॉडल भवन सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इसमें 100 बेड की व्यवस्था की गई है। जिनमें 10 आयुष, 8 आईसीयू बेड शामिल हैं। भवन में इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर, एक्स-रे, एमआरआई, सीटी स्कैन और मेडिकल गैस पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि आवश्यक उपकरणों की इंस्टॉलेशन प्रक्रिया अभी जारी है। 15 जून से मरीजों को सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में व्यापक सुधार हो रहे हैं। अब तक राज्य के 21 जिलों में मॉडल सदर अस्पतालों का उद्घाटन किया जा चुका है। शेष जिलों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 101 अनुमंडलों में 50 से 100 बेड तक के अस्पतालों का निर्माण किया गया है। मंत्री ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग में 41 हजार पदों पर भर्ती निकाली गई है। जिनमें करीब 8,500 डॉक्टर और 18,500 जीएनएम की नियुक्तियां होंगी। इसके अतिरिक्त सीएचओ व अन्य पारा मेडिकल स्टाफ की भी बहाली की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी दो से तीन माह के भीतर अस्पतालों में स्टाफ की कमी पूरी तरह दूर कर दी जाएगी।

# खेलो इंडिया में भागलपुर की खुशी को गोल्ड मेडल

## खिलाड़ी बोली- मैं 16 महीने तक बेड पर थी, छोड़ दी थी दौड़ने की उम्मीद

निज संवाददाता। भागलपुर





भागलपुर की खुशी यादव ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में 2000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। बता दें कि 2 मई को पटना में गेम था और 13 मई को खिलाड़ी ने मेडल हासिल किया है। शाहजंगी नवटोलिया की रहने वाली खुशी पहले लॉन्ग जंप की खिलाड़ी थीं। एक प्रतियोगिता में पैर फ्रैक्चर होने के बाद उन्होंने दौड़ को चुना। खुशी ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से खुद को तैयार किया है। घंटों की प्रैक्टिस और कोच की सख्त निगरानी में उन्होंने अपना लक्ष्य हासिल किया। स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने बिहार का नाम रोशन किया है। भागलपुर रेलवे स्टेशन पर खुशी का जोरदार स्वागत हुआ। स्टेशन पर खेल प्रेमी, स्थानीय नेता, अधिकारी और आम लोग मौजूद थे। ढोल-नगाड़ों की धुन के बीच लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। 'खुशी यादव जिंदाबाद' के नारे लगे। खुशी ने बताया कि मैं 16 महीने तक बेड पर पड़ी रही थी। मैं सारी आशा छोड़ दी थी कि अब मैं दौड़ भी पाऊंगी। लेकिन मैंने हिम्मत जुटाया। मेरे कोच ने मेरा साथ दिया और मेरे घर वाले मेरे साथ हुए और मैं आज एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल दिला पाई।

**बेटी ने हमेशा देखे बड़े सपनेः** खुशी के पिता सुनील यादव ने बताया कि उनकी बेटी ने हमेशा बड़े सपने देखे। पिता आगे बताते है कि मैं अपने बच्चों को वहां लिख कर ऑफिसर बनना चाहता था, लेकिन मेरी बेटी खेल में ज्यादा इच्छुक थी और उनके कोच ने मुझे बताया कि आपकी बेटी लॉन्ग जंप हाई जंप और दौड़ में बहुत अच्छा कर सकती है। मैंने कोच पर विश्वास करके उसे एथलेटिक्स की दुनिया में भेज दिया और वह अपने बिहार के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष का नाम रोशन की है। मुझे बेहद खुशी हो रही है। कोच जितेंद्र राकेश ने जानकारी दी कि खुशी शुरू से ही अनुशासित और समर्पित एथलीट रही हैं। उनकी सफलता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है।

"खुशी यादव की कहानी आज लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि यदि हिम्मत और मेहनत साथ हो, तो कोई भी बाधा मंजिल को नहीं रोक सकती।" "खुशी यादव ने न सिर्फ गोल्ड मेडल जीता, बल्कि पूरे देश को ये सिखाया कि जज्बा हो तो टूटे पैर भी उड़ान भर सकते हैं।"

# भागलपुर में बुनकरों का 20 करोड़ का कारोबार रुका
## भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद होल्ड पर ऑर्डर

निज संवाददाता। भागलपुर

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति का सीधा असर सिल्क सिटी भागलपुर के बुनकरों पर पड़ा है। आतंकवादी हमलों के बाद भारत ने एयर स्ट्राइक किया और युद्ध जैसे हालात हो गए है। फ्लाइट सेवा को बंद कर दिया गया। शहर के बुनकरों को देशभर और विदेशों से मिले लगभग 20 करोड़ रुपए के ऑर्डर होल्ड कर दिए गए हैं। इस स्थिति ने हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा कर दिया है।

नाथनगर और चंपानगर जैसे बुनकरी क्षेत्रों में काम लगभग ठप हो गया है। जहां पहले हर घर से पावरलूम की खटखट सुनाई देती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है। करीब 12 हजार पावरलूम में काम बंद हैं। बुनकरों का कहना है कि अगर देश की सुरक्षा के लिए कारोबार ठप भी करना पड़े, तो भी उन्हें कोई पछतावा नहीं। बुनकर मोहम्मद शमशीर अंसारी ने कहा, "हमारा व्यापार जरूर रुका है लेकिन अगर देश को फायदा है, तो हम काम नहीं करेंगे। हमें गर्व है कि हमारे जवान देश की रक्षा कर रहे हैं।तहसीन शाबाद, जो सालों से बुनकरी कर रहे हैं, उन्होंने कहा, "अगर पाकिस्तान को सबक सिखाने में हमारा काम भी खत्म हो जाए, तो भी हमें मंजूर है। हम कोई और काम कर लेंगे, लेकिन फौजियों की शहादत और निर्दोषों की मौत बर्दाश्त नहीं है।". भागलपुर के बुनकर दिल्ली, पंजाब, मुंबई और सूरत के साथ-साथ इटली, जर्मनी, फ्रांस, कतर और दुबई जैसे देशों को कपड़ा और धागा निर्यात करते हैं।

## लोगों को डेंगू से बचने के बताए उपाय

**भागलपुर।** भागलपुर में नवगछिया के नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को डेंगू दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रबंधक शंकर पासवान ने लोगों को डेंगू से बचने के लिए उपाए बताए। लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा एंटी लार्वा गतिविधियां, मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण और रोकथाम के लिए लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। शंकर पासवान ने कहा कि आसपास जलजमाव नहीं होने दें। रात के समय पूरे हाथ के कपड़े पहने, मच्छर दानी का प्रयोग करें। अब तक डेंगू व मलेरिया का कोई रोगी नहीं पाया गयाः सप्ताह में एक दिन कूलर, टंकियों, पशु-पक्षियों के बर्तनों को धोकर व सुखाकर कर दोबारा पानी भरे ताकि लारवा न पनप सके। जिन घरों, दफ्तरों, दुकानों में लारवा मिले उन्हें नोटिस देकर सचेत करें। नारायणपुर प्रखंड में मच्छर जनित रोगों के उन्मूलन की और तेजी से अग्रसर है। इस साल प्रखंड में अब तक डेंगू व मलेरिया का कोई रोगी नहीं पाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी व पीएचसी पर भी राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया है।


**एनटीपीसी NTPC एन टी पी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)

**एनटीपीसी - नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन से (मौजूदा एमओईएफ एण्ड सीसी अधिसूचना और नीति के अनुसार) - मई 2025 से अप्रैल 2026 तक निःशुल्क, पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पॉन्ड की राख उठाना रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण (ईओआई)**

ईओआई संख्याः NSTPS/AU/PA/EOI-1/2025 दिनांकः 17.05.2025

एनटीपीसी-नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस), जिला-औरंगाबाद, बिहार-824304 से एनटीपीसी-नबीनगर एक वर्ष की अवधि के लिए इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से 'निःशुल्क' **पहले आओ पहले पाओ और 'जहां है जैसे है' के आधार पर, रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। उठाने और परिवहन की लागत इच्छुक राख उपयोगकर्ता द्वारा वहन की जाएगी।**

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक पार्टियों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकताएं निर्दिष्ट मानक प्रारूप में npgclaud@gmail.com पर **दिनांक 17.05.2025 को 10:00 बजे से दिनांक 24.05.2025 को 17:00 बजे** तक प्रस्तुत करें।

**'सामान्य सूचना', 'आवेदन के लिए मानक प्रारूप** और रुचि की अभिव्यक्ति के लिए **'वचन और घोषणा'** के एनटीपीसी की वेबसाइटः **https://ntpctender.ntpc.co.in/** पर अपलोड कर दी गई है।

**पंजीकृत कार्यालयः** एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003. **www.ntpc.co.in**, सीआईएनः L40101DL1975GOI007966

AKAR

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**


## कलावा पहनकर स्कूल आने पर 30 छात्रों की पिटाई

**मुंगेर।** मुंगेर में दो महिला शिक्षकों पर कलावा पहनने पर 30 से ज्यादा छात्रों को पीटने का आरोप लगा है। दोनों महिला टीचर भगत सिंह चौक स्थित प्लस टू टाउन हाई स्कूल में फिजिकल और लाइब्रेरी की टीचर हैं। छात्रों के पेरेंट्स का कहना है, 'मंगलवार सुबह को पीटी के दौरान फिजिकल टीचर सुनीता कुमारी और लाइब्रेरी टीचर श्वेता प्रिया ने कलावा पहनकर आने वालों छात्रों को पहले डांटा फिर उनकी जमकर पिटाई कर दी।' 'बच्चों ने जब ये बात हमें बताई तो बुधवार को स्कूल बंद होने के कारण गुरुवार यानी आज हम स्कूल पहुंचे। हमने प्रिंसिपल और शिक्षकों से बात करने की कोशिश की।' पेरेंट्स के मुताबिक, प्रिंसिपल ने इस मामले पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उनका ये भी आरोप है कि दोनों महिला टीचर क्रिश्चन हैं और हिंदू धर्म को निशाना बना रही हैं।' वहीं, दोनों महिला टीचर का कहना है कि उन्होंने बाल बड़े रखने और कलावा पहनकर स्कूल आने पर बच्चों को सिर्फ डांटा था। उन्हें डिसिप्लिन में रहने को कहा था। फिलहाल, मामला सामने आने पर शिक्षा विभाग के DPO ने जांच के बाद रिपोर्ट सीनियर अधिकारियों को भेज दिया है। गुस्साए पेरेंट्स का कहना है, 'दोनों शिक्षिकाओं ने कलावा पहनने वाले बच्चों को अलग करके मारा, उन्हें डराया और धमकाया। ये शिक्षिकाएं क्रिश्चियन धर्म मानती हैं और इसी वजह से हिंदू बच्चों के साथ ऐसा बर्ताव कर रही हैं।' अभिभावकों ने दोनों महिला शिक्षिकाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं, टीचर सुनीता कुमारी और श्वेता प्रिया ने बताया, 'स्कूल में पढ़ने वाले कई बच्चे कलाई में लाल और काला धागा पहन कर आते हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य रेल, धनबाद, एसएलआर का अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

**क्र.सं. (1) ई-नीलामी सूची :** पार्किंग, **ई-नीलामी सूची सं.:** पार्किंग-52-25, **ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण :** 29.05.2025, 15:00 बजे से, **कार्य का विवरण :** गढ़वा टाउन स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई-नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

**पीआर/0258/डीएचएन/सीओएमएल./एन/25-26/32**



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर/दक्षिण पूर्व रेलवे नीचे उल्लिखित निविदा संख्या जिसे **05.06.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** खोला जाना निर्धारित है, के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-14, दिनांक 15.05.2025। कार्य का नाम:** नए आईपीएस द्वारा अत्यंत पुराने आईपीएस सिस्टम का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** ₹ 31,13,707.52। **बयाना राशि:** ₹ 62,300। **पूरा करने की अवधि:** 06 (छः) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-15, दिनांक 15.05.2025। कार्य का नाम:** ऑटो-सीएडी में सिग्नलिंग ड्राइंग को तैयार करना, छपाई, आपूर्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 58,98,500। **बयाना राशि:** ₹ 1,18,000। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-16, दिनांक 15.05.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में डुअल यूएफएसबीआई की स्थापना। **निविदा मूल्य:** ₹ 7,48,11,789.26। **बयाना राशि:** ₹ 5,24,100। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किये जाएंगे। **(PR-168)**



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएल/एचडबल्यूएच/25/21 (सूचना)/671, दिनांकः** 15.05.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. ईएल-एचडबल्यूएच -25-21-3448, कार्य का नाम** : खाना जंक्शन-गुमानी शाखा में सभी रेलवे परिसरों में ऊर्जा दक्ष एलईडी लूमेनरी में 100% रूपांतरण। **निविदा मूल्य :** रु. 1,51,69,888/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा)**: रु. 2,25,900/-, **समापन अवधि:** 270 दिन। **अंतिम तिथि और समय:** 04.06.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश /बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। HWH-84/2025-26

**निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

**हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस0 औरंगाबाद)**

**विज्ञापन संख्या-02/2025**

**राष्ट्रीय पोषण मिशन (पोषण अभियान) के अंतर्गत संविदा अधारित जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय नियोजना हेतु विज्ञापन**

निदेशक आई0सी0डी0एस0 निदेशालय बिहार पटना के पत्रां-2621 दिनांक-17.05.2019 एवं पत्रांक-5502 दिनांक-23.09.2024 द्वारा पोषण अभियान अन्तर्गत संविदा आधारित जिला परियोजना सहायक के रिक्त (01) एक पद एवं प्रखण्ड समन्वयक के रिक्त (04) चार पद पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रीत किये जा रहे है-

| क्रमांक | पद का नाम | पद की संख्या | आरक्षण कोटि | निर्धारित मासिक मानदेय (रू0) में। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला परियोजना सहायक | 01 | गैर आरक्षित | 18,000/ |
| 2 | प्रखण्ड समन्वयक | 04 | 03 गैर आरक्षित एवं 01 पिछड़ा वर्ग | 20,000/ |

1 आवेदन विज्ञापन की तिथि से अगले 21 दिनों तक प्राप्त किये जायेंगे।
2 आवेदन जिला प्रोग्राम कार्यालय का मेलः- **dpo.icds.augbd-bih@gov.in** पर Soft Copy एवं डाक के माध्यम से जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस, औरंगाबाद के पते पर प्राप्त किये जायेंगे।
3 विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी औरंगाबाद जिले के वेबसाईटhttps://aurangabad.bih.nic.in/ एवं जिला प्रोग्राम कार्यालय औरंगाबाद में देखी जा सकती है।
4 समान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या-294 दिनांक-07.01.2016 के अनुसार अधिकतम उम्र सीमा लागू होगा।
5 आवेदन के अधिकतम उम्र सीमा की गणना दिनांक 01.01.2025 (cut off date) निर्धारित की गई है।
6 संविदा शर्त सेवा अवधि एवं अन्य शर्ते बिहार सरकार द्वारा निर्गत संकल्प/नियमावली/आदेश एवं विभागीय पत्रांक 2621 दिनांक 17.05.2019 के अनुरूप होगा।
7 आवेदक को औरंगाबाद जिला क्षेत्र का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य होगा।
8 विज्ञापन एवं सेवा शर्ते से संबंधित सभी अधिकार जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के अधीन है। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद विज्ञापन को संशोधित/रद् करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।
9 नियोजन संबंधित सभी सूचना औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर प्रकाशित की जायेगी।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

**PR- 03545 ( S W D ) 2025-26**

**जिला पदाधिकारी,**
**औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**



**बिहार सरकार**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नबीनगर**
Email Id - nkcd1975@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-03/2025-26
पत्रांक :- 375

विज्ञापन निर्गत करने की तिथि :- 15.05.2025

1 विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।
2 निविदा प्रपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 23.05.2025 से 25.05.2025 तक ।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.05.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4 तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.05.2025 के अपराह्न 3:30 बजे तक।
5 निविदा प्रपत्र की बिक्री का कार्यालयः : क. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद। ख. अधीक्षण अभियंता, उत्तर कोयल नहर अंचल, औरंगाबाद। ग. कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।
6 निविदा खोलने का स्थानः : क्रमांक - 1 में वर्णित के कार्यालय में।
7. कार्य का विवरण -

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण-विपत्र का मूल्य (रू० में) लौटाया नहीं जायेगी। | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 1. | नाउर उपवितरणी के CH 3.048 KM (R), 4.725 KM, 5.182 KM (L), 6.707 KM(L) पर बाँध मरम्मति एवं 0.36 KM से 0.450 KM तथा 0.910 KM से 2.13 KM तक जंगल सफाई कार्य । | 93978.00 | 1900.00 | 500.00 | 15 जून |
| 02 | फुलवरिया लघु नहर के 1.524 KM (L), 1.829 KM (L) पर बाँध मरम्मति एवं 0.00 KM से 3.050 KM तक जंगल सफाई कार्य। | 158331.00 | 3200.00 | 500.00 | 15 जून |
| 03 | हुलिया बायाँ नहर के 2.80 KM पर Retaining Wall and slope protection work की मरम्मति कार्य। | 775691.00 | 15600.00 | 1250.00 | 15 जून |

8. निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त, नियम, आर्हत्ता, अग्रधन का स्वरूप, निविदा की प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए परिमाण विपत्र बिक्री स्थल से सम्पर्क किया जा सकता है। साथ ही विस्तृत सूचना वेबसाईट **www.wrdbihar.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**PR. No. 003682 (WRD ) 2025-26**

**कार्यपालक अभियंता,**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला नजारत शाखा)**

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

नव निर्मित समाहरणालय भवन, गढ़वा में कुल-चार (04) लिफ्ट(KONE) का अधिष्ठापन किया गया है। अधिष्ठापित कुल-04 लिफ्ट का ससमय सर्विसिंग एवं रखरखाव (Maintenance) सुनिश्चित करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता से शर्त एवं दर के संबंध में दिनांक-25.05.2025 तक समाहरणालय, गढ़वा जिला नजारत उप समाहर्त्ता, गढ़वा के कार्यालय में कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता शर्त एवं दर **www.garhwa.nic.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशन स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**उपायुक्त,**
**गढ़वा**

**PR 352656 District(25-26).D**



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702) ,Electric Supply Circle, Garhwa**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19/PR/JBVNL/2025-26 | Repair and maintenance of cable trench and spreading Stone dust & metal in existing P/S/S Pharathiya under Electric Supply Circle, Garhwa | 393000/– | (03) Three Months | 7900.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 05 /06 /2025 upto 03:00 PM | 05/ 06/2025 at 03:30 PM |
| 2. | 20/PR/JBVNL/2025-26 | Repair and maintenance of cable trench and spreading Stone dust & metal in existing P/S/S Garhwa (old) under Electric Supply Circle, Garhwa | 396100/– | (03) Three Months | 8000.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 05 /06 /2025 upto 03:00 PM | 05/ 06/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**Sd/-**
**Electrical Superintending Engineer**
**Electric Supply circle, Garhwa**

**PR 352655 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D**



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू।**
Office e-mail id- itibishrampur@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 में नामांकन संबंधित सूचना**

**01** झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड राँची के पत्रांक- 639 एवं पत्रांक-640, दिनांक- 07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 के विभिन्न व्यवसाय में नामांकन के लिए योग्य आवेदक से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी-स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन आवेदन-पत्र (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आमंत्रित किये जाते हैं।

**02 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :-**
(क) **वेल्डर, एवं प्लम्बर व्यवसाय** के लिए आठवाँ उत्तीर्ण।
(ख) **इलैक्ट्रीशियन, फीटर, एवं मैकेनिक मोटर व्हीकल** (MMV) व्यवसायों के लिए माध्यमिक/10वीं परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

**03 महत्वपूर्ण तिथियाँ :- मैकेनिक मोटर व्हीकल**

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) को प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकोद्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 तक |
| 05 | अन्तिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |
| | **Time schedule for 1st Round of online counselling** | |
| **Sl no.** | **activity** | **Date** |
| 01 | Choice filling of Trade (s) and / or ITI (s) | 24/06/2025 to 01/07/2025 |
| 02 | Seat allotment and downloading provisional seat allotment letter | 04/07/2025 to 21/07/2025 |
| 03 | Admission in the concerned ITI | 04/07/2025 to 21/07/2025 |
| | **Time schedule for 2nd Round of online counselling** | |
| **Sl no.** | **activity** | **Date** |
| 01 | Choice filling of Trade (s) and / or ITI (s) | 24/07/2025 to 30/07/2025 |
| 02 | Seat allotment and downloading provisional seat allotment letter | 04/08/2025 to 14/08/2025 |
| 03 | Admission in the concerned ITI | 04/08/2025 to 14/08/2025 |

**04** डी0जी0टी0 के पत्रांक- DGT-MIS011/1/2025-Oo DIR (TC) [71015],, दिनांक- 08.04.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू में नामांकन लेने वाले अभ्यार्थियों का वैध मोबाईल नंम्बर, ई-मेल ID एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 के पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।
**05** नमांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section के Notification Tab में देखा/ download किया जा सकता है।
**06** किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webprtal के Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मों0 नं0- 8252575749/9308058506/7717775369 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को झारखण्ड के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section के Notification Tab में देखा/ download किया जा सकता है।

**प्रभारी प्राचार्य,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान**
**बिश्रामपुर (LWE) लालगढ़ बिहार, पलामू**

PR 352623 (District) 25-26 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### बृजबिहारी हत्याकांड में मुन्ना शुक्ला की उम्रकैद की सजा बरकरार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1998 में पटना में राजद के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला की आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत ने मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी की ओर से सजा के फैसले की समीक्षा को लेकर दाखिल की गई याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि पिछले फैसले की समीक्षा करने के लिए कोई अच्छा आधार और कारण नहीं मिला है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल तीन अक्टूबर को मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को मामले में दोषी ठहराया था। मुन्ना शुक्ला व मंटू तिवारी अभी बेउर जेल में बंद है। सूरजभान समेत पांच को संदेह का मिला था लाभ सुप्रीम कोर्ट ने मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह समेत पांच अन्य आरोपियों को संदेह का लाभ दिया और मामले में उन्हें बरी करने के हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। इस हत्याकांड में गोरखपुर का गैंगस्टर श्रीप्रकाश शुक्ला भी आरोपित था। हालांकि, मुकदमे की सुनवाई के दौरान ही श्रीप्रकाश शुक्ला, भूपेंद्र नाथ दुबे और कैप्टन सुनील सिंह की मौत हो गई थी। इस वजह से तीनों पर ट्रायल बंद कर दिया गया था।

### उद्घाटन के अगले ही दिन टूटा शिलापट्ट

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार द्वारा उद्घाटन किए जाने के अगले ही दिन गुरुवार को एक शिलापट्ट गिरकर टूट गया। इसे बीते बुधवार को सिटी पार्क के बाहरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रखा गया था। बाद में उसी जगह पर मीनापुर से जुड़ा एक शिलापट्ट गिरकर टूट गया। इस पर सवाल उठाते हुए वार्ड 20 के पार्षद संजय कुमार केजरीवाल ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही कार्यक्रम के आधे घंटे पहले पार्षदों को जानकारी देने पर भी आपत्ति दर्ज कराई।

### श्रीमद भागवत कथा सुनने का अवसर सबको नहीं मिलता : साध्वी पूजा

**भागलपुर, एजेंसी।** संसार में यूं तो लोगों को कई तरह के किस्से कहानी सुनने का, फिल्में देखने का ,घूमने आदि का अवसर बार बार मिल ही जाता है परंतु श्रीमद भागवत कथा सुनने का अवसर किसी किसी को ही मिलता है।अतः भागवत कथा अवश्य सुनें।यह कथा बार-बार सुनने नहीं मिलेगा। उक्त बातें बिहार झारखंड की ठीक सीमा पर स्थित शंकरपुर में चल रहे नौ दिवसीय नौ कुण्डी लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रीमद भागवत कथा वाचन करते हुए साध्वी पूजा शर्मा ने कही।उन्होंने कहा कि यह कथा भगवान ने भी सुनाई है और यह कथा ईश्वर के भी दर्शन कराती है तथा मन के मैल को साफ करती है। उन्होंने कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं।उन्हें धन, दौलत, ऐश्वर्य की चाहत नहीं होती वे तो भक्तों के भाव को देखते हैं तथा प्रसन्न हो किसी

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बिहार में बड़ी पहल

**9 से 14 साल की बेटियों को मिलेगा मुफ्त टीका, कटिहार में 22 करोड़ की स्वास्थ्य योजनाएं शुरू**




**कटिहार, एजेंसी।** बिहार सरकार ने महिलाओं की जानलेवा बीमारी सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडे ने मंगलवार को कटिहार पहुंचे। यहां फलका में 22 करोड़ 32 लाख की स्वास्थ्य परियोजनाओं का उन्होंने उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन योजनाओं में 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 34 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, और हेल्थ सब-सेंटर का निर्माण शामिल है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक सुधार का दावा

मंत्री ने बताया कि सभी सदर अस्पतालों में टीके पहुंचा दिए गए हैं, और अभियान जल्द शुरू होगा। इस योजना के माध्यम से कैंसर से जीवन भर की सुरक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता बढ़ाई गई है। स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी तेज की गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, टीकाकरण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं को भी सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है।

### पाकिस्तान पर तीखा हमला

फलका की सभा में स्वास्थ्य मंत्री ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, ÷पाकिस्तान कभी नहीं सुधरेगा, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर स्थगित किया है, समाप्त नहीं। हमारे सैनिक सीमा पर तैनात हैं और हर जवाब देने को तैयार हैं। सभा के दौरान लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'भारतीय सेना जिंदाबाद' के नारे लगाए।

### बेटियों को मिलेगा मुफ्त सर्वाइकल कैंसर टीका

मंत्री ने बताया कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है। मंगल पांडे ने कहा, सर्वाइकल कैंसर टीका, एक महंगा टीका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार पहला राज्य बना है, जो इसे पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करा रहा है।

### पेयजल संकट के समाधान की महिलाओं ने रखी मांग

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खासकर बंधु जयराम पंचायत में दो स्थानों पर आयोजन हुआ।जिसका नेतृत्व बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने अधिकारियों के अपनी अपनी विभिन्न समस्याएं सुनाई तथा समाधान की मांग की।महिलाओं ने खासकर नल को लेकर अपनी व्यथा सुनाई तथा कहा कि ना तो नल का जल सही ढंग से मिल रहा है ना चापानल चल रहा है।भीषण गर्मी में पानी का लेयर नीचे जाने से परेशानी बढ़ गई है।जिससे पानी पीने का भीषण संकट हो गया है। आवास योजना, वृद्ध पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है।राशन कार्ड नहीं बन रहा है। नाला आदि की साफ सफाई भी नहीं हो रही है।जबकि बीडीओ एवम जीविका के बीपीएम मो जाहिद इमाम ने सरकार द्वारा चलाई जा रही 22 योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा लाभ लेने कहा। जबकि महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन मोहनपुर मधुबन,मौल टोला आदि में भी किया गया।

# आरजेडी विधायक रीतलाल यादव के गांव में चला प्रशासन का बुलडोजर



**दानापुर, एजेंसी।** बिहार के दानापुर से लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के विधायक रीतलाल यादव के गांव कोथवां में पटना जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर 17 दुकानों को ध्वस्त कर दिया। पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई गुरुवार को की गई। बताया जा रहा है कि यहां 77 डिसमिल सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण था, जिसे प्रशासन ने हटाया। अतिक्रमण करने के पीछे विधायक का हाथ होने की भी बात सामने आई। बताया जा रहा है कि दानापुर-खगौल रोड स्थित रिहायशी इलाके में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की

### 17 दुकानें ध्वस्त

बात सामने आई थी। अतिक्रमण के खिलाफ दानापुर अंचल में सीओ के यहां अतिक्रमणवाद चलाया गया। जिन लोगों ने अतिक्रमण किया था, उनको नोटिस जारी किया गया। स्थानीय लोगों का कहना था कि सरकारी भूमि पर एक दबंग विधायक और उनके परिजनों ने अवैध निर्माण कर रखा है। डीएम के निर्देश पर दानापुर के अंचलाधिकारी, खगौल थाना प्रभारी और दानापुर नगर परिषद के सिटी मैनेजर मौके पर पहुंच पहले 17 दुकानों को तोड़ा। इसके बाद शेष जमीन को भी खाली करा दिया गया। यह कार्रवाई दानापुर एसडीएम दिव्य शक्ति के नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को जानकारी दी है कि दानापुर क्षेत्र में कई जगहों पर एक दबंग विधायक की सरपरस्ती में सरकारी भूमि पर मकान और दुकान बनाई गई है। डीएम के निर्देश पर एसडीएम सभी मामले की छानबीन कर रही हैं। अतिक्रमण हटाने वाले अधिकारियों ने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी है। प्रशासन की इस कार्रवाई की दानापुर क्षेत्र में दिन भर चर्चा होती रही।



# भोजपुर में कट्टा के साथ 3 अपराधी गिरफ्तार:चोरी की 2 बाइक बरामद

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र से पुलिस ने चोरी की 2 बाइक के साथ 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 1 देसी कट्टा भी बरामद हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जोगता गांव से अमरजीत कुमार, नागेंद्र कुमार और आनंद मोहन को पकड़ा है। इनमें से 2 का क्रिमिनल रिकॉर्ड रहा है।

चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन बताया कि अमरजीत कुमार हत्या और आर्म्स एक्ट मामले में आरोपी है। कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। नागेंद्र कुमार पर मुफस्सिल और नगर थाना में शराब का केस दर्ज है। इस मामले में जेल भी गया था। गिरफ्तार तीनों बदमाशों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

**हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार :** इसके अलावा टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ले में छापेमारी कर पुलिस ने हेरोइन के साथ महिला समेत 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। कैश भी बरामद हुआ है।

एसपी राज ने इसकी पुष्टि की है। तस्कर की पहचान गौसगंज निवासी कमलेश माली की पत्नी सोनामती देवी और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार निवासी धीरज माली के तौर पर हुई है। एनडीपीएस एक्ट के तहत स्न्रढ्ढक्रदर्ज की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कमलेश माली के घर में नशील पदार्थ खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा है। एसपी के आदेश पर मजिस्ट्रेट और पुलिस की संयुक्त टीम ने घर में छापा मारा। तलाशी के दौरान 32.48 ग्राम हेरोइन और 14 हजार 500 रुपए कैश बरामद हुआ। मौके से 2 मोबाइल भी मिला है। तस्करों के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

# पूर्णिया में घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

### फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियों ने पाया काबू



**पूर्णिया , एजेंसी।** पूर्णिया के मरंगा थाना क्षेत्र में एक घर में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लपटें देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद काबू पाया। घटना नेवालाल चौक की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। कैश और घरेलू सामान जलकर राख गया।

सड़क हादसे में कुछ दिन पहले सविता देवी के पति की मौत हो गई थी। अब अगलगी की इस घटना ने परिवार के सिर से छत भी छिन गई है।

**पड़ोसियों से आग लगने की सूचना मिली :** पीड़िता सविता देवी ने बताया कि पति के मौत के बाद अपना और बेटे का पेट भरने के लिए दुकान में काम करती हूं। गुरुवार को घर में ताला लगाकर काम करने गई थी। पड़ोसियों ने फोन करके आग लगने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही बेटे के साथ घर पहुंची। चारों तरफ अफरातफरी का माहौल था। लोगों ने आपसी सहयोग से आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थी कि शांत होने के जगह और भड़क उठा। घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पहले पति की मौत और अब अगलगी की घटना ने सब कुछ बर्बाद कर दिया।

# पूर्णिया एक्सप्रेस-वे से नहीं जुड़ेगा पटना रिंग रोड

**नए सिरे से बन रहा डीपीआर**


**पूर्णिया , एजेंसी।** पटना रिंग रोड अब बिदुपुर-दिघवारा के पहले पूर्णिया एक्सप्रेस-वे से नहीं जुड़ेगा। इसके लिए बिदुपुर से दिघवारा तक सड़क का नए सिरे डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बन रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नए एलाइनमेंट में डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया है।

बिदुपुर-दिघवारा को पहले पूर्णिया एक्सप्रेस-वे में शामिल करना था। वहीं रामनगर से कच्ची दरगाह तक सड़क निर्माण को लेकर ठेकेदार का चयन कर लिया गया है। एकरारनामा होने के बाद जुलाई में निर्माण शुरू होगा। इधर शेरपुर से कन्हौली के बीच बनने वाली सड़क में 76 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण पर 384 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 192 करोड़ राज्य सरकार को देना है। बिदुपुर से दिघवारा के बीच लगभग 40 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होना है। इन दोनों सड़कों को जोड़ने के लिए गंडक नदी पर एक पुल बनेगा। पटना-बेतिया फोरलेन में बाकरपुर-मानिकपुर के समीप गंडक नदी पर 6 लेन पुल का निर्माण होना है। इसमें एक विकल्प यह भी होगा कि बाकरपुर-मानिकपुर पुल के सहारे ही गंडक को पार कर बिदुपुर-दिघवारा सड़क का एलाइनमेंट तैयार कर लिया जाए। अन्यथा बिदुपुर-दिघवारा सड़क को तैयार करने के लिए गंडक पर नए सिरे से पुल का निर्माण किया जाए।

इसका निर्णय डीपीआर बनने के बाद ही लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार रामनगर-कन्हौली सड़क का निर्माण बिहटा के समीप नीचे से किया गया है। वहीं इस सड़क के ऊपर दानापुर-बिहटा एलिवेटेडल कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। शेरपुर-कन्हौली सड़क भी यहीं पर जुड़ेगी। इन तीनों सड़कों का मिलन होने के कारण यहां पर जंक्शन का निर्माण होगा। इसके लिए दो तरह के प्रस्ताव पर विचार हो रहा है। इसमें पहला एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपर और दूसरा एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे जंक्शन का निर्माण किया जाए। इसके लिए डीपीआर तैयार हो रहा है।



# गंगा नदी के तटबंध पर 51 किमी नया रोड बनाएगी बिहार सरकार



**, आरा-बक्सर को जाम से राहत**

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार गंगा नदी के तटबंध पर नया रोड बनाने जा रही है। कोईलवर से बक्सर के बीच में बनने वाली 51 किलोमीटर लंबी यह सड़क न केवल दोनों शहरों के बीच वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराएगी, बल्कि पूरे इलाके को जाम से मुक्ति दिलाने में भी मददगार होगी। दोनों शहरों के बीच 51 किलोमीटर लंबे तटबंध पर इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। इससे आरा और बक्सर के बीच लगने वाले जाम से भी कुछ हद तक राहत मिलेगी।

जल संसाधन विभाग के अनुसार, लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने और नदियों के जलस्तर की निगरानी कड़ी करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। यही नहीं, तटबंध पर सड़क के बनने से तटबंधों के क्षतिग्रस्त हिस्से तक सहजता से पहुंचना भी आसान होगा। साथ ही लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में जाम से मुक्ति मिलेगी। पिछले दिनों विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल ने वहां जाकर स्थल निरीक्षण भी किया। उनके साथ विभाग के आला अधिकारी और विशेषज्ञों की टीम भी थी। बाद में उनके निर्देश पर इसको लेकर कार्ययोजना तैयार की गई।

गंगा नदी पर कोईलवर और बक्सर के बीच 51 किलोमीटर लंबा तटबंध है। यह फिलहाल बहुत अच्छी स्थिति में नहीं है। तटबंध के ऊपर कच्ची पगडंडी जैसी सड़क है। जल संसाधन विभाग ने इस तटबंध को न केवल सुदृढ़ और मजबूत बनाने की योजना बना रहा है, बल्कि इसके ऊपर सड़क के निर्माण की भी योजना है। तटबंध का कालीकरण किया जाएगा।

### 182 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट

जल संसाधन विभाग ने इस तटबंध को सशक्त बनाने और इसके ऊपर सड़क बनाने के लिए 182 करोड़ की योजना मंजूर की है। पिछले दिनों राज्य मंत्रिपरिषद ने भी इस योजना पर अपनी मुहर लगी दी। इस योजना के तहत तटबंध में दो वाहनों के गुजरने लायक सड़क का निर्माण किया जाएगा। भविष्य में सड़क का विस्तारीकरण करने की योजना है।

### पटना से बक्सर जाना होगा आसान

इसके निर्माण से कोईलवर और बक्सर के बीच वैकल्पिक रोड उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही आरा, बिहियां, शाहपुर और डुमरांव के लिए भी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था हो सकेगी। ये शहर भी आपस में वैकल्पिक मार्ग से जुड़ जाएंगे। इससे पूरे इलाके को जाम से भी मुक्ति मिलेगी। सबसे बड़ी बात यह होगी कि पटना से भी बक्सर जाना आसान हो सकेगा। तटबंध पर सड़क बनने से मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक बोझ भी काफी कम होगा।

### अधिकारी नहीं निपटा रहे नीलामवाद के लंबित मामले

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नीलामवाद के लंबित मामलों के निष्पादन में नीलामपत्र पदाधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं। इस कारण वादों का निष्पादन तेजी से नहीं हो पा रहा है। ऐसा तब है जब राजस्व पर्षद से लेकर प्रमंडलीय आयुक्त और डीएम के स्तर से लगातार मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया जा रहा है। इसपर डीएम सुब्रत कुमार सेन ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कुछ को छोड़ दें तो शेष सभी पदाधिकारी के स्तर पर निष्पादन की गति बहुत धीमी है। समीक्षा में पता लगा कि मार्च से लेकर अप्रैल तक निष्पादन का कार्य नहीं के बराबर हुआ है। यह चिंताजनक स्थिति है। वर्ष 2000 से पहले के लंबित वादों का निष्पादन करने का भी लक्ष्य जनवरी तक हर हाल में पूरा करने को कहा गया था, लेकिन वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद भी बड़ी संख्या में मामला लंबित पड़ा हुआ है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलक्ष्मी-नारायण यज्ञ शुरू, उमड़े लोग

**आरा**| स्थानीय प्रखंड अंतर्गत गुलजारपुर गांव में आयोजित श्रीलक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चारण, पंचांग पूजन और अग्नि मंथन के साथ हुआ। यज्ञ के पहले ही दिन क्षेत्रवासियों सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सुबह से ही यज्ञशाला में वैदिक आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण की गूंज सुनाई देने लगी। यज्ञ का संचालन यज्ञाचार्य गोविंदाचार्य जी महाराज की देखरेख में किया जा रहा है। श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### आरा में 16 से 18 मई तक होगी राष्ट्रीय गो प्रतियोगिता

**आरा**। मैना सुंदर धर्मशाला में 16 मई से तीन दिवसीय राष्ट्रीय गो प्रतियोगिता शुरू होगी। यह प्रतियोगिता 18 मई तक चलेगी। इसमें द्वितीय सब-जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय गो प्रतियोगिता के साथ तीसरी सीनियर राष्ट्रीय पेयर गो प्रतियोगिता भी होगी। उद्घाटन समारोह 16 मई को शाम 4 बजे होगा। आयोजन सचिव डॉ. कुमार विजयेश ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के 12 राज्यों से खिलाड़ी और तकनीकी पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों के लिए बड़ा अवसर है। साथ ही गो जैसे बौद्धिक खेल को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम है। डॉ. विजयेश ने बताया कि गो एक प्राचीन खेल है। इसमें रणनीति, धैर्य और गहरी सोच की जरूरत होती है। प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। इससे हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों को मंच मिलेगा।

### श्मशान समिति का वार्षिक अधिवेशन 18 को

**आरा**| श्मशान विकास समिति, गौसगंज आरा का वार्षिक अधिवेशन 18 मई को होगा। इसमें समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। समिति के संस्थापक उमेश सिंह ने यह जानकारी दी। बताया कि अधिवेशन में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में पिछले वर्ष की उपलब्धियों की समीक्षा और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी।

### भाजपा नगर दक्षिणी मंडल की नई कमिटी गठित

**आरा**| भारतीय जनता पार्टी के आरा नगर दक्षिणी मंडल की नई कमिटी की घोषणा गुरुवार को मंडल अध्यक्ष हैप्पी तिवारी ने की। यह कमिटी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी कार्ययोजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से बनाई गई है।नई कमिटी में छह उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें दिनेश सिंह, प्रियांशु दीवान, सुगम सहाय, गुड्डू पासवान, सरोज कुशवाहा और सरोज चंद्रवंशी शामिल हैं। दो महामंत्री नियुक्त मुन्ना सिंह और अश्वनी कुशवाहा बनाये गए। मंत्री पद पर ममता चंद्रवंशी, रिंकू सिंह, रंजू देवी, अंजू गुप्ता, त्रिपुरारी शरण और अमित कुमार "पिंटू" को जिम्मेदारी दी गई है। कोषाध्यक्ष दीपमाला को बनाया गया है। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी पुष्कर मोहित को सौंपी गई है।

### मेहनत करें, पढ़ाई में पैसा नहीं होगा बाधक

**बक्सर**। कुशल युवा केंद्र आर्या कंप्यूटर सेंटर एवं आईआईबीएस बेंगलुरु ने प्रतिभा सम्मान समारोह और कॅरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया। स्थानीय धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक शिवानंद प्रसाद एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि कर किया गया। मौके पर प्रो. डॉ. रास बिहारी शर्मा, जयप्रकाश मिश्रा, अंजू कुमारी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी नीता कुमारी, रिटायर्ड प्रधानाचार्य भगवान दुबे, राधा कृष्ण सिंह आदि थे। संस्था के निदेशक श्री कुमार ने कहा कि विद्यार्थी ही देश के भविष्य हैं। इसलिए आप सभी आज अपना कॅरियर काउंसलिंग कराकर अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए संकल्प लें और मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि बिहार सरकार के स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 4,00000 का सहयोग राशि दिलवाने के लिए वचनबद्ध हूं। आईआईबीएस बेंगलुरु के प्रोफेसर राकेश सिंह एवं दीप सोम ने छात्रों छात्र-छात्राओं को विभिन्न कोर्सों के बारे में बताया और उनके होने वाले फायदाओं से भी अवगत कराया गया कोर्स के साथ-साथ चार विदेशी यात्रा का भी निशुल्क प्रपोजल को भी रखा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर श्री अजय कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। कम खर्च में होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर बनाएं भविष्य, कंप्यूटर की शिक्षा मिलेगी फ्री एसटीएस पटना के डायरेक्टर सुशील झा ने कहा कि होटल मैनेजमेंट का कोर्स जिसकी फी, 400000 और 3 साल का कोर्स का है उसे मात्र 50,000 एवं रहना खाना निशुल्क तथा पॉकेट खर्च के लिए पर प्रतिमाह 5000 देने का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण के उपरांत कम से कम 35000 प्रति माह का वेतन मान पर नौकरी भी मिलेगी। आर्यभट्ट कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक अजय कुमार एवं पत्रकार शैलेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से मां के लिए गीत का प्रस्तुति किया। निदेशक श्री कुमार द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम सफल हुए लगभग 200 छात्राओं को शील्ड एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रज्ञा पाठक, सुप्रिया स्वीटी ने किया।

### दोघरा टोले में कृषि विज्ञान केंद्र ने 65 ग्रामीणों की कराई स्वास्थ्य जांच

**आरा**। कृषि विज्ञान केंद्र, भोजपुर ने मंगलवार को बिहिया के दोघरा टोला में स्वास्थ्य जांच शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के निर्देश पर हुआ। शिविर में कुल 65 ग्रामीणों की जांच की गई। इनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे। जांच में वजन और खून में हीमोग्लोबिन की मात्रा देखी गई। महिलाओं और बच्चों को आयरन, फोलिक एसिड और कैल्शियम की दवाएं दी गईं। जांच कार्य मुख्य चिकित्सक डॉ. मोहम्मद यूसुफ अली की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम प्रभारी सह केवीके की हेड डॉ. शोभा रानी ने पोषण वाटिका की जरूरत और महत्व पर जोर दिया। वैज्ञानिक सुचित्रा वर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि मिलेट्स को रोजाना के भोजन में शामिल करने से शरीर को जरूरी पोषण मिलता है। बागवानी वैज्ञानिक डॉ. विकास सिंह ने मौसम के अनुसार हरी सब्जियों के सेवन की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मौसमी सब्जियों को आहार में शामिल कर पोषण स्तर बेहतर किया जा सकता है। यह कार्यक्रम ग्रामीणों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करने में मददगार रहा।

### नगर पंचायत ब्रह्मपुर के फिर ईओ बनेंगे सतेंद्र वर्मा

**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर नगर पंचायत में हाल ही में हुई प्रशासनिक उठा-पटक ने नगर विकास एवं आवास विभाग की कार्यशैली और निर्णय प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। 30 अप्रैल को विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया कि पर्यवेक्षिका संवर्ग के पदाधिकारियों को उनके विभाग में तत्काल प्रभाव से वापस भेजा जा रहा है। इसी आदेश के आलोक में ब्रह्मपुर नगर पंचायत के तत्कालीन नगर कार्यपालक पदाधिकारी सतेन्द्र प्रसाद वर्मा, जो मूलतः सहकारिता विभाग के पदाधिकारी हैं, को उनके मूल विभाग में वापस भेज दिया गया। इसके पश्चात डुमरांव नगर परिषद के ईओ मनीष कुमार को ब्रह्मपुर नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। स्थिति को स्थायित्व प्रदान करने के लिए ब्रह्मपुर नगर पंचायत की मुख्य पार्षद सुमन देवी एवं नए प्रभारी ईओ की उपस्थिति में बोर्ड की बैठक भी आयोजित की गई। ताकि नगर पंचायत कार्यों में स्थायित्व और निरंतरता बनी रह सके। लेकिन यह स्थिरता अल्पकालिक ही सिद्ध हुई। महज 13 दिनों के भीतर, 13 मई को विभाग के अवर सचिव द्वारा एक नई अधिसूचना जारी कर 30 अप्रैल की अधिसूचना को विलोपित कर दिया गया। इस नवीन आदेश में कहा गया कि पूर्ववर्ती अधिसूचना को विभागीय कार्यहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से रद्द किया जा रहा है। इस नवीन आदेश के जारी होते ही ब्रह्मपुर नगर पंचायत में पुनः सतेन्द्र प्रसाद वर्मा जो सहकारिता विभाग के अधिकारी हैं, उनकी वापसी तय हो गई है।

# 100 किलोमीटर की रफ्तार से स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में युवक की दर्दनाक मौत, ड्राइवर कार सहित फरार

बक्सर में गुरुवार को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। घटनास्थल पर ही उसकी स्थिति गंभीर हो गई, जिसे अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, मौका पाकर हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना में जान गंवाने वाले युवक की पहचान धन्नू राय (25), पुत्र मुन्ना राय निवासी रूपा पोखर (राजपुर थाना क्षेत्र) के रूप में हुई है।

**तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर**: स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बक्सर की ओर से आ रही स्कॉर्पियो करीब 100km की रफ्तार से आ रही थी। उसने सामने से आ रही बाइक को सीधे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक दूर जा गिरा और सड़क पर तड़पता रहा। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल को बक्सर सदर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहराम, पुलिस कर रही जांच**: परिजनों ने बताया कि वह जरूरी कार्य से बक्सर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे और बिलखने लगे। सूचना के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और फरार स्कॉर्पियो चालक की पहचान के प्रयास जारी हैं। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने तेज रफ्तार वाहनों और सुरक्षा व्यवस्था की कमी को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है।

**सड़क सुरक्षा के लिए उठाए ठोस कदमः** घटना के बाद ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखी गई। उन्होंने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम और दुर्घटना संभावित स्थलों पर ट्रैफिक कंट्रोल व्यवस्था की मांग की है।

# भोजपुर जिले में पीट-पीटकर चचेरे भाई को मार डाला

निज संवाददाता। आरा


प्रभा शंकर पांडेय, मृतक

भोजपुर में जमीन विवाद में एक ही परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। युवक ने चचेरे भाई पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। सिर से अधिक खून बहने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रभा शंकर पांडेय(42) के तौर पर हुई है। गांव में दूध-दही बेचने का काम करता था। घटना अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अमेहता गांव की है।

**जान से मारने की धमकी देते थेः** मृतक की पत्नी सुघर देनी ने बताया कि 2009 से पाटीदारों से 17 बीघा जमीन को लेकर केस चल रहा है। अक्सर बच्चों के साथ गाली-गलौज करते थे। विरोध करने पर पति के साथ मारपीट भी करते थे। जान से मारने की धमकी देते थे। मेरे पति शुक्रवार को घर के बाहर खड़े थे। इस दौरान पाटीदारों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। सिर पर बेहरमी से मारा। खून से लथपथ जमीन पर गिरकर छटपटाने लगे। पहले गांव के ही एक डॉक्टर के पास लेकर गए। प्राथमिक उपचार के बाद पीरो अनुमंडलीय अस्पताल लेकर गए। जहां से आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया था, लेकिन पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैः** वहीं, थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता ने बताया कि जमीन को लेकर पहले भी दोनों पक्ष के बीच मारपीट हुई थी। दोनों ओर से आवेदन देकर FIR दर्ज कराई गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गांव पहुंची थी, लेकिन कोई नहीं मिला। सभी फरार हो गए। आवेदन के आधार पर जांच की जा रही है।

# आरा जिले में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

निज संवाददाता। आरा



आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार 3 दोस्तों को रौंद दिया। एक दोस्त की मौत हो गई, 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल ओवर ब्रिज की है। मृतक की पहचान हरनही गांव निवासी लाल बाबू सिंह के पुत्र अनुज कुमार(28) के तौर पर हुई है। पिता ने बताया कि बुधवार को मध्य प्रदेश से एग्जाम देकर घर लौटा था। पटना में रहकार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। गुरुवार को दोस्तों के साथ बाइक से घूमने गया था। घर लौटते समय अज्ञान वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने अनुज को मृत घोषित कर दिया।

**पिता ईंट भट्ठे पर काम करते हैंः** घायल दोनों युवकों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मृतक के पिता इसाढ़ी बाजार स्थित ईंट भट्ठे पर काम करते हैं। घर में मां संध्या देवी, भाई अमित और बहन अर्चना है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भोजपुर में कट्टा के साथ 3 अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



♦ चोरी की 2 बाइक बरामद, पुलिस ने हेरोइन के साथ महिला तस्कर को भी पकड़ा

भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र से पुलिस ने चोरी की 2 बाइक के साथ 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 1 देसी कट्टा भी बरामद हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जोगता गांव से अमरजीत कुमार, नागेंद्र कुमार और आनंद मोहन को पकड़ा है। इनमें से 2 का क्रिमिनल रिकॉर्ड रहा है। चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन बताया कि अमरजीत कुमार हत्या और आर्म्स एक्ट मामले में आरोपी है। कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। नागेंद्र कुमार पर मुफस्सिल और नगर थाना में शराब का केस दर्ज है। इस मामले में जेल भी गया था। गिरफ्तार तीनों बदमाशों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

**हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तारः** इसके अलावा टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ले में छापेमारी कर पुलिस ने हेरोइन के साथ महिला समेत 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। कैश भी बरामद हुआ है। एसपी राज ने इसकी पुष्टि की है। तस्कर की पहचान गौसगंज निवासी कमलेश माली की पत्नी सोनामती देवी और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार निवासी धीरज माली के तौर पर हुई है। एनडीपीएस एक्ट के तहत FIR दर्ज की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कमलेश माली के घर में नशील पदार्थ खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा है। एसपी के आदेश पर मजिस्ट्रेट और पुलिस की संयुक्त टीम ने घर में छापा मारा। तलाशी के दौरान 32.48 ग्राम हेरोइन और 14 हजार 500 रुपए कैश बरामद हुआ। मौके से 2 मोबाइल भी मिला है। तस्करों के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

# बिहार में बसपा 243 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

निज संवाददाता। बक्सर




♦ गठबंधन नहीं करेगी पार्टी, संगठन की ताकत पर होगा भरोसा

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर बड़ा ऐलान किया है। पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी गठबंधन में शामिल नहीं होगी और 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। यह जानकारी बक्सर के एस एस हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक में दी गई।

**'पार्टी की असली ताकत संगठन और समाज है'**: बैठक को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम ने कहा कि बसपा को किसी बैसाखी की जरूरत नहीं है। पार्टी की असली ताकत उसका संगठन और उसका समाज है। यह चुनाव बहन मायावती के मार्गदर्शन में पूरी मजबूती से लड़ा जाएगा।' उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर तैयारी तेज करने का आह्वान किया।

**प्रदेश प्रभारी ने सरकार पर साधा निशानाः** केंद्रीय प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने समीक्षा बैठक में बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'राज्य में शोषित, वंचित, दलित और पिछड़े वर्ग को दबाने की साजिश की जा रही है। माफिया और सामंतवादी ताकतों ने सत्ता पर कब्जा कर लिया है, जबकि डबल इंजन की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।'

**'संविधान से चलने वाली पार्टी है बसपा'**: अनिल कुमार ने कहा कि बसपा संविधान की मूल भावना के अनुरूप काम करती है। उन्होंने कहा कि 'पार्टी का हर कार्यकर्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिए गए संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ने को तैयार है।'

**कार्यकर्ताओं को दिया गया जीत का मंत्रः** बैठक में आगामी चुनावों को लेकर संगठन की रणनीति, प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया, और सामाजिक समीकरणों को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। रामजी गौतम ने कार्यकर्ताओं को सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और संविधान बचाओ अभियान को चुनावी मुद्दा बनाने की सलाह दी।

# आरा में आज 1 घंटे तक कटेगी बिजली

निज संवाददाता। आरा



♦ मेंटेनेंस वर्क और जर्जर तारों को बदला जाएगा, समय से निपटा लें जरूरी काम

आरा शहरी फीडर 3, 4 और कारीसाथ फीडर से आज सुबह 8 बजे से 9 तक बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान मेंटेनेंस और लोड कम करने के लिए कारिसाथ फीडर को दूसरे पावर ट्रांसफार्मर पर शिफ्ट किया जाएगा। पेड़ों की छंटाई की जाएगी। साथ ही पोल और जर्जर तार को ठीक किया जाएगा। ताकि भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। कनीय अभियंता ने उपभोक्ताओं से समय से जरूरी काम निपटाने की अपील की है। काम खत्म होते ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

**इन इलाकों में कटेगी बिजलीः** आरा शहरी फीडर सं-3 के संकटमोचन नगर, न्यू पुलिस लाइन, हाउसिंग, कश्यप नगर, गौतम नगर, चंदवा मोड़, राम नगर, चंदवा टोला, चंदवा गांव, गिरजा मोड़, हाउसिंग मोड़, हाउसिंग कॉलोनी, महावीर नगर, चंदवा टोला BSNL के आसपास क्षेत्र, रामनगर में बिजली कटेगी। आरा शहरी फीडर सं-4 के यूनिवर्सिटी, बजाज शोरूम, न्यू कॉलोनी पकड़ी, पकड़ी चौक, कृषि भवन, क्लब रोड, ब्लॉक रोड, न्यू कॉलोनी पकड़ी, LG शोरूम, मदन जी का हाता, डॉ. जितेन्द्र कुमार के आसपास के इलाकों में सप्लाई बाधित रहेगी। कारीसाथ फीडर के पकड़ियाबर, चौकीपुर, मौलचक, अख्तियारपुर, बामपाली, कौशिक दुलारपुर के इलाकों में बिजली कटेगी।

# मैरेज हॉल में फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के पीसी कॉलेज के पास ज्योति मैरेज हॉल में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से 3 देसी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरज कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से 16 अपराधियों की पहचान की गई थी। पहले 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। 14 मई को मुख्य आरोपी संदीप पासवान उर्फ संदीप स्वराज ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। पूछताछ में संदीप ने बताया कि उसने एक पिस्टल बक्सर के शांतिनगर निवासी अरबाज खान को दी थी। पुलिस ने अरबाज को हिरासत में लिया। अरबाज ने इटाढ़ी गुमटी के पास फ्लाईओवर के नीचे छिपाई पिस्टल, मैग्जीन और कारतूस बरामद कराए। इस मामले में मुफ्फसिल थाने में नया केस दर्ज किया गया है, जिसका कांड संख्या 209/25 है।

# शादी की खरीदारी करने गई मां और बेटी ट्रेन से कटी, मौत, 28 को होनी थी शादी

निज संवाददाता। आरा



शादी की खरीदारी के लिए मार्केटिंग करने के लिए मां-बेटी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मां के साथ मरने वाली युवती की 28 मई को तिलकोत्सव और 2 जून को शादी थी। मृतकों में उदवंत नगर थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी मनोज कुमार की 42 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी और 21 वर्षीय पुत्री रिंकी कुमारी हैं। दोनों बुधवार को घर से करीब 4:30 बजे रिंकी की शादी की खरीदारी के लिए मार्केटिंग करने निकली थी। जीआरपी को दोनों का शव रात में आरा स्टेशन से कुछ दूर बहिरो मोहल्ला के पास रेल पटरी पर डाउन लाइन पर पोल संख्या 590 के 19/20 के पास मिला। दूसरी तरफ रात भर इनका परिवार मौत से अनभिज्ञ रहा और आने के इंतजार में परेशान रहा। गुरुवार को मृतक सुनीता देवी के पास मिले आधार कार्ड से जीआरपी पुलिस ने दोनों शवों की पहचान कर परिजन को घटना की सूचना दिया।

**2 जून को आनी थी रिंकी कुमारी की बरातः** मनोज कुमार ने बताया कि बेटी रिंकी की शादी तय हो चुकी थी। 28 मई को तिलक और 2 जून को बारात आनी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। उसी सिलसिले में बुधवार को शाम में सुनीता पुत्री रिंकी के साथ सामान खरीदने के लिए बाजार गई थी। परिजन दोनों के लौटने का इंतजार करते रहे। देर रात तक कोई खबर नहीं मिली, मान लिया कि मां-बेटी किसी रिश्तेदार के घर रूकी होंगी। गुरुवार सुबह जीआरपी ने मौत की सूचना दी। इसके बाद हमलोग सदर अस्पताल पहुंचे । भाजपा नेता रामदीनेश यादव ने बताया कि घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। पोस्टमार्टम से मौत का कारण पता लगेगा जीआरपी के थानाध्यक्ष ने बताया कि बुधवार को थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों पर ट्रेन से कटने से मां बेटी और एक पुरुष की मौत हुई। घटना बुधवार की रात में करीब 9 बजे के आसपास की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तीनों शवों को घटना स्थल से लाकर थाना पर रख दिया गया। गुरुवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए गये। शव देखने से लगा कि किसी ट्रेन से कटने के कारण मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण का पता लगेगा। पुलिस ने दोनों घटना में यूडी केस दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीबीआरसी : सीबीएसई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**गया।** ज्ञान भारती आवासीय परिसर में 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भव्य स्वागत समारोह हुआ। कार्यक्रम विद्यालय के राधाकृष्णन हॉल में आयोजित किया गया। 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक और 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों का सम्मान किया गया। इन विद्यार्थियों ने स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार ने सभी मेधावी छात्रों को स्कूल की रिब्बिन देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का नतीजा है। छात्रों ने भी अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के अनुशासित माहौल, नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय का कुल परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 10वीं में 40 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। 12वीं में 30 प्रतिशत छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

### पीड़ित परिवार से मिले हम सेक्युलर के नेतागण

**गया।** जिले के वजीरगंज प्रखंड के हशरा गांव निवासी भोला मांझी का आकस्मिक निधन पर 15 मई को हो गया था। गुरुवार को हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के नेताओं ने उनके घर पहुंच शोक संतृप्त परिवार से मुलाकात की। सभी ने परिजनों को ढांढस दिया। मौके पर जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी, जिला उपाध्यक्ष सुधीर यादव, जिला महासचिव सुनील आदि मौजूद थे।

### 17 को निकलने वाली तिरंगा यात्रा पर बैठक में हुई चर्चा

**गया।** शहर के अतिथि गृह में गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, गया जिले के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें सेना के सम्मान में शनिवार को निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता गया जिला भाजपा पूर्वी के अध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने की। बताया गया कि 17 मई की शाम चार बजे शहर के आजाद पार्क से तिरंगा यात्रा निकलेगी और आंबेडकर पार्क (समाहरणालय) तक जाएगी। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल देश की सेना को सम्मान दिया जाएगा और इस ऑपरेशन में शहीद हुए बिहार के दो सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बैठक में प्रदेश के भाजपा नेता धनराज शर्मा, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, विनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिन्हा, विकास कुमार, मिलता रजक, जिला मंत्री मुन्नी लाल, मीडिया प्रभारी रणजीत सिंह, प्रशांत चंद्रवंशी, हम पार्टी जिला अध्यक्ष नारायण मांझी, मधुसूदन राय आदि मौजूद थे।

### मां मंगला आईटीआई में कैंपस सलेक्शन कल

**गया।** मां मंगला आईटीआई घुघरीटांड़ गया में शनिवार को पिस्टन निर्माता कंपनी श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड पथरेड़ी राजस्थान के द्वारा कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया जाएगा। 10वीं, 12वीं या आईटीआई पास बच्चे कैंपस सलेक्शन में शामिल हो सकते हैं। छात्र को अपने साथ सभी मैट्रिक व आईटीआई का मार्कशीट, आधार कार्ड, बैंक पासबुक पैन कार्ड की छायाप्रति लेकर आना होगा। प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज रितेश कुमार सिन्हा ने ये जानकारी दी है। छात्रों का चयन रिटेन व इंटरव्यू के बाद होगा। सभी चयनित छात्रों की नियुक्ति कंपनी के प्लांट पथरेड़ी राजस्थान में होगी। उन्हें प्रतिमाह वेतन के साथ दो जोड़ी यूनिफॉर्म, एक जोड़ी सेफ्टी शू, एक टाइम चाय स्नेक्स, बोनस और लीव की सुविधा निःशुल्क मिलेगी।

### शादी में शामिल महिला लाखों का जेवर ले फरार

**बिहारशरीफ।** नगर थाना क्षेत्र के बाबा मणिराम अखाड़ा से शातिर महिला रिश्तेदार बन शादी में शामिल होकर दुल्हन का लाखों का जेवर व एक मोबाइल लेकर फरार हो गई। पीड़ित मानपुर थाना क्षेत्र के कुटीनिया निवासी उदय कुमार ने एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वरीय अधिकारी को दिए आवेदन में शातिर महिला की फोटो भी संलग्न किया गया है। चोरी हुई संपत्ति की अनुमानित कीमत साढ़े तीन लाख बताई जा रही है। पीड़ित उदय कुमार ने बताया कि 11 मई को उनकी शादी बाबा मणिराम अखाड़ा पर हो रही थी। शादी में एक महिला शामिल हो गई। वर पक्ष को लगा कि महिला वधू पक्ष की है। 12 मई की सुबह दुल्हन की विदाई हो रही थी। वधू का जेवर व एक मोबाइल बैग में रखा था। दूल्हा-दुल्हन विदाई के पहले मंदिर में मत्था टेकने गए। इस दौरान एक रिश्तेदार को जेवर का बैग रखने दिया गया था। रिश्तेदार से महिला ने कहा कि आप जाकर दूल्हा-दुल्हन को जल्दी मत्था टेकवाएं। मैं बैग रखती हूं। रिश्तेदार ने वधू पक्ष का रिश्तेदार समझ शातिर महिला को जेवर रखा बैग दे दिया।

### नदी से मिली युवती की लाश, पुलिस जांच शुरू

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना पुलिस ने हरियरपुर महुआबाद गांव स्थित पंचाने नदी से गुरुवार को 25 वर्षीया अज्ञात युवती का शव बरामद किया। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर शव बरामद किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पीएम के बाद शव को पहचान के लिए सदर अस्पताल में रखा गया है।

# बोधगया में बौद्ध भिक्षु बनकर रह रहा बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



◆ स्लीपिंग बुद्धा टेंपल से पुलिस ने पकड़ा, अरुणाचल प्रदेश से बनवाया फर्जी आधार कार्ड मिला

बोधगया के स्लीपिंग बुद्धा टेंपल से एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह पिछले 15 दिनों से बौध भिक्षु के वेश में रह रहा था। गिरफ्तार बांग्लादेशी की पहचान पवन कांती बरूआ (62) के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के इमामी जिले के काठखाली थाना क्षेत्र के जुनुमा छड़ा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध बांग्लादेशी के पास भारत में प्रवेश के लिए न वीजा था, न ही पासपोर्ट। वह अवैध दस्तावेज की मदद से एक महीने पहले भारत में घुसा था। पुलिस को बुधवार की रात गुप्त सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से फर्जी आधार कार्ड मिला है। जानकारी के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश में फर्जी तरीके से उसने आधार कार्ड बनवाया, जिसमें उसने खुद को लोहित जिले के चौखाम क्षेत्र के प्रोपुल चकमा का नागरिक बताया था। इसके बाद बुद्ध जयंती के अवसर पर बोधगया आकर स्लीपिंग बुद्धा टेंपल के कैंपस में रहने लगा था। फिलहाल पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

**केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां कर रही जांचः** गया पुलिस ने गिरफ्तार बांग्लादेशी से पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम पवन कांती बरूआ और बांग्लादेश का नागरिक बताया है। यह भी बताया कि अवैध रूप से भारत में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विदेशी नागरिक अधिनियम और अन्य धाराओं में FIR दर्ज कर जेल भेज दिया है। वहीं, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। एजेंसियां भारत में आने की मंशा और नेटवर्क की जांच कर रही है।

**स्लीपिंग बुद्धा टेंपल इंचार्ज पर भी गंभीर आरोपः** बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया, 'स्लीपिंग बुद्धा टेंपल के इंचार्ज आर्य पाल पर पहले से केस दर्ज है। उसपर एक स्थानीय दुकानदार अनुज कुमार गुप्ता पर जानलेवा हमला किया था।' 'इसके अलावा महाबोधि मंदिर के पास मुक्ति आंदोलन के दौरान मारपीट और गाली-गलौज के मामले में भी नामजद आरोपी है।' 'आर्य पाल आंदोलनकारियों के साथ मिलकर धर्म विशेष पर टिप्पणी कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहा था। पुलिस उनकी भी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।'

# 7 साल बाद जहानाबाद मध्य प्रदेश सुरेंद्र यादव दोष मुक्त

निज संवाददाता। गया



जहानाबाद सांसद सुरेंद्र यादव को कोर्ट ने बरी कर दिया है। उनपर रेप पीड़िता और उसकी नाबालिग बेटी की पहचान सार्वजनिक करने का आरोप था। मामला 14 जून 2018 का है। एक ग्रामीण चिकित्सक अपनी पत्नी और बेटी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में कुछ अपराधियों ने गुरारू प्रखंड के कोंच थाना सोनडीहा के पास उनकी पत्नी से गैंगरेप और बेटी के साथ छेड़खानी की थी। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने 6 लड़कों को पड़का। उनकी परेड कराई गई थी। घटना के अगले दिन पीड़िता और उसकी बेटी को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था। उसी दौरान तत्कालीन बेलागंज विधायक और वर्तमान सांसद सुरेंद्र यादव अपने सहयोगियों के साथ अस्पताल पहुंचे थे। आरोप है कि उन्होंने मीडिया के सामने पीड़िता की पहचान उजागर कर दी थी, जिससे निजता का उल्लंघन हुआ था।

**पर्याप्त सबूत नहीं मिलेः** तत्कालीन एसएसपी राजीव मिश्रा के आदेश पर पुलिस ने सुरेंद्र यादव और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। मामला कोर्ट में चल रहा था। करीब 7 साल तक केस चला। इस दौरान 6 गवाहों की गवाही हुई। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता रजनीश सिंह ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि एडीजे-6 की अदालत ने सभी तथ्यों और गवाहों के आधार पर सुरेंद्र यादव और अन्य को दोषमुक्त कर दिया है। कोर्ट ने माना कि उनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले। इस फैसले के बाद सुरेंद्र यादव ने भी न्यायपालिका के प्रति आभार जताया है।

## गया में पिकअप से 135 डिब्बा स्प्रिट बरामद

निज संवाददाता। गया



◆ झारखंड से लाई जा रही थी खेप, सीवान में डिलीवरी होनी थी, ड्राइवर गिरफ्तार

गया के बेलागंज थाना क्षेत्र में पिकअप से प्रतिबंधित 135 डिब्बा स्प्रिट बरामद हुआ है। मौके से ड्राइवर की गिरफ्तार हुई है। झारखंड के चाईबासा से खेप लाई जा रही थी। सीवान में डिलीवरी होनी थी। अवैध शराब बनाने में स्प्रिट का इस्तेमाल होना था।

**आरोपी से पूछताछ की जा रही हैः** थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गुरुवार को तस्करी की सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर पेट्रोल पंप के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक संदिग्ध पिकअप( JH 10 BR 7810) को तलाशी के लिए रोका। बीस लीटर वाले 135 डिब्बे में स्प्रिट को रखा था। सभी सील बंद थे। ड्राइवर से स्प्रिट से संबंधित वैध कागजात की मांग की गई, लेकिन उसके पास दिखाने के लिए कुछ भी नहीं था। कोई पेपर नहीं दिखा सका। जिसके बाद स्प्रिट को जब्त कर लिया गया। इस धंधे में और कौन-कौन शामिल है। कहां-कहां डिलीवरी होनी थी। ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया जाएगा।

# नालंदा जिले में 19 मई को रोजगार मेला

निज संवाददाता। नालंदा




◆ 20 कंपनियों में 1500 रिक्तियों को भरा जाएगा, 8वीं पास कैंडिडेट्स भी कर सकते हैं आवेदन

नालंदा जिले में 19 मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजनालय, श्रम संसाधन विभाग की ओर से आयोजित एक दिवसीय मेले में प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए 1500 रिक्तियों को भरा जाएगा। रोजगार मेला राजगीर स्थित मेला मैदान में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी जिलों के उम्मीदवारों को एक ही स्थान पर रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

**रोजगार मेले में प्रमुख कंपनियांः** मेले में भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में एमआरएफ, क्वेस कॉर्प (टाटा मोटर्स), डिलीवरी लिमिटेड, जोमैटो, विशाल मेगा मार्ट (विशेष रूप से दिव्यांगों के लिए), स्विगी, फ्यूजन फाइनेंस, एल एंड टी कंस्ट्रक्शन, सन्वी ग्रीन टेक, वेलस्पन इंडिया और पीएम एंटरप्राइजेज शामिल है। उम्मीदवारों के पास 8वीं,10वीं, केवाईपी, इंटरमीडिएट, स्नातक, पीजी, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, एमबीए, पीएचडी की शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए।

**पंजीकरण प्रक्रियाः** जिला नियोजन पदाधिकारी की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, भाग लेने वाले आवेदकों को राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। इस पोर्टल पर निकटतम जिला नियोजनालय, नालंदा अथवा नियोजन मेला केंद्र चुनकर अपना विवरण दर्ज कर सकते हैं। उम्मीदवारों को पासपोर्ट साइज फोटो, मार्कशीट और सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति अपने साथ अवश्य रखनी होगी। यह मेला विशेष रूप से युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलने का एक सुनहरा अवसर है। आयोजकों के अनुसार मेला में भाग लेना निशुल्क है और प्रवेश के लिए किसी भी प्रकार के शुल्क का भुगतान नहीं करना है। नौकरी पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को समय पर पहुंचने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की सलाह दी गई है।

**रोजगार मेले में 20 कंपनियां आएंगीः** जिला नियोजन पदाधिकारी अंकित राज ने बताया कि इस रोजगार मेले से बिहार के युवाओं को अपने कौशल और योग्यता के अनुसार नौकरी प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। जिससे राज्य में बेरोजगारी की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। रोजगार मेले में स्थानीय और बाहर की लगभग 20 कंपनियां हिस्सा लेगी। अधिक जानकारी के लिए 06112359276 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सीजफायर, पहलगाम और ट्रंप पर अलका लामा ने की चर्चा

**गया।** गया में कांग्रेस का "शिक्षा न्याय संवाद" कार्यक्रम गुरुवार को हुआ। इसमें शिक्षा की बात नहीं की गई। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा वजीरगंज में आयोजित शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में मंच से करीब 40 मिनट तक जमकर गरजीं, पर शिक्षा पर मुश्किल से दो पंक्तियां बोलीं। मंच पर पहुंची अलका लांबा का भाषण इंदिरा गांधी से शुरू हुआ, फिर जम्मू-कश्मीर, पुलवामा, पहलगाम, सीजफायर, ट्रम्प और भाजपा सांसद की सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी पर केंद्रित हो गया। उन्होंने भाजपा मंत्री विजय शाह के बयान को शर्मनाक बताया और कहा कि पहलगाम के आतंकी कहां गायब हो गए। क्या किया गया उनके साथ। यहां तक की उन्होंने प्रधानमंत्री को लीडर नहीं डीलर कहा है। अलका लांबा ने कहा कि राष्ट्रीय मुद्दों पर बोलना भी जरूरी है।

## एनएसएस शिविर में पौधरोपण, स्वास्थ्य जागरुकता और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**टिकारी।** स्थानीय अंगीभूत एसएन सिन्हा कॉलेज में बुधवार से शुरू हुए एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन परिसर में पौधरोपण किया गया। छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य जागरुकता से जुड़ी कई अहम जानकारियां दी गईं। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

## जिससे शादी तय हुई, उसी पर दुष्कर्म का आरोप

**नालंदा।** नालंदा में किशोरी के साथ रेप हुआ है। जिस लड़के ने दरिंदगी की उससे किशोरी की शादी तय थी। 40 हजार रुपए दहेज और एक अंगूठी की बात हुई थी, पर आरोपी शादी से मुकर गया था। पीड़ित परिवार ने थाने में आरोपी के खिलाफ आवेदन दिया है। आवेदन में बताया गया है कि 12 मई को आरोपी तमिष्क किशोरी को घुमाने ले गया था। एक निजी होटल में कोल्ड ड्रिंक में नशीला दवा मिलाकर पिला दिया था। किशोरी के बेहोश होने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद उसे होश में लाने के लिए उसके मुंह पर पानी छिड़का। होश आने के बाद बिहारशरीफ में छोड़कर फरार हो गया। घटना चंडी थाना क्षेत्र की है। जान से मारने की धमकी भी दीः जान से पीड़िता के पिता ने बताया कि आरोपी ने मेरी बेटी को धमकी दी थी कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने डर और सदमे के बावजूद अपने परिवार को पूरी घटना बताई, जिसके बाद उसके चंडी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि आरोपी झारखंड के धनबाद का रहने वाला है। जो माधोपुर में अपने ननिहाल में रह रहा था।

### गया के युवाओं ने स्पोर्ट्स स्पेसिफिक वॉलिंट्रिंग में दिखाया अपना दमखम

**गया।** बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत दस दिवसीय प्रतियोगिता का समापन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लेकिन जो बात सबसे अधिक प्रभावित करने वाली रही, वह थी, बिहार के गया जिले के युवाओं की सक्रिय और उत्कृष्ट सहभागिता। इन युवाओं ने 'स्पोर्ट्स स्पेसिफिक वॉलिंटियरिंग' के माध्यम से पूरे आयोजन के संचालन को अनुशासित, व्यवस्थित और सफल बनाया। इस अवसर पर डॉ. सुमेश पी.बी. उपाध्यक्ष द इंडियन कलारीपट्टू फेडरेशन एवं प्रतियोगिता प्रबंधक खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 ने गया के युवाओं की सराहना करते हुए कहा, गया के युवाओं ने जिस समर्पण और दक्षता से कार्य किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने जिस तरह आयोजन की हर जिम्मेदारी को निभाया, उससे न केवल खेल का स्तर ऊँचा हुआ।


**आसनसोल मंडल के तहत 'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट' (एसटीबीए) की नियुक्ति**

**निविदा सूचना सं. सी.5/सिलेक्शन/एसटीबीए-06/एएसएन/25 दिनांक 16.05.2025** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के तहत नीचे वर्णित **एक (01) 'एनएसजी-5' और पाँच (05) 'एनएसजी-6' कैटेगरी** स्टेशनों पर स्टेशन मास्टर/उप स्टेशन मास्टर के निरीक्षण के अधीन वर्तमान काउंटरों से कंप्यूटरीकृत 'अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम' (यूटीएस) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु **तीन (03) वर्ष की अवधि** के लिए 'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट' (एसटीबीए) का परिचालन अनुबंध प्रदान करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं., स्थान और कैटेगरी** निम्नानुसार हैं :**1.** लाहाबन, एनएसजी-6, **2.** बासुकीनाथ, एनएसजी-5, **3.** मुगमा, एनएसजी-6, **4.** सालानपुर, एनएसजी-6, **5.** बाराचक, एनएसजी-6 **और 6.** घोरमारा, एनएसजी-6, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) और बयाना राशि जमाः (क): निविदा प्रपत्र/कागजात का मूल्यः** रु.1,120/- (रुपये एक हजार एक सौ बीस मात्र) (रु.1,000 + 12% जीएसटी) (अप्रतिदेय)। **(ख) बयाना राशि जमाः** एनएसजी-5 कैटेगरी स्टेशनों के लिए रु.5,000/- (रुपये पाँच हजार) और एनएसजी-6 कैटेगरी स्टेशनों के लिए रु.2,000/-(रुपये दो हजार) । निविदा प्रपत्र/कागजात का मूल्य (यदि वेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है) एवं बयाना राशि जमा (ईएमडी) पृथक रूप में 'एफ एंड सीएओ' पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से जारी डिमांड ड्राफ्ट/बैंक पे ऑर्डर के रूप में जमा किए जाएंगे एवं आवेदन के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे। बयाना राशि जमा और निविदा प्रपत्र की लागत के बिना जमा आवेदन तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। **कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता हैः** बुकिंग सुपरवाइजर/आसनसोल द्वारा रु. 1,120/-(रुपये एक हजार एक सौ बीस मात्र) (रु.1,000 + 12% जीएसटी) (अप्रतिदेय) की जारी मूल राशि रसीद की प्रस्तुति पर निविदा प्रपत्र/कागजात वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, आसनसोल के कार्यालय से **दिनांक 20.05.2025 से 16.06.2025 तक 11.00 बजे से 16.00 बजे** के बीच शनिवार, रविवार एवं छुट्टी के दिनों को छोड़कर उपलब्ध होगा। **निविदा जमा करने की तिथि और समय एवं निविदा का खुलनाः निविदा जमा करने की तिथि और समयः दिनांक 26.05.2025 से 16.06.2025 तक कामकाजी घंटों के दौरान एवं दिनांक 17.06.2025 को 14.00 बजे तक (शनिवार, रविवार एवं छुट्टी के दिनों को छोड़कर)।** यदि निविदा प्रपत्र/कागजात डाक द्वारा भेजा जाता है तो आवेदन इस कार्यालय में दिनांक 17.06.2025 को 14.00 बजे तक पहुँच जाना चाहिए। किसी डाक विलंब के लिए रेल प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः दिनांक 17.06.2025 को 16.00 बजे।** यदि निविदा के खुलने की तिथि तो किसी अनजान कारण से छुट्टी/बंदी पड़ जाती है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को उसी समय खोली जाएगी।

**वेबसाइट का वर्णन एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता हैः** निविदा प्रपत्र/कागजात रेलवे की वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से दिनांक 20.05.2025 के 11.00 बजे से 16.06.2025 को 23.59 बजे तक डाउनलोड किया जा सकता है। किसी प्रकार की पूछताछ के लिए, कृपया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय, डीआरएम कार्यालय, पूर्व रेलवे, आसनसोल से किसी भी कार्यदिवस को 11.00 बजे से 17.00 बजे के बीच संपर्क करें।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम/सी एंड वी/न्यू अलॉटमेंट/एमपीएस/2021, हावड़ा, दिनांकः 15.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए 'ए' कैटेगरी स्टेशनों पर 01 मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस), 'बी' कैटेगरी स्टेशनों पर 02 मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस), 'सी' कैटेगरी स्टेशनों पर 57 मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) और 'डी' कैटेगरी स्टेशनों पर 01 मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) के आवंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। नीलामी का विवरणः **ऑक्शन कैटलॉग सं.:एमपीएस-जेयूएन02-25, क्रम सं.; लॉट सं./कैटेगरी; विवरण; अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैंः : **एए/1**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीपीई-एमपीएस-8-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 12.30 बजे; **एए/2**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएनटी-एमपीएस-79-24-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); 05 वर्षों के लिए मल्टी परपज स्टॉल (जीएमयू-जनरल), अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 12.40 बजे; **एए/3**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-सीडीई-एमपीएस-26-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 12.50 बजे; **एए/4**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एलओके-एमपीएस-37-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 13.00 बजे; **एए/5**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीएसएई-एमपीएस-44-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 13.10 बजे; **एए/6**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-आसएसएलआर-एमपीएस-45-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 13.20 बजे; **एए/7**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीसीजीएम-एमपीएस-57-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 13.30 बजे; **एए/8**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एमपीएस-83-24-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); 05 वर्षों के लिए मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस), अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 13.40 बजे; **एए/9**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एमपीएस-84-24-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); 05 वर्षों के लिए मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस), आरक्षित; 02.06.2025 को 13.50 बजे; **एए/10**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीएफ-एमपीएस-20-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 14.00 बजे; **एए/11**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एलकेएक्स-एमपीएस-62-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 14.10 बजे; **एए/12**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएमएई-एमपीएस-67-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 14.20 बजे; **एए/13**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएसएई-एमपीएस-7-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 14.30 बजे; **एए/14**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचएलए-एमपीएस-9-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 14.40 बजे; **एए/15**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमयूजी-एमपीएस-17-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 14.50 बजे; **एए/16**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीबीपी-एमपीएस-58-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 15.00 बजे; **एए/17**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएएचडब्ल्यू-एमपीएस-3-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 15.10 बजे; **एए/18**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एचआईएच-एमपीएस-13-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 15.20 बजे; **एए/19**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएमएई-एमपीएस-25-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 15.30 बजे; **एए/20**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एचवाईजी-एमपीएस-31-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 15.40 बजे; **एए/21**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केएमएई-एमपीएस-36-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 15.50 बजे; **एए/22**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमएवाईपी-एमपीएस-39-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 16.00 बजे; **एए/23**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीआरएई-एमपीएस-42-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 16.10 बजे; **एए/24**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीईए-एमपीएस-59-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 16.20 बजे; **एए/25**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएचबीसी-एमपीएस-68-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 16.30 बजे; **एए/26**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-एमपीएस-75-25-2(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); 05 वर्षों के लिए मल्टी परपज स्टॉल, आरक्षित; 02.06.2025 को 16.40 बजे; **एए/27**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीएलएई-एमपीएस-18-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 16.50 बजे; **एए/28**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेआरएई-एमपीएस-34-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 17.00 बजे; **एए/29**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केजेयू-एमपीएस-61-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 17.10 बजे; **एए/30**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एनकेएल-एमपीएस-64-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 17.20 बजे; **एए/31**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीक्यूवाई-एमपीएस-10-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 02.06.2025 को 17.30 बजे; **एए/32**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीओआई-एमपीएस-21-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 17.40 बजे; **एए/33**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेआईटी-एमपीएस-35-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 17.50 बजे; **एए/34**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमबीई-एमपीएस-40-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 02.06.2025 को 18.00 बजे; **एए/35**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसकेजी-एमपीएस-55-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 10.30 बजे; **एए/36**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-एमपीएस-77-24-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); 05 वर्षों के लिए मल्टी परपज स्टॉल (एसएमयू एससी), आरक्षित; 03.06.2025 को 10.40 बजे; **एए/37**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-एमपीएस-72-24-3(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); 05 वर्षों के लिए मल्टी परपज स्टॉल, आरक्षित; 03.06.2025 को 10.50 बजे; **एए/38**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केकेएई-एमपीएस-15-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 11.00 बजे; **एए/39**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीएमएलई-एमपीएस-27-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 03.06.2025 को 11.10 बजे; **एए/40**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएलजी-एमपीएस-46-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 03.06.2025 को 11.20 बजे; **एए/41**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएफजेड-एमपीएस-50-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 11.30 बजे; **एए/42**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेपीक्यू-एमपीएस-52-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 11.40 बजे; **एए/43**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसओएई-एमपीएस-56-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 11.50 बजे; **एए/44**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमडीएसई-एमपीएस-63-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 12.00 बजे; **एए/45**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीबीजेड-एमपीएस-66-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 12.10 बजे; **एए/46**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-टीएके-एमपीएस-74-24-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); 05 वर्षों के लिए मल्टी परपज स्टॉल, आरक्षित; 03.06.2025 को 12.20 बजे; **एए/47**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एडीएसटी-एमपीएस-2-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 12.30 बजे; **एए/48**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीएई-एमपीएस-4-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 12.40 बजे; **एए/49**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीएनए-एमपीएस-6-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 12.50 बजे; **एए/50**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीएफएई-एमपीएस-11-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 13.00 बजे; **एए/51**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एजीएई-एमपीएस-19-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 03.06.2025 को 13.10 बजे; **एए/52**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएल-एमपीएस-24-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 03.06.2025 को 13.20 बजे; **एए/53**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीपीएई-एमपीएस-29-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 03.06.2025 को 13.30 बजे; **एए/54**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीटीएई-एमपीएस-32-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 03.06.2025 को 13.40 बजे; **एए/55**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एनबीएई-एमपीएस-41-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 03.06.2025 को 13.50 बजे; **एए/56**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीटीएई-एमपीएस-43-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 03.06.2025 को 14.00 बजे; **एए/57**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-टीएलओ-एमपीएस-49-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सबके लिए खुला; 03.06.2025 को 14.10 बजे; **एए/58**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीएचएई-एमपीएस-51-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 14.20 बजे; **एए/59**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीआरए-एमपीएस-53-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 14.30 बजे; **एए/60**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीआरएई-एमपीएस-60-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 14.40 बजे; **एए/61**; एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-एमपीएस-14-23-1(एमपीएस-मल्टी परपज स्टॉल); मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, आरक्षित; 03.06.2025 को 14.50 बजे। **रेट यूनिटः** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क (एए/1 से एए/61 प्रत्येक हेतु)। **ट्रिप/दिनः** 1826 (एए/1 से एए/61 प्रत्येक हेतु)। **न्यूनतम वृद्धि (%)ः** 0.2 (एए/1 से एए/61 प्रत्येक हेतु)। **ईएमडी** : 10% (एए/1 से एए/61 प्रत्येक हेतु)। **अपेक्षित टर्नओवर** : 0 (एए/1 से एए/61 प्रत्येक हेतु)। HWH-86/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### थरूर की राह पर चिदंबरम?

## पहले भारत-पाक सीजफायर का बचाव, अब इंडिया गठबंधन पर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के कद्दावर नेता शशि थरूर इन दिनों नरेंद्र मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कई मौकों पर दिखे हैं। इसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने भी कुछ ऐसा ही रुख अपनाया था। चिदंबरम ने हाल ही में एक अंग्रेजी अखबार में लेख लिखकर ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर केंद्र सरकार के फैसलों की सराहना की है। इससे एक कदम और आगे बढ़ते हुए उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तैयार विपक्षी एकजुटता (इंडिया गठबंधन) के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर दिया। उनके इस कदम के बाद सियासी गलियारे में अटकलों का



बाजार गर्म हो गया है। चिदंबरम ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन की स्थिरता पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं कि यह गठबंधन अभी भी बरकरार है। उन्होंने यह टिप्पणी दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में की। चिदंबरम ने कहा, इस किताब के लेखर मृत्युंजय सिंह यादव का मानना है कि इंडिया गठबंधन अब भी कायम है। इस बात पर मुझे यकीन नहीं है। शायद सलमान खुर्शीद इसका जवाब दे सकते हैं, क्योंकि वह इंडिया गठबंधन की बातचीत टीम का हिस्सा थे। अगर गठबंधन पूरी तरह कायम है तो मुझे बहुत खुशी है, लेकिन यह बहुत मजबूत नहीं लगता। हालांकि इसे अभी भी जोड़ा जा सकता है, समय है, घटनाएं अभी और घटेंगी।

## मणिपुर में भाजपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन खबरों को बताया अफवाह

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में बीते 3 महीने से लागू राष्ट्रपति शासन के बीच बीते दिनों यह खबर सामने आई थी कि राज्य में अब भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की गठबंधन की सरकार बन सकती है। अब बीजेपी ने इस खबर पर प्रतिक्रिया जारी की है। भाजपा ने हिंसाग्रस्त राज्य में कांग्रेस के साथ सरकार बनाने की अटकलों को स्पष्ट रूप से खारिज किया है। पार्टी ने इस तरह की अफवाहों को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए चेतावनी भी जारी की है। गुरुवार को बीजेपी नेता एल देबेन सिंह एक बयान



जारी कर कहा, भाजपा इस तरह की निराधार खबरों के प्रसार की कड़ी निंदा करती है और भविष्य में इसे दोहराने के खिलाफ चेतावनी देती है। भाजपा के सभी विधायक पार्टी के साथ बने रहेंगे और किसी भी परिस्थिति में भाजपा कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सरकार नहीं बनाएगी।

**अभिव्यक्ति की आजादी का गलत इस्तेमाल मत करिए-** बता दें कि स्थानीय समाचार चैनलों और सोशल मीडिया पर इस तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि भाजपा और कांग्रेस के विधायकों का एक समूह राज्य में नई सरकार बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद पार्टी ने मीडिया आउटलेट्स और अन्य लोगों से अपील की है कि वे इस तरह की जानकारी प्रसारित करके अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का दुरुपयोग न करें। बयान में कहा गया, इस तरह की अफवाहें गैर-जिम्मेदाराना हैं और इससे मणिपुर की स्थिति और खराब हो सकती है।

# छत्तीसगढ़ में पकड़ाई बांग्लादेशी महिला

### हिंदू नाम बताकर रह रही थी, कई बार सीमा पार भी होकर आई

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से पुलिस ने एक बांग्लादेशी मुस्लिम महिला को गिरफ्तार किया है, जो कि यहां नाम हिंदू नाम रखकर अवैध रूप से रह रही थी। मामले की जानकारी देते हुए गुरुवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला को जिले के सुपेला थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जहां पर वह नाम बदलकर रह रही थी। उसने अपनी पहचान काकोली घोष उर्फ अंजलि सिंह के रूप में बताई थी। जबकि उसका असली नाम पन्ना बीबी (25) है, जो कि बांग्लादेश के खुलना जिले के दिधिरपार की रहने वाली है। पुलिस ने बताया कि वह दिल्ली से आई थी, जहां पर वह करीब एक साल रही थी।

पुलिस जांच के दौरान और महिला की कॉल डिटेल्स से पता चला कि पिछले दो साल से यहां रह रही महिला ना केवल कई बार बांग्लादेश होकर आ चुकी थी, बल्कि बांग्लादेश के लगभग एक दर्जन से ज्यादा मोबाइल नंबरों से लगातार संपर्क में भी थी। महिला के पास पुलिस को जो आधार कार्ड मिला वह भी फर्जी निकला है।

दुर्ग के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में अवैध रूप से घुसपैठ करके आए बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुर्ग जिले में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया गया है।

बुधवार 14 मई को एसटीएफ को जानकारी मिली कि सुपेला के नेहरू रोड इलाके में सूरज साव के मकान में बांग्लादेश की एक महिला अपनी मूल पहचान छुपाते हुए काकोली घोष उर्फ अंजली सिंह के नाम से रह रही है।



सूचना मिलते ही एसटीएफ ने उस जगह पर जाकर दबिश देते हुए महिला को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अंजली सिंह बताया और कहा कि वह पूर्वी दिल्ली, नांगलोई की रहने वाली है। पहचान साबित करने के लिए उसने अंजली सिंह के नाम से बना अपना आधार कार्ड भी दिखाया, जो पुलिस को संदिग्ध लगा और जांच में फर्जी पाया गया। इसके बाद जब पुलिस ने महिला से सख्ती से पूछताछ की तो सबकुछ उगल दिया। उसने अपना असली नाम पन्ना बीवी और पिता का नाम अब्दुल रऊफ बताया।

### भिलाई में रहते हुए कई बार बांग्लादेश होकर आई थी महिला

अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि भारत में रहने के दौरान पन्ना बीबी भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पारकर कई बार बांग्लादेश स्थित अपने मूल घर भी गई थी। जब पुलिस ने महिला के मोबाइल की जांच की तो पाया गया कि महिला ने अपने मोबाइल फोन से बांग्लादेश के लगभग एक दर्जन से ज्यादा मोबाइल नंबरों पर (पिता, भाई, बहन एवं अन्य रिश्तेदारों) लगातार बात की है और वह लगातार उनके संपर्क में थी। महिला ने पुलिस को जो आधार कार्ड दिखाया था वह भी फर्जी था तथा उसे भी छेड़छाड़ करके बनाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने महिला को विदेशी विषयक अधिनियम 1946, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 तथा भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मकान मालिक द्वारा किरायेदार के संबंध में किसी प्रकार की सूचना थाने में नहीं दी गई थी, जिसके बाद पुलिस भी मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## मथुरा जेल में आईपीएल की तर्ज पर बंदियों के बीच हुई क्रिकेट चैंपियन लीग

### नाइट राइडर्स बना विजेता

**मथुरा , एजेंसी।** बंदियों को शारीरिक स्वास्थ्य बनाने और मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने के लिए मथुरा जेल में कैदियों के बीच आईपीएल की तर्ज पर जेल प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में बंदियों की 8 टीम बनाई गईं। जिनके बीच 12 लीग मैच हुए। बुधवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल में रोचक मुकाबले के बीच नाइट राइडर्स ने कैपिटल को हराकर विजेता बना। मथुरा जिला कारागार में अप्रैल माह में क्रिकेट चैंपियंस लीग प्रतियोगिता में शुरू हुई थी। लीग में कारागार की विभिन्न बैरकों की कुल आठ टीमें बनाई गई हैं। इसमें ग्रुप ए और बी में 4-4 टीम बनाई गईं। कुल 12 लीग मैच और दो सेमीफाइनल मैच हुए। उद्घाटन मैच टाइटंस टीम और रॉयल्स टीम के बीच खेला गया था। दोनों में रोचक मुकाबला हुआ था। टाइटंस टीम ने रॉयल्स टीम को हराकर बाजी मारी थी। लीग और सेमीफाइनल के बाद बुधवार को नाइट राइडर्स और कैपिटल टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। जेल अधीक्षक ने टॉस उछाल कर किया। रोचक मुकबले में नाइट राइडर्स ने कैपिटल टीम को हराकर विजेता बन गया है। विजेता टीम नाइट राइडर्स को ट्रॉफी, मेडल टी शर्ट, कैप आदि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। मैन ऑफ दि मैच और मैन ऑफ दि सीरीज कौशल बने। मैच में पर्पल कैप पंकज को एवं ऑरेंज कैप भूरा को मिली।

# दुनिया को मिलकर बताएंगे पाकिस्तान का सच

## कई दलों के सांसदों को विदेश भेजेगी सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच में तनाव तेजी के साथ बढ़ गया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद चार दिनों तक रॉकेट्स और ड्रोन्स की लड़ाई के बाद दोनों देश फिलहाल



सीजफायर पर बने हुए हैं। अब भारत सरकार पाकिस्तान के आतंकवाद समर्थक चेहरे को दुनिया के सामने खुलकर लाने के लिए नए कदम उठाने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार, पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए मल्टी पार्टी डेलीगेशन को विदेश भेजने की तैयारी कर रही है।

द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक विदेशों में भारत की तमाम राजनैतिक पार्टियों के सदस्यों के साथ भेजे जाने वाले इस प्रतिनिधिमंडल का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पाकिस्तान से निकलने वाले आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करना है। सूत्रों के मुताबिक सरकार इस मुद्दे को लेकर सभी पार्टियों से बातचीत कर रही है। सरकार का उद्देश्य सीमा पार से आने वाले आतंकवाद पर देश भर की पार्टियों को एक साथ लाने का है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत सरकार की तरफ से विदेश जाने वाला यह डेलीगेशन मुख्य तौर पर पांच उद्देश्यों पर अपना एजेंडा सामने रखेगा। पहला उद्देश्य पाकिस्तान की तरफ से आने वाले आतंकवादियों का भारतीय नागरिकों और भारतीय फौज पर हमला करना, जिसकी वजह से ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता पड़ी। दूसरा उद्देश्य इस बात पर जोर देना कि आतंकवाद के खिलाफ आखिरकार ऑपरेशन सिंदूर जैसी प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता क्यों पड़ी। तीसरा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस बात से अवगत कराना की अगर पाकिस्तान की तरफ से फिर कोई हरकत या आतंकी गतिविधि की जाती है तो भविष्य में भी ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई की जा सकती है।

इसके अलावा चौथा उद्देश्य, दुनिया के सामने इस बात को स्पष्ट तरीके से रखना कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान केवल और केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया गया था। इसका पाँचवाँ उद्देश्य आतंकवाद को बढ़ाना देने में पाकिस्तान की भूमिका पर दुनिया के सामने प्रकाश डालना शामिल होगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी पार्टियों के सदस्यों को मिलाकर बनाए जाने वाला यह प्रतिनिधिमंडल विदेशी सरकारों, थिंक टैंकों और मीडिया आउटलेट्स के साथ बातचीत करेगा ताकि पाकिस्तान की धरती से लगातार पैदा हो रहे आतंकवाद को लेकर ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता पर भारत की सोच को प्रदर्शित किया जा सके। प्रतिनिधिमंडल की संरचना कैसी होगी इस पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। क्योंकि सरकार सीमा पार से आने वाले आतंकवाद को लेकर सभी दलों के दृष्टिकोण को अपनाना चाहती है।

अगर यह प्रतिनिधिमंडल विदेश जाकर सरकार और भारत के पक्ष की बातें रखता है तो इतिहास में यह पहली बार नहीं होगा कि विपक्षी सांसद देश की बात रखने के लिए सरकार के पक्ष में बात करेंगे। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने तत्कालीन विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक बहुपक्षीय दल को यूएनएचआसी में भेजा था।

# गुरुग्राम में 15 प्राइमरी स्कूल किए जाएंगे बंद

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम जिले में सौ मीटर से कम दूरी बने 15 प्राथमिक स्कूलों को बंद किया जाएगा। हरियाणा मौलिक शिक्षा के महानिदेशक की ओर से जिला शिक्षा विभाग से ऐसे स्कूलों की दो दिन में लिस्ट मांगी गई है। शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय प्राथमिक और राजकीय कन्या प्राथमिक स्कूलों की सूची तैयार जा रही है। इनमें स्कूलों को मर्ज करके कन्या प्राथमिक स्कूलों को बंद किया जाएगा।

हरियाणा मौलिक शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक की ओर से शिक्षा विभाग को जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रदेश में कुल 194 राजकीय प्राथमिक पाठशाला तथा राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला की दूरी 100 मीटर से कम है। इनकी सूची जिले के खंड स्तर पर तथा डीडीओ स्तर पर बनाए। इन स्कूलों की पुष्टि करवाएं कि सूची में यह मौजूद है। जिले से संबंधितत है अथवा नही की जांच करते हुए अपनी टिप्पणी समेत दो दिन के अंदर यानी 14 मई तक निदेशालय को भेजा जाए।

इसके इलावा जिले में उक्त सूची के अलावा यदि अन्य कोई स्कूल है, तो उसकी टिप्पणी करते हुए सूची में डालकर निदेशालय की ई-मेल पर हर हाल में भेजना सुनिश्चित करें। प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया विरोध ~ जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने 100 मीटर से कम दूरी वाले प्राथमिक स्कूलों को बंद करने का विरोध किया है। संघ जिलाध्यक्ष अशोक प्रजापति ने कहा कि जिले में 15 से अधिक ऐसे स्कूल है, जिनकी दूरी बहुत कम है, लेकिन इसका मतलब नहीं है कि सुविधाएं न देकर बंद कर दिया जाए। स्कूलों में शिक्षकों का अभाव और सुविधाओं की कमी है।

## राजस्थान में मंत्रिमंडल फेरबदल की सुगबुगाहट तेज!



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजनीति में बड़े फेरबदल की सुगबुगाहट तेज होने लगी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिल्ली रवाना होते ही भाजपा में मंत्रिमंडल विस्तार और प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर हलचल तेज हो गई है। हाईकमान से मिल रहे संकेतों के मुताबिक, 30 मई से पहले देशभर में भाजपा संगठन और सरकारों में लंबित नियुक्तियों का निपटारा किया जा सकता है। ऐसे में राजस्थान के कई दावेदारों की धड़कनें तेज हो गई हैं। प्रदेश में फिलहाल पांच मंत्री पद खाली हैं, और खबर ये भी है कि कुछ मंत्रियों की छुट्टी की तैयारी भी हो रही है। हाल ही में गुजरात में आयोजित भाजपा विधायकों की वर्कशॉप में मौजूद मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया गया था। सूत्रों का कहना है कि कई नामों पर नाराज़गी सामने आई है। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उस वर्कशॉप के बाद तीखा बयान देकर संकेत दे दिया था कि परिवार के बड़े कभी खुश नहीं होते, अपेक्षाएं हमेशा अधिक होती हैं।

# सीएम ने बिना सुने दिया जवाब, विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित बयान पर रामगोपाल की सफाई

**लखनऊ, एजेंसी।** विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित बयान पर मचे सियासी बवाल के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने शुक्रवार को सफाई दी है्। उन्होंने सीएम योगी के ट्वीट पर जवाब देते हुए कहा कि आश्चर्यजनक है कि पूरा बयान सुने बिना जवाब दे दिया है। उन्होंने कई आरोप भी लगाए हैं ।

शुक्रवार सुबह सोशल मीडियो साइट ऐक्स पर पोस्ट कर लिखा कि उत्तर भारत के कुछ राज्यों में विशेषकर उत्तर प्रदेश में जहां धर्म, जाति और वर्ग देखकर लोगों पर फ़र्ज़ी मुकदमे लगाए जा रहे हों, जाति धर्म के आधार पर एनकाउंटर किये जा रहे हों, जाति धर्म के आधार पर गैंगस्टर लगा कर संपत्ति जब्त की जा रही हो, जाति धर्म और वर्ग देखकर महिलाओं पर अत्याचार किए जारहे हों। जाति-धर्म और वर्ग देख कर कर्मचारियों और अधिकारियों की पोस्टिंग्स की जातीं हो। ऐसी विकृत मानसिकता ( ष्भ्हह्ल्ह्वश्ल्ह द्वह्ठ्ठह्ल्ड्ड्यद्वह्ल4 ) के लोगों के वारे में कल मैंने एक कार्यक्रम में कहा था कि कर्नल सोफिया का धर्म नाम से पहचान लिए इसलिए गाली दी गई। विदेश सचिव मिस्त्री को गाली दीं गई। अगर इन गाली वाजों को ये पता चल जाता की व्योमिका सिंह जाटव हैं और एयर मार्शल अवधेश भारती यादव हैं तो ये इन अफसरों को भी गालियां देने से बाज नहीं आते। मुझे आश्चर्य इस बात का है कि जिस



मुख्यमंत्री की नाक के नीचे अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों पर अकल्पनीय अत्याचार हो रहे हों उन्होंने मेरा पूरा बयान बगैर सुने ही ट्वीट कर दिया। जिन मीडिया चैनलों ने इस्लामाबाद और रावलपिंडी पर कब्जा कर लिया था उनसे मुझे कोई शिकायत नहीं क्योंकि उन पर सत्ता पक्ष के अलावा किसी को विश्वास नहीं।

# सीमाई विवाद से जयपुर के पर्यटन पर लगा ब्रेक, 80प्रतिशत बुकिंग्स रद्द!

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान, जो अपनी ऐतिहासिक धरोहर, रंगीन संस्कृति और लुभावने पर्यटक स्थलों के लिए विश्वभर में मशहूर है, आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां पर्यटकों की संख्या में लगातार गिरावट देखी जा रही है। खासकर पाकिस्तान और भारत के बीच बढ़ते राजनीतिक तनाव का असर राजस्थान के पर्यटन उद्योग पर गहरा पड़ा है। राजस्थान का पर्यटन उद्योग, जो हमेशा से ही राज्य की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा रहा है, अब संकट का सामना कर रहा है।

राजस्थान के प्रमुख होटलों में इस समय 80 प्रतिशत बुकिंग्स रद्द हो चुकी हैं। होटल संचालक और ट्रैवल एजेंट्स अब इस स्थिति से जूझते नजर आ रहे हैं। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान के मुताबिक, हमारे लिए यह समय बहुत कठिन है, क्योंकि लगभग 500 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। हम उम्मीद करते हैं कि स्थिति जल्द सामान्य होगी।



राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा सा पसरा है। जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर और जयपुर जैसे शहरों में पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है। विदेशी पर्यटकों की आवक तो लगभग आधी रह गई है, जबकि स्थानीय पर्यटकों की संख्या भी लगातार घट रही है। ये प्रभाव विशेष रूप से उन महीनों में देखा जा रहा है, जब राज्य में पर्यटन का ऑफ सीजन होता है यानी अप्रैल से लेकर सितंबर तक।

पहलगाम हमले के बाद से, जो कि एक बड़ा सुरक्षा संबंधित मामला था, पर्यटकों में असुरक्षा का अहसास बढ़ा है।

यह असुरक्षा का भाव, चाहे वह विदेशी पर्यटक हो या स्थानीय, उन्होंने अपनी यात्रा की योजना रद्द करने में ही भलाई समझी है। होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन का भी कहना है, हमारी प्राथमिकता इस समय पर्यटकों की सुरक्षा है। हम उन्हें पूरा रिफंड दे रहे हैं ताकि उनका विश्वास बना रहे।

जयपुर में, जहां आमेर महल और हवामहल जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थल हैं, इन स्थलों पर आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। एक पर्यटक के रूप में, इन ऐतिहासिक स्थलों के अद्वितीय सौंदर्य और सांस्कृतिक महत्व का अनुभव करना एक अविस्मरणीय अनुभव है। लेकिन इस समय, जो स्थिति बन गई है, वह न केवल होटल उद्योग के लिए बल्कि पर्यटन प्रेमियों के लिए भी निराशाजनक है।

यहां तक कि, मौसम की स्थिति भी इस बार अनुकूल रही थी, जिससे जनवरी से अप्रैल तक पर्यटन का दौर ठीक-ठाक था। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। राजस्थान का जो आकर्षण एक समय पर्यटकों को खींच लाता था, वह अब थोड़ा फीका पड़ गया है, और इसका असर न सिर्फ होटल कारोबार पर पड़ा है, बल्कि राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी हो रहा है। लेकिन, उम्मीद की एक किरण बाकी है। राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और अद्वितीय स्थल फिर से पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करेंगे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# मैदान का शेर विराट कोहली

क्रिकेट टेस्ट मैचों के मुकाबलों में अब विराट कोहली नहीं होंगे। मगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में अब तक उनकी जो जगह बन चुकी है, उसमें इस खेल के हर प्रारूप में उनकी छवि मौजूद होगी। सोमवार को विराट कोहली ने जब सोशल मीडिया पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, तो भारत सहित दुनिया भर में इस खेल में उनके सफर को याद करते हुए उन्हें भावुक विदाई दी गई। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टी-20 मैचों से वे पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अब टैस्ट मैचों में भी नहीं दिखेंगे। हालांकि एकदिवसीय मैचों में वे मौजूद रहेंगे। दरअसल, विराट कोहली के उभार के बाद से अब तक देश और दुनिया भर में लोगों ने जिस रूप में उन्हें देखा है, उसमें वे ज्यादातर लोगों के दिमाग में एक सदाबहार, सहृदय और बेहद सक्षम खिलाड़ी के रूप में स्थिर हो चुके हैं। विराट ने भारत को चालीस टैस्ट मैचों में जीत दिलाई, लगातार नौ टेस्ट श्रृंखला जीतने का कीर्तिमान कायम किया। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में छह दोहरे शतक, बीस शतक और नाबाद 254 रन का कीर्तिमान दर्ज है। विराट कोहली के सफर में आए उतार-चढ़ाव उनके प्रदर्शन में कभी बाधक नहीं बने। कभी मैदान में उन्होंने अपनी चमक बिखेरी, तो उसकी चकाचौंध में डूबे नहीं, कभी मद्धिम पड़े तो उससे हारे नहीं। सन 2014 में इंग्लैंड में एक टेस्ट श्रृंखला के पांच मैचों में दस पारियों में विराट ने महज एक सौ पैंतीस रन बनाए, तब उनकी क्षमता पर सवाल उठाए जाने लगे थे। हालांकि उससे पहले वे अलग-अलग देशों के कई तेज पिचों पर शतक जमा चुके थे और उन्हें तेजी से उभरता सितारा माना जाने लगा था। विराट ने अपने उस प्रदर्शन को सबक के तौर पर लिया, अपनी बल्लेबाजी की तकनीक और कौशल में सुधार लाने के लिए उन्होंने खुद को सख्त मेहनत और अभ्यास में झोंक दिया और फिर ऐसे खिलाड़ी के रूप में उभर कर सामने आए, जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अपनी क्षमता साबित की और खेल के रुख को बदल देने वाले चेहरे के तौर पर मशहूर हुए। अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट क्रिकेट की दुनिया को वे शिद्दत से याद आएंगे।

# शानदार जीत से भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति बना

(ललित गर्ग )

पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीजफायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई। दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कहा था कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा। यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज़ फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी। पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता

> *ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने जोड़ा है।*

रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया। सेना ने रावलपिंडी समेत पाक सेना के 4 एयरबेस नष्ट कर दिए। पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को हवा में ही खत्म कर दिया गया। लाहोर एवं करांची सहित पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारी तबाही से सहम गये पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था। यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तान के प्रति अपने संदेह से तब तक मुक्त नहीं होना चाहिए, जब तक वह आतंक से तौबा नहीं करता और कश्मीर राग अलापना बंद नहीं करता। सीजफायर की कहानी 9-10 मई की रात से शुरू होती है, जब पाकिस्तान पर करारा पलटवार करते हुए भारतीय वायुसेना ने पाक सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस-ए क्रूज मिसाइल दाग दी। इस दौरान रावलपिंडी के नूरखान, चकलाला और पंजाब के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया। यह हमला रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय के बेहद करीब हुआ। इसके बाद पीओके में जकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू एयरबेस को भी तबाह किया गया। भारत के द्वारा पाकिस्तानी एयरबेस पर हमले से बौखलाए पाक को अगला निशाना उनके परमाणु कमांड और कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने का डर सताने लगा। ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी। अमेरिका पहले से दोनों देशों के संपर्क में था। मगर, परमाणु की बात सुनकर अमेरिका भी हड़बड़ी में आ गया। पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'ऑपरेशन-सिंदूर' की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज़ फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज़ फायर पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरुआत भारत ने की। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है।

# वर्ल्ड बैंक के पैसे से आतंकवाद को पाल पोस रहा पाकिस्तान

पाकिस्तान विगत तीन दशकों से भी अधिक समय से कर्ज के नाम पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थाओं से अरबों रुपए की राशि ले चुका है। बावजूद इसके न तो इस उसकी सूरत बदली न सीरत। आखिर इतनी बड़ी राशि कहां जाती है, यह किसी को नहीं मालूम। दूसरी ओर, आतंकवाद जैसी वैश्विक समस्या और उसके वित्त पोषण को लेकर उसका रवैया हमेशा ही संदिग्ध रहा है। विडंबना यह है कि जिस समय पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव की स्थिति बनी थी, वैसे समय में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को करीब बारह हजार करोड़ रुपए का नया ऋण दे दिया। इस नाजुक समय में आइएमएफ के इस फैसले पर भारत ने स्वाभाविक ही चिंता जताते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद फैलाने के लिए करता है। पाकिस्तान में कृषि से लेकर अर्थव्यवस्था तक चौपट हो चुकी है। विकास की रोशनी दिखाई नहीं देती। एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक से भी कर्ज लेने के बावजूद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था सुस्त है। तब मुद्रा कोष को क्यों नहीं यह सवाल करना चाहिए कि उसका दिया पैसा आखिर किस मद में जाता है? यह जगजाहिर है कि पाकिस्तान विकास की राह पर चलने के बजाय अपना सैन्य खर्च लगातार बढ़ा रहा है। वहीं उसने सीमापार आतंकवाद फैलाने और अपने यहां आतंकवादियों को पालने-पोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मिलने वाले कर्ज की कोई कसौटी नहीं है। इसकी क्या गारंटी है कि मुद्रा कोष से मिली राशि का उपयोग पाकिस्तान अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने और आतंकवादियों को संरक्षण देने में नहीं करेगा। हैरत की बात है कि पाकिस्तान को न तो अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की चिंता है और न ही बच्चों की शिक्षा की फिक्र। उस पर करीब दस लाख करोड़ से अधिक का कर्ज है जो उसकी जीडीपी का बयालीस फीसद है।

# आईएमएफ का पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज देना सां

(आलोक सिंह भदौरिया)

सुबह के दस बजे थे, लेकिन धूप जैसे शरीर को झुलसाए दे रही थी। जल्दी-जल्दी चौराहे पर लगे पाकड़ के पेड़ की छाया में दद्दू की दुकान तक पहुंचा और कहा, दद्दू एक पैकेट दही देना। दद्दू ने बिना सिर उठाए कहा, हम मिलावटी माल नहीं बेचते खुद ही दही जमाते हैं। पाकड़ के पेड़ की छाया में इतनी ठंडक कि्ष्ट फेल, लेकिन यहां भी दद्दू की आवाज की गर्मी महसूस हो रही थी। हमने कहा, दद्दू आधा किलो दही तौल दो। 80 बरस से ऊपर के दद्दू कड़ाही में ऐसे जलेबी छान रहे थे, जैसे चिकन के कुर्ते पर कसीदाकारी कर रहे हों। हमने माहौल शांत करने के लिए कहा, क्या करें दद्दू गर्मी हर साल कई डिग्री बढ़ती जाती है, नए रेकॉर्ड बना रही है। दद्दू ने अंगौछे से हाथ पोंछे, बोले- इंसान का लालच सौ डिग्री बढ़ गया तो गर्मी 4 डिग्री भी न बढ़े कितने बाग, कुएं और तालाब बचे हैं नखलऊ में। ऐशबाग, चारबाग, आलमबाग, बंदरियाबाग, लालकुआं, छाछी कुआं, कंकरकुआं, पांडे तालाब, गुईन तालाब, टिकैत राय तालाबज दद्दू पुराने लखनऊ की जिओग्रफी बखान करने लगे। हमने बात काटकर कहा, दद्दू इसमें इंसानी लालच क्या, विकास होता है तो कुछ न कुछ तो बदलाव होता ही है। दद्दू बोले, आज बूढ़ा बाप बोझ लगता है तो लोग धक्के मारकर किनारे कर देते हैं फिर दरवाजे खड़े दरख्त और बागों की क्या बिसात सड़कें, कॉलोनियां बसती गईं , बाग उजड़ते गए नहीं तो इसी शहर में नीम और आम की ठंडक में कब जेठ का महीना गुजरा और कब सावन आया पता नहीं चलता था। खस के पर्दे लू की गर्मी सोखकर शांत कर देते थे। आज खिन्नी और फालसे 600 रुपये किलो हैं, पहले ढेरों-ढेर होते थे और मुफ्त की कीमत में मिलते थे। आज प्लास्टिक की बोतलों में सोडा पी रहे हो, तुम्हें क्या मालूम मेवे वाली ठंडाई की ठंडक और खुशूबदार रबड़ी की महक। अचानक पंद्रह साल पहले दिल्ली के आईटीओ पुल पर डीटीसी की बस में एक बुजुर्ग कंडक्टर का उलाहना याद आ गया। एक युवा ने अपने पढ़े-लिखे होने का रौब जमाया था, तब कंडक्टर ने ठेठ हरियाणवी में पूछा था, घणा पढ़ा-लिखा बण रॉ, कितने पेड़ लगाएं हैं तैने अब तक पढ़ाई का पेड़ से क्या ताल्लुक मैंने तब सोचा था.. यह रिश्ता अब जाकर समझ आया है। दद्दू बोले, तब गोमती का जल इतना निर्मल होता था कि क्या कहें। यूनिवर्सिटी से अलीगंज तक इतना घना जंगल था कि लड़के डर के मारे अकेले नहीं जाते थे। सब कटता गया, इंसान और कुदरत की गर्मी बढ़ती गई। मैं वापस गली में आया तो देखा एक पड़ोसी महोदय लंगड़ाते चले आ रहे हैं। बगल में सहजन की कुछ टहनियां दबी हुई थीं। मैंने पूछा तो बताया, डिवाइडर पर लगे सहजन के पेड़ से पत्तियां तोड़ रहे थे। इंटरनेट पर पढ़ा था सहजन की फलियां, पत्तियां सुपरफूड हैं। इनसे इम्यूनिटी बढ़ती है, कोलेस्ट्रॉल कम होता हैज वगैरह। पैर डिवाइडर से रपट गया, मोच आ गई। मुझे याद आया इनके तो दरवाजे पर ही सहजन का एक बड़ा सा पेड़ लगा था। फिर यह भी याद आया कि सहजन की पत्तियों से होने वाले कचरे के चलते इनकी श्रीमती जी ने वह पेड़ कटवा दिया था, कुछ दिनों बाद जब कटे पेड़ की ठूंठ से कोंपलें निकलीं तो फिर से कटवाकर उनमें एसडि डलवा दिया था। शायद तब तक नेट पर सुपरफूड वाली जानकारी नहीं पढ़ी होगी, वरना सहजन का पेड़ आज जिंदा होता है।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5733

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5732

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली 5733



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 19 जून को कांग्रेस के वर्तमान राजनीतिज्ञ का जन्मदिवस है (5)
5. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
7. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
8. धारण करने वाला, वेशधारी (3)
9. रोगी, जिसे कोई मर्ज हो (3)
10. रस्म, प्रथा, रीति (3)
11. झुकाना, लचकाना, अवनमित करवाना (3)
14. पौधा, कढ़ा-बुना हुआ (2)
15. चिरमिरहट, झुलस (3)
16. कुशल, तत्वज्ञ, निपुण (3)
18. महसूस, टैक्स, हस्त, हाथ (2)
19. प्रणाम करता हुआ, अवनमित, झुका हुआ (2)
20. नियम पालन, निष्ठा निर्वाह (3)
21. फलदायक, फल देनेवाला, फलद, सुफल (3)

**ऊपर से नीचे**
1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध पौराणिक कृति (8)
2. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
3. यह गांधार देशाधिपति सुबल की पुत्री थी शकुनि इनके भाई थे (3)
4. धैर्य, धीरता (3)
6. तीक्ष्ण, कर्तनक्षम, गहन प्रभावी (2)
9. विवश, लाचार, इस नाम की दो फिल्मों के नायक क्रमशःविश्वजीत (1965) व अमिताभ बच्चन (1974) थे (4)
11. जो नजरों से ओझल कर कैद किया गया हो, नजर कैदी (5)
12. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन, असबाब, स्वादिष्ट आहार (2)
13. ये सिख संप्रदाय के आदि गुरू थे (3)
17. भलाई, उपकार, कल्याण, अंतर्ग्रहीत (2)
18. कपालास्थि कटोरा, कर्पट, खपरा, संपूर्ण खोपड़ी (3)

### वर्ग पहेली 5732 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चि | ली | | भ | र | त | पु | र |
| त | ना | | ला | म | | का | ज |
| | चं | दा | | ना | दि | र | |
| अ | दा | व | त | | ल | | डं |
| | व | त | न | | ज | मै | का |
| कौ | र | | ब | द | ला | ना | |
| म | क | स | द | | | | रो |
| | र | वा | न | गी | | सो | म |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन करियर और कारोबार के मामले में लाभ से भरा होगा। ग्रहों की अनुकूलता से आपको करियर में स्थिरता मिलेगी। साझेदारी में किया गया कार्य लाभदायक रहेगा। व्यापारियों को नए ग्राहक और ऑर्डर मिलने के संकेत हैं। ऑफिस में प्रमोशन या जिम्मेदारी बढ़ सकती है। किसी वरिष्ठ का मार्गदर्शन आर्थिक और पेशेवर क्षेत्र में मदद करेगा।

### वृष
आज दिन करियर में पुराने सहयोगियों की मदद से उन्नति लाने वाला रहेगा। आप अपने आत्मबल और रणनीतिक सोच से कठिन स्थितियों को संभाल लेंगे और अपने कारोबार में तरक्की करेंगे। व्यापार में लाभ की संभावना है, लेकिन कोई बड़ा निर्णय लेने से पहले सलाह अवश्य लें। सरकारी काम में सफलता मिल सकती है।

### मिथुन
आज हर कार्य में सावधानी बरतने की सलाह है। आपको जायदाद या संपत्ति से जुड़े मामलों में सावधानी बरतनी होगी, खासकर कानूनी दस्तावेजों में। व्यवसाय में साझेदारी से जुड़े मतभेद उभर सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण सौदे में असमंजस की स्थिति बनेगी।

### तुला
आज दिन असमंजस से भरा रहने वाला है। कारोबार में पूंजी की कमी खल सकती है, लेकिन लोन लेने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई पुराना कर्ज भी धीरे-धीरे चुकता होने लगेगा जिससे मानसिक शांति मिलेगी। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम का बेहतर रिजल्ट मिलेगा किसी नई स्किल या कोर्स से करियर में सकारात्मक मोड़ आएगा। आर्थिक लाभ की संभावना है।

### वृश्चिक
आज दिन करियर के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रहेगा लेकिन आपकी सूझबूझ से स्थिति नियंत्रण में रहेगी। उच्च अधिकारी से अनबन से बचें वरना यह आपकी छवि को प्रभावित कर सकता है। नौकरी बदलने की सोच रहे हैं तो थोड़ा और इंतजार करें, जल्द ही अच्छा अवसर मिलेगा। व्यापार में लाभ के संकेत हैं, विशेषकर वे लोग जो आयात-निर्यात या मीडिया से जुड़े हैं।

### धनु
आज धन सम्मान के मामले में जबर्दस्त लाभ होगा। पुराने शत्रुओं से छुटकारा मिलेगा और करियर में राहत की सांस लेंगे। काम में एकाग्रता बढ़ेगी जिससे समय पर लक्ष्य पूरे कर पाएंगे। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। यदि आप प्रॉपर्टी डीलर, कंसल्टेंसी, या चिकित्सा क्षेत्र में हैं तो अच्छी प्रगति संभव है। धन संचय की ओर मन झुकेगा।

### कर्क
आज करियर के मामले में धन लाभ होगा। धन संबंधी मामलों में विशेष सतर्कता बरतें, किसी धोखाधड़ी की आशंका है। करियर में कुछ झंझटों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन आपकी कूटनीति काम आएगी। ऑफिस में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, शांत रहकर काम करें। अगर आप नया व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं।

### सिंह
आज दिन अनुकूल है। आपको पुराने अटके हुए कार्य पूरे होने से राहत मिलेगी। आर्थिक रूप से दिन ठीक रहेगा लेकिन निवेश में जोखिम न लें। सरकारी नौकरी वालों के लिए पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के संकेत हैं। व्यवसाय में नया अनुबंध मिल सकता है जिससे आय में वृद्धि होगी। प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए दिन शुभ है।

### कन्या
आज लाभ होगा। धन और करियर दोनों क्षेत्रों में सकारात्मकता बनी रहेगी। नौकरी में प्रशंसा और तरक्की के संकेत हैं। कोई पुराना भुगतान प्राप्त हो सकता है जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यापार में नए सौदे या पार्टनरशिप की संभावना है।

### मकर
आज लाभ का दिन है। करियर में विशेष उपलब्धियों के संकेत हैं। व्यापार में नई योजनाओं की शुरुआत करने का समय है जो भविष्य में लाभप्रद सिद्ध होंगी। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या किसी नए प्रॉजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। धन का आगमन अच्छा होगा, विशेष रूप से यदि आप बैंकिंग, शिक्षा, क़ानून या प्रशासनिक क्षेत्र में हैं।

### कुंभ
आज दिन उन्नति से भरा होगा। कोई वरिष्ठ अधिकारी या प्रभावशाली व्यक्ति आपके करियर को नई दिशा दे सकता है। करियर में परिवर्तन की संभावनाएं बन रही हैं, विशेषकर वे लोग जो मीडिया, लेखन, राजनीति या पुलिस सेवा से जुड़े हैं। व्यापार में कोई नया निवेश लाभ देगा लेकिन बड़े निर्णयों में धैर्य रखें। धन आगमन के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी खर्च संभव है। शेयर बाजार या लॉटरी में निवेश से बचें।

### मीन
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपकी मेहनत रंग लाएगी और धन लाभ के अच्छे संकेत हैं। नौकरी में तरक्की के द्वार खुल सकते हैं, खासकर जिनकी प्रोफाइल में नेतृत्व की भूमिका है। कोई बड़ा क्लाइंट मिल सकता है जिससे व्यापार में स्थायित्व आएगा। किसी डील में लाभ होगा लेकिन दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें। आय में वृद्धि होगी पर खर्चों का अनुपात भी साथ ही बढ़ेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली चोरी करते पकड़े गए 70 पर एफआइआर

**धनबाद, एजेंसी।** बिजली चोरी के खिलाफ जेबीवीएनएल की ओर से चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को 646 जगहों पर छापेमारी की गयी ।इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में 70 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया ।उन पर 13 लाख 89 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है ।जेबीवीएनएल धनबाद सर्किल के अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप ने बताया कि धनबाद सर्किल में 354 जगह छापेमारी की गयी ।इसमें 31 लोगों को पकड़ा गया और सात लाख 52 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया ।वहीं चास सर्किल में 293 स्थानों पर छापेमारी की गयी ।इसमें 39 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए छह लाख 37 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

### देवघर में अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई : युवक की मौके पर मौत

**देवघर, एजेंसी।** देवघर जिले के मधुपुर अनुमंडल में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बुढ़ई थाना क्षेत्र के जगदीशपुर के पास धावाटांड़ में एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बिहार के बटिया थाना क्षेत्र के घोंघा गांव निवासी दीपक सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर बुढ़ई थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक से मिले कागजात से पता चला कि वह जामताड़ा के मिहिजाम की है। पुलिस के मुताबिक, दीपक मधुपुर से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान धावाटांड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। पेड़ से टकराने के कारण सिर में गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई ।थाना प्रभारी अशोक कुमार ने दल-बल के साथ शव को कब्जे में लेकर थाने ले आए। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजन थाने पहुंच गए हैं। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### थानेदार ने एसडीपीओ को थाना में घुसने से रोका, एसपी ने किया निलंबित

**पलामू, एजेंसी।** एसडीपीओ को थाना में घुसने से रोका गया है ।थाना के गेट को बंद कर दिया गया था ताकि एसडीपीओ थाना में अंदर नहीं घुस पाए ।इस पूरे मामले में पलामू एसपी ने कार्रवाई करते हुए थानेदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है ।दरअसल पूरा मामला पलामू के रेहला थाना क्षेत्र से जुड़ा है ।बिश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी रात्रि गश्ती के दौरान अवैध रूप से बालू का उठाव करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ा था ।एसडीपीओ ट्रैक्टर को लेकर रेहला थाना गए लेकिन थाने के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था ।एसडीपीओ ने तत्काल थाना प्रभारी को कॉल किया लेकिन कॉल का कोई जवाब नहीं दिया गया ।इस दौरान एसडीपीओ ने मौके पर तैनात ऑन ड्यूटी पुलिस अधिकारी से पूछताछ की। इससे पहले ऑन ड्यूटी पुलिस अधिकारी से पूछताछ में एसडीपीओ को जानकारी मिली कि थानेदार के आदेश पर गेट में ताला लगाया गया है ।एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने पूरे मामले में एसपी रीष्मा रमेशन को एक रिपोर्ट बनाकर सौंपा थी ।एसपी रीष्मा रमेशन ने मामले में कार्रवाई करते हुए रेहला थानेदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया ।मेदिनीनगर टाउन थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर गुलशन बिरुआ को रेहला का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

### अधिवक्ताओं ने लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड के बोकारो जिला में अधिवक्ताओं ने लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली ।जानकारी के अनुसार, अधिवक्ताओं के एक समूह ने गुरूवार को कैंप दो स्थित बोकारो बार परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली ।तिरंगा यात्रा कैंप दो का भ्रमण करते हुए पुनः बार परिसर पहुंची ।यह यात्रा लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के सम्मान में निकाली गयी ।वंदे मातरम्, भारत एकता जिंदाबाद, भारत माता की जयऱ् सहित अन्य देशभक्ति नारों से बार परिसर गूंज उठा. बता दें कि इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर्ष जताया ।साथ ही देश की सेना पर गर्व किया ।इस दौरान बार परिसर का माहौल देश भक्ति से भरा दिखा ।बार परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं ने कहा कि हमारे देश की सेना हमारा गर्व है।

# पेसा एक्ट को लेकर सरकार का बड़ा एलान

## सभी की सहमति और सुझाव के बाद होगा लागू

**रांची, एजेंसी।** राज्य के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पंचायतों को विशेष अधिकार देने वाली पेसा (पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल्ड एरियाज एक्ट) नियमावली सभी की सहमति से ही लागू की जाएगी। नियमावली त्रुटि रहित तथा ठोस होगी, ताकि बाद में उसपर कोई विवाद न हो। इसमें आदिवासी समुदाय के हितों को अनदेखा नहीं किया जाएगा तथा परंपरागत स्थानीय स्वशासन व्यवस्था के अधिकार भी बरकरार रहेंगे।




पेसा नियमावली के प्रविधानों को लागू करनेवाले प्रमुख विभागों के मंत्रियों ने यह आश्वासन मंगलवार को होटल रेडिसन में आयोजित %पेसा विचार गोष्ठी कार्यशाला% में आदिवासी बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों एवं अन्य हितधारकों को दिया। मंत्रियों ने कहा कि इस कार्यशाला में जो भी सुझाव आए हैं, सरकार उन्हें लागू करने के लिए पेसा नियमावली के ड्राफ्ट में एक बार फिर संशोधन करेगी।

इससे पहले, कार्यशाला में आदिवासी बुद्धिजीवियों ने राज्य सरकार द्वारा जारी पेसा नियमावली के संशोधित ड्राफ्ट के कई प्रविधानों पर भी आपत्तियां दर्ज कीं। इस क्रम में उन्होंने कई सुझाव भी दिए। कहा गया कि पेसा नियमावली में झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2011 के प्रविधानों को थोपा नहीं जाए।

खासकर परंपरागत स्वशासन व्यवस्था के अधिकारों का किसी भी हाल में हनन न हो। पेसा कानून लागू होने के इतने समय बाद भी नियमावली लागू नहीं होने पर भी सवाल उठाए। आठ समूहों के माध्यम से आए सुझावों एवं आपत्तियों को सुनने के बाद सभी मंत्रियों ने आश्वासन दिया कि पेसा एक्ट की भावना से खिलवाड़ नहीं होगा। परंपरागत स्वशासन व्यवस्था के साथ किसी तरह का छेड़छाड़ भी नहीं होगा।

**आदिवासी समुदाय से भी लें राय- के राजू :** इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पूर्व अपर सचिव के राजू ने स्पष्ट रूप से सुझाव दिया कि राज्य सरकार पेसा नियमावली किसी हड़बड़ी में कैबिनेट में न लाए। सरकार गांवों में जाकर उन आदिवासी समुदाय से भी राय ले, जिनके लिए यह नियमावली लागू की जानी है। दूसरे राज्यों में लागू नियमावली का भी अध्ययन करे तथा वहां के अच्छे प्रविधानों को अपनी नियमावली में सम्मिलित करे।

उन्होंने पेसा नियमावली लागू करने के लिए जन प्रतिनिधि अधिनियम में भी संशोधन की वकालत की। उन्होंने कहा कि जमीन अधिग्रहण में ग्राम सभा की सहमति लेनी ही होगी, नहीं तो आदिवासी विरोध करेंगे। झारखंड में माडल पेसा रूल लागू हो ताकि दूसरे राज्य भी इसका अनुशरण कर सकें।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी पेसा नियमावली का ड्राफ्ट अंतिम ड्राफ्ट नहीं है। कार्यशाला में आई आपत्तियों और सुझावों को ध्यान में रखकर अंतिम ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा और परंपरागत स्वशासन व्यवस्था में कोई छेड़छाड़ नहीं होगा। पेसा एक्ट की मूल् भावना और संविधान के प्रविधानों के अनुसार ही नियमावली लागू की जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि भले ही पेसा नियमावली तैयार करने में और समय लगे, लेकिन राज्य सरकार की मंशा एक दुरुस्त नियमावली लागू करने की है।

## चालान काटने के मामले में झारखंड को 21वां स्थान, रोजाना कट रहे लगभग 1 हजार चालान



**रांची, एजेंसी।** झारखंड की सड़कों पर चल रहे वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं. इसी कारण है कि रोजाना राज्य के लगभग 1 हजार लोगों का चालान कट रहा है. शायद यही वजह है कि यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में देशभर में झारखंड राज्य 21वें नंबर पर है. झारखंड में रोजाना औसतन 937 लोगों का ट्रैफिक चालान कट रहा है. इसके अलावा पहले स्थान पर तमिलनाडु है. यहां रोजाना सबसे अधिक चालान काटे जाते हैं.

रोजाना सबसे अधिक चालान कटने वाले राज्यों में पहले स्थान पर जहां तमिलनाडु है, तो दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश, तीसरे नंबर पर केरल, चौथे नंबर पर हरियाणा और पांचवें नंबर पर दिल्ली है. इसके अलावा चालान से आमदनी के मामले में पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश, दूसरे नंबर पर हरियाणा और तीसरे नंबर पर राजस्थान है. झारखंड का स्थान 21वें स्थान पर है.

मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 13 मई 2020 से 13 मई 2025 के दौरान झारखंड में 17.10 लाख लोगों का चालान कटा है. इसमें ट्रैफिक पुलिस ने 15.88 लाख और परिवहन विभाग ने 1.22 लाख लोगों का चालान किया है. इनसे कुल 82.71 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है. 5 साल की अवधि के दौरान तमिलनाडु में 6.39 करोड़, उत्तर प्रदेश में 5.86 करोड़, केरल में 3.38 करोड़ लोगों का चालान कटा है.

## राशन कार्ड : धनबाद के राशन कार्ड उपभोक्ता ध्यान दें, आपको जून में मिलेगा 3 महीने का अनाज




**धनबाद, एजेंसी।** मानसून आने वाला है, ऐसे में राशन कार्डधारकों के लिए अच्छी खबर है। 15 जून तक सभी कार्डधारकों को तीन माह के अग्रिम राशन का वितरण होगा। इस दिशा में जिला आपूर्ति विभाग की ओर से वितरण कार्य शुरू भी कर दिया गया है। पहले चरण में 31 मई तक जून और जुलाई माह का अनाज वितरण होगा, जबकि 15 जून तक अगस्त माह का भी अनाज सभी कार्डधारकों को दिया जाएगा।

इसे लेकर विभाग की ओर से सभी जनवितरण दुकानदारों का राशन उठाने और वितरण करने का आदेश दिया गया है। इसके तहत कुल 2.70 लाख क्विंटल राशन का वितरण किया जाना है। धनबाद जिले में जन वितरण प्रणाली के तहत राशन प्राप्त करने वाले कुल कार्डधारक 4.40 लाख हैं और इस पर कुल 18.70 लाख सदस्यों तक राशन पहुंचता है। जबकि इनमें से करीब 98 हजार ऐसे कार्डधारक हैं जो छह माह से लेकर पांच साल से राशन का उठान नहीं कर रहे हैं। आपूर्ति विभाग की ओर से राज्य खाद्य आपूर्ति निगम को यह आदेश दिया गया है कि अतिरिक्त अनाज के भंडारण के लिए सरकारी गोदामों के अलावा आसपास के सरकारी भवनों का चयन भी करना है। पैक्स के गोदामों को भी लिया जाना है।

# राज्य में क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा, महिला टीम को देंगे बराबरी का मंच : शाहदेव

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मशहूर उद्योगपति एसके बेहरा झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के अध्यक्ष पद के लिए रविवार को होने वाले चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। एसके बेहरा ने घोषणा पत्र में झारखंड क्रिकेट को नई बुलंदियों तक ले जाने का वादा किया है। इसमें हर जिले में क्रिकेट का विकास, पांच जोनल अकादमियों की स्थापना, पारदर्शी शासन और खिलाड़ियों के कल्याण जैसे बड़े वादे शामिल हैं।

उनकी टीम ने वादा किया है कि क्रिकेट को जमीनी स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक ले जाया जाएगा। इसके लिए राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टूर्नामेंट और लीग का आयोजन होगा। स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे।



झारखंड के सभी 23 जिलों, उप-मंडलों और पंचायतों तक क्रिकेट को पहुंचाने का लक्ष्य है, ताकि कोई भी प्रतिभा छिपी न रहे। उनकी टीम में नंदू पटेल को उपाध्यक्ष, एसबी सिंह को सचिव और राजकुमार शर्मा को संयुक्त सचिव के रूप में मैदान में उतारा है। इसके अलावा कमेटी मेंबर में श्रवण जाजोड़िया, नवल किशोर उपाध्याय, गोपाल कृष्ण सहाय, मो।काजिर व गुरबारी हेंब्रम तथा जिला प्रतिनिधि के लिए अरुण कुमार राय, आलोक कुमार राय, प्रवीर कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, शुभम कुमार मैदान में हैं। रांची7 झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन 2025 का चुनाव 18 मई को होना है। हाई प्रोफाइल हो चुके इस चुनाव में मुख्यतः दो गुटों के बीच टक्कर है।एक गुट की अध्यक्षता अजय नाथ शाहदेव, तो दूसरी टीम की एसके बेहरा कर रहे हैं। दोनों गुटों ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा कर रहे हैं। रांची7 आगामी 18 मई को होने वाले झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) की प्रबंधन समिति के चुनाव से पहले 'द टीम' के सभी प्रत्याशी गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया के सामने प्रस्तुत हुए। इस मौके पर उन्होंने जेएससीए के कार्यकलापों में पारदर्शिता लाने, राज्य में क्रिकेट के सर्वांगीण विकास और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बताया।अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव ने स्पष्ट किया कि अगर 'द टीम' को मौका मिला, तो जेएससीए में पारदर्शिता स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं, बल्कि राज्य में क्रिकेट को जमीनी स्तर से मजबूत करना है। अजय नाथ शाहदेव ने बताया कि इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके शाहबाज नदीम और सौरव तिवारी को टीम में शामिल किया गया है, ताकि उनके अनुभव का लाभ राज्य के युवा खिलाड़ियों को मिल सके।

## मोरहाबादी में अतिक्रमण हटाने के विरोध में सड़क जाम, पुलिस से भिड़े दुकानदार



**रांची, एजेंसी।** रांची के मोरहाबादी में गुरुवार को फुटपाथ दुकानदारों ने जमकर हंगामा किया।जानकारी के अनुसार, गुरुवार को रांची नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदार सड़क पर उतर आये।आक्रोशित दुकानदारों ने बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम के पास बांस-बल्ली और बैरियर लगाकर सड़क जाम कर दिया।इस दौरान करीब एक घंटे तक सड़क जाम रही, जिससे आवागमन बाधित हुआ।मामले की सूचना जब मोरहाबादी टीओपी की पुलिस को मिली, तो पुलिस विरोध कर रहे दुकानदारों के पास पहुंची।लेकिन दुकानदार पुलिसवालों पर ही भड़क गये.

मामले के संबंध में दुकानदारों का कहना है कि दुकानों को हटाये जाने से हमें आपत्ति नहीं है, लेकिन अतिक्रमण हटाने के नाम पर जिस तरह सब्जी और फलों को सड़क पर फेंका गया है, वह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।मामले पर नियंत्रण पाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया गया।पुलिस ने दुकानदारों से कहा कि आप लोग बिना किसी अवैध स्ट्रक्चर का निर्माण किए दिन भर सब्जी बेचें और शाम को उसे लेकर घर वापस चले जायें।प्रशासन आपको परेशान नहीं करना चाहता है।आप आराम से अपनी दुकानें लगायें।पुलिस की यह बात सुनकर दुकानदारों का गुस्सा शांत हुआ.

वहीं, अतिक्रमण हटाने के दौरान फल और सब्जियों को सड़क पर ही फेंक दिया गया था।इसे सुबह के करीब नौ बजे निगम के सफाईकर्मियों ने सड़क से उठाया।इधर, मोरहाबादी दुकानदार संघ के अध्यक्ष कुमार रोशन ने कहा कि देर रात करीब 12 बजे अतिक्रमण अभियान चलाना और दुकानें हटाना उचित नहीं है।अधिकारी इसकी जानकारी दें कि किसके आदेश पर आधी रात को अभियान चलाया गया।

## बंगाल की मुस्लिम महिलाएं ले रहीं मंईया सम्मान योजना की राशि, खुलासा हुआ तो, हर कोई रह गया दंग!

पोटका, एजेंसी। झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना का लाभ बंगाल की मुस्लिम महिलाएं उठा रही हैं। दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर सीमावर्ती क्षेत्रों में यह खेल लगातार चल रहा है। फर्जी राशन कार्ड, फर्जी मोबाइल नंबर के सहारे गलत तरीके से रजिस्ट्रेशन करा कर बंगाल की मुस्लिम महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़े पैमाने पर यहां मुर्शिदाबाद के मुस्लिम मिस्त्री और विभिन्न तरह के कार्य करने वाले लोग निवास करते हैं। जो गलत तरीके से अपने परिवार के लोगों का मंईयां सम्मान योजना में नाम रजिस्टर्ड करा कर इनका गलत तरीके से लाभ ले रहे हैं।

पोटका में सत्यापन सूची में बंगाल की महिलाओं के नाम आने से मुखिया बाघराय सोरेन दंग रह गए हैं। मुखिया ने बताया कि 480 मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के सत्यापन के लिए सूची प्रखंड से उपलब्ध कराई गई है। इस सूची में जब जांच की जा रही है तो पता चल रहा है कि कलिकापुर पंचायत में 27 बंगाल की मुस्लिम महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही थीं।

उन्होंने कहा कि जब इन महिलाओं के मोबाइल नंबर से संपर्क किया गया तो



कई नंबर गलत हैं और जो नंबर चालू हैं वह बंगाल से फोन रिसीव कर रहे हैं। योजना का लाभ लेने के लिए राशन कार्ड जरूरी था मगर फर्जी राशन कार्ड नंबर डालकर इस योजना का लाभ बड़े ही आसानी के साथ मुस्लिम महिलाएं ले रही थीं।

कहा कि मेरे पंचायत में एक भी मुस्लिम परिवार निवास नहीं करती है। इस मामले को लेकर झारखंड सरकार से मैं उच्चस्तरीय जांच की मांग करता हूं। सभी लाभुकों का सत्यापन होना चाहिए, ताकि यहां के रहने वाले महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सके।

इ न महिला लाभुकों के सत्यापन के लिए सूची कलीकापुर पंचायत में आई है जिसमें मंजूरा खातून, शेरा खातून, बॉबी बानु, अंजुना खातून, जूही जहांन, बानु बेगम, आजादी बानु, अहिदा टुडू, अर्जुना खातून, जाहिदा खातून, हुस्नारा बानु, नामिना खातून, ममुदा खातून, नजमीन खातून, सहेंसा बेगम, मिनारा खातून, नूर बानु, हसीना बीबी, नूरी बेगम, सबीना खातून, खतीजा खातून, मनीला खातून, रेशमा खातून, शहनाज बेगम, लैला बेगम आदि शामिल है।

# आकाशीय बिजली से सीआरपीएफ के एक अधिकारी की मौत

**रांची, एजेंसी।** चाईबासा के सारंडा में आकाशीय बिजली गिरने से सीआरपीएफ के 2 अधिकारी और झारखंड पुलिस के 2 एएसआई झुलस गए। इलाज के दौरान सीआरपीएफ की 26 बटालियन के सेकेंड इन कमांड एम प्रोबो सिंह की मौत हो गई है। सीआरपीएफके सहायक कमांडेंट सुबीर मंडल, जगुआर के 2 एएसआई सुदेश और चंदलाल हांसदा की हालत गंभीर है। तीनों को रांची रेफर किया गया है। देर रात सीआरपीएफ कैंप के पास आकाशीय बिजली गिरने से सभी उसकी चपेट में आ गए थे।

**पूरे झारखंड में आकाशीय बिजली का अलर्ट :** इधर, मौसम विभाग ने आज झारखंड के सभी जिलों में आकाशीय बिजली और तेज हवा का अलर्ट जारी किया है। हवा की रफ्तार 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार से झारखंड होते हुए एक टर्फ लाइन गुजर रही है। यह टर्फ लाइन झारखंड के लिए फायदेमंद रहेगा। इसकी वजह से 19 मई तक राज्य के



अधिकतर हिस्सों में अच्छी बारिश की संभावना है। झारखंड में अभी भी वैसी गर्मी नहीं पड़ी है, जिस तरह की गर्मी इस समय पड़नी चाहिए।

**3 दिनों में गिर सकता है अधिकतम तापमान :** 16 मई से तापमान में गिरावट आ सकती है। इसके बाद बारिश का दायरा बढ़ेगा। 19 मई तक पश्चिमी भाग को छोड़कर अधिकतर क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की संभावना नहीं है। इसके अगले 3 दिनों में इसमें तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

**सबसे कम न्यूनतम तापमान रहा खूंटी का :** पिछले 24 घंटे में राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश 44.6 एमएम हाटगम्हरिया (पश्चिम सिंहभूम) में दर्ज की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस डाल्टेनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस खूंटी में रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 17 मई को भी लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इसमें गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार और लोहरदगा को छोड़ शेष हिस्सों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा चल सकती है। हवा की रफ्तार 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की हो सकती है। वहीं, वज्रपात की भी संभावना है। वहीं, 18 और 19 मई को राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा का झोंका चल सकता है। वज्रपात की भी संभावना है।

# न्यूनतम वेतन मामले की सुनवाई में नहीं पहुंचे श्री पब्लिकेशन के प्रतिनिधि

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद नगर निगम में होल्डिंग टैक्स संग्रह का कार्य देख रही कंपनी श्री पब्लिकेशन के खिलाफ कर्मियों ने न्यूनतम वेतन व पीएफ सुविधा से वंचित रखने की शिकायत श्रम विभाग में की है।इसे लेकर श्रम कार्यालय बरटांड़ में गुरुवार को सुनवाई होनी थी।लेकिन श्री पब्लिकेशन की ओर से अपना पक्ष रखने के लिए कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ।इस वजह से कर्मियों में नाराजगी है।उनका आरोप है कि उन्हें पिछले तीन वर्षों से सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है।न ही पीएफ जैसी मूलभूत सुविधाएं दी जा रही।कर्मियों ने आरोप लगाया कि कंपनी के प्रोजेक्ट हेड मनोज रवानी ने उन्हें बार-बार शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है व ऐसा न करने पर काम से हटाने और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया।इस व्यवहार की भी शिकायत नगर निगम को सौंपी गयी है।मामले में सहायक श्रमआयुक्त प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले में नियमानुसार कंपनी पर कार्रवाई की जायेगी.

सहायक श्रमायुक्त ने नगर निगम धनबाद की आउटसोर्सिंग कंपनी श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड, रांची को उनके एक पूर्व कर्मचारी विजय कुमार गोस्वामी की शिकायत पर नोटिस जारी किया है।शिकायत में आरोप है कि कंपनी ने अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक का पारिश्रमिक नहीं दिया।30 अक्टूबर 2023 को बिना किसी पूर्व सूचना के कार्य से हटा दिया।उन्हें हटाने की जानकारी 29 मार्च 2024 को ईमेल से दी गयी, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है।सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने बताया कि कर्मचारी को छंटनी से पहले एक महीने की लिखित सूचना देना अनिवार्य है, जिसे कंपनी ने नहीं निभाया।साथ ही बकाया वेतन न देना श्रम अधिकारों का उल्लंघन है।विभाग द्वारा कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है।यदि कंपनी इस निर्देश का अनुपालन नहीं करती है, तो सक्षम न्यायालय में अभियोजन दायर करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# हरदोई हादसा : सड़क पर बिखरी लाशें, ऑटो में भी फंसे थे शव

## अंकित के दोनों पैर कटकर रोड पर गिरे





**हरदोई, एजेंसी।** हरदोई के संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर ट्रक और ओवरलोड ऑटो की टक्कर में मां-बेटा समेत सात लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सड़क पर लाशें बिखरी हुई थीं। एक युवक के दोनों पैर भी कट गए।

हरदोई में संडीला बांगरमऊ मार्ग पर ट्रक की टक्कर लगने के बाद चालक और एक सवारी के शव ऑटो में ही फंस गए। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मशक्कत कर दोनों के शव बाहर निकलवाए। इतना ही नहीं कई शव सड़क पर भी बिखरे पड़े थे। इन शवों को पुलिस कर्मियों ने फौरन ही उधर से गुजर रहे एक पिकअप को रोककर उसमें रखवाया। इसके बद इन्हें मोर्चरी भेजा गया।

कासिमपुर थाना क्षेत्र के बाजारखेड़ा निवासी रंजीत ऑटो चला रहा था। मलहनखेड़ा निवासी अरविंद भी रंजीत के पास ही बैठा था। चावल लदे ट्रक की टक्कर लगने पर ऑटो पलट गया।

पलटने के दौरान इसमें सवार पिंकी, फूलजहां, अंकित सड़क पर जा गिरे। मौके पर ही इनकी की भी मौत हो गई। इनके शव सड़क पर बिखरे पड़े थे। रंजीत और अरविंद ऑटो का अगला हिस्सा बिल्कुल पिचक जाने से इसमें ही दब गए। राहगीरों ने फौरन ही दोनों को निकालने की कोशिश की शुरू की, लेकिन लगभग दस मिनट बाद पहुंची पुलिस ने किसी तरह दोनों को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों को ऑटो से निकालने की कोशिश में एक सिपाही के हाथ में भी चोट लग गई।

कछौना कोतवाली क्षेत्र के बहदिन निवासी अंकित (20) के हादसे के दौरान दोनों पैर कट गए। इसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर लगने से कटे उसके दोनों पैर सड़क पर बिखरे नजर आए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दोनों पैर शव के साथ ही रखवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे।

घटना के बाद सड़क पर खून ही खून फैला नजर आ रहा था। राहत कार्यों के लिए पहुंच रहे वाहनों के पहिये खून पर पड़ रहे थे तो खून की छीटें आसपास खड़े लोगों पर पड़ रही थीं। ऐसे में स्थानीय लोगों ने पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर खून पर मिट्टी डालना शुरू की। काफी देर तक मिट्टी डालने के बाद खून दिखना बंद हुआ और तभी वाहनों को आवागमन की छूट भी दी गई।

संडीला कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि घटना के बाद शवों का पोस्टमार्टम संडीला सीएचसी में कराया गया। इसके बाद एक-एक एंबुलेंस की व्यवस्था कर शवों को उनके परिजनों के साथ भेज दिया गया। घटना में मृत मां बेटे के शव एक साथ एक एंबुलेंस से ही भेजे गए। बाकी सभी के लिए अलग-अलग एंबुलेंस की व्यवस्था की गई।

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरलोड ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार मां-बेटा समेत सात लोगों की मौत हो गई। ऑटो में नौ लोग सवार थे। दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने ट्रक चालक राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। दुर्घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जताया है। हरदोई के संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर ट्रक और ओवरलोड ऑटो की टक्कर में मां-बेटा समेत सात लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

कासिमपुर थाना क्षेत्र के बाजार खेड़ा निवासी रंजीत (27) ऑटो चलाता था। बृहस्पतिवार सुबह वह उन्नाव जनपद के बांगरमऊ से सवारियां ऑटो में बैठाकर संडीला जा रहा था। ऑटो में चालक समेत नौ लोग सवार थे। कासिमपुर थाना क्षेत्र के संडीला बांगरमऊ मार्ग पर हरदलमऊ गांव के पास संडीला की तरफ से आ रहे चावल लदे ट्रक की ऑटो से भिड़ंत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद में बाइक सवार छात्र को कंटेनर ने रौंदा, घर से परीक्षा देने के निकला था, रास्ते में हो गया हादसा

**मुरादाबाद, एजेंसी।** मैनाठेर क्षेत्र बाइक सवार बीकॉम छात्र को कंटेनर ने रौंद दिया। इससे संभल के हयातनगर निवासी छात्र अक्षय की मृत्यु हो गई। छात्र मुरादाबाद के हिंदू कॉलेज में परीक्षा देने के लिए आ रहा था।

संभल के थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव दौलतपुर वाजिदपुर निवासी राजकुमार का बेटा अक्षय मुरादाबाद के हिंदू कॉलेज का बीकॉम का छात्र था। इस समय अक्षय की परीक्षा चल रही थी।

शुक्रवार को सुबह करीब छह बजे छात्र बाइक से परीक्षा देने के लिए आ रहा था। जैसे ही वह मैनाठेर क्षेत्र के संभल मुरादाबाद रोड स्थित पुल पर पहुंचा तो पीछे से आ रहे कंटेनर ने बाइक सवार छात्र को रौंद दिया।

हादसे के बाद चालक कंटेनर को लेकर फरार हो गया। जानकारी पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस घायल को जिला अस्पताल लेकर आई, लेकिन चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजन भी पहुंच गए।

### अस्पताल में तीमारदार और स्टाफ के बीच चल गए लात-घूंसे, बेड शीट पर खून देखकर बिगड़ा मामला

**अलीगढ़, एजेंसी।** एक अस्पताल में तीमारदार और अस्पताल स्टाफ भिड़ गए। जमकर लात-घूंसे चले। इसमें तीमारदार घायल हो गया। पुलिस, स्टाफ के दो कर्मी को थाने ले आई। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है।

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे का यह मामला क्वार्सी क्षेत्र में एटा चुंगी बाईपास पर क़यामपुर की ओर हार्दिक हॉस्पिटल का है। गुरुवार को हाथरस जिले के शिकन्दराराउ निवासी नेम सिंह को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी किडनी में इंफेक्शन था।

अस्पताल स्टाफ ने जांच के लिए ब्लड का नमूना लिया। बताया जा रहा है कि खून अधिक निकलने से बेड शीट पर लग गया। इससे स्वजन को लगा कि जांच के नाम पर ज्यादा खून निकाल लिया है।

### मोबाइल पर बात करते हुए युवती ने नदी में लगा दी छलांग, दूसरे दिन इस हाल में मिला शव

**बस्ती, एजेंसी।** नगर थानाक्षेत्र के कुआनो नदी स्थित मोहटा घाट पर गुरुवार की सुबह मोबाइल पर बात कर रही किशोरी ने अचानक पुल से नदी में छलांग लगा दी थी।

काफी तलाश के बाद पहले दिन पता नहीं लगा। घटना के दूसरे दिन सुबह करीब आठ बजे नदी में उतराता शव पुलिस ने बरामद किया। सूचना लगते ही एसओ नगर देवेन्द्र सिंह मौके पर गोताखोरों के साथ पहुंच कर किशोरी का शव नदी से बाहर निकलवाया।

एसओ ने बताया कि किशोरी की पहचान कर ली गई है। वह क्षेत्र के ककराई गांव के रहने वाले हीरालाल की बेटी 16 वर्षीय रोशनी थी। स्वजन ने बताया कि घर वालों पर किसी बात से गुस्सा होकर निकल गई थी। मोहटा घाट पर जाकर कुआनो में छलांग लगी दी थी। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नर्सरी के छात्र की स्कूल में संदिग्ध हालत में मौत, हंगामा;

**नैनी, एजेंसी।** महेवा स्थित डीडीएस जूनियर हाईस्कूल में गुरुवार को सुबह नर्सरी के एक छात्र की अचानक तबीयत बिगड़ गई। स्कूल में मौजूद शिक्षक व कर्मचारी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर देख कर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर उसके स्वजन विद्यालय पहुंचे और कक्षा में मौजूद शिक्षक पर पिटाई का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। यह देखकर स्कूल के शिक्षिक व कर्मचारी भाग निकले। नैनी पुलिस ने स्थिति को संभाला। मामले में स्कूल प्रबंधन व शिक्षिकाओं के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। महेवा पश्चिम पट्टी निवासी वीरेंद्र जायसवाल के दो बेटे और एक बेटी में सबसे छोटा पुत्र चार वर्षीय शिवाय जायसवाल महेवा स्थित डीडीएस जूनियर हाईस्कूल में नर्सरी में पढ़ता था। वह गुरुवार को स्कूल गया था।

## डूबते भाई को बचाने के लिए तालाब में कूदी बहन, दोनों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**लखनऊ, एजेंसी।** सुल्तानपुर के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में डूब रहे भाई को बचाने के लिए बहन तालाब में कूद गई। दोनों की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

सुल्तानपुर के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बबरही गांव में बृहस्पतिवार को दर्दनाक हादसा हुआ। यहां दो सगे भाई-बहन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। एक ही परिवार में दो बच्चों की मौत से कोहराम मचा गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार, बबरही गांव निवासी रामहित यादव कोलकाता में गाड़ी चालक हैं। उनके घर से 50 मीटर दूर पर एक तालाब है। बताया जा रहा है कि तालाब को गांव के ही रामबहादुर यादव ने मछली पालन के लिए ले रखा है। बृहस्पतिवार को तालाब में रामहित की भैंस डूबने लगी और भैंस को बचाने के चक्कर में उनका 12 वर्षीय पुत्र आदर्श यादव तालाब में कूद गया लेकिन तैराकी न आने के कारण वो डूबने लगा। दूर से भाई को डूबता देख बहन विनीता यादव (15) भी उसे बचाने के लिए तालाब में कूद गई। दोनों को डूबता देख गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन वो भी विफल हो गया और दोनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई। उधर बच्चों की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां नीलम यादव, भाई अजीत यादव (27), अनुपम (19) और पूजा (17) रो-रोकर बेसुध हो गए।

सूचना पाकर मौके पर पुलिस टीम के साथ एसओ विजय सिंह, एसडीएम जयसिंहपुर, शिव प्रसाद, लेखपाल लाल बहादुर श्रीवास्तव भी पहुंचे। पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और परिवार को ढांढस बंधाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सुहागरात पर दुल्हन छूमंतर, सच्चाई सामने आते ही दूल्हे के उड़ गए होश, भागा-भागा पहुंचा पुलिस के पास



**आगरा, एजेंसी।** एत्माद्दौला के सीतानगर से लुटेरे दुल्हन गहने और नकदी चुराकर फरार हो गई। चार अप्रैल को हुई इस घटना के बाद परिवार रिपोर्ट लिखाने के लिए भटकता रहा। शादी कराने वाला बिचौलिया उन्हें बरगलाता रहा। पीड़ित ने विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह से शिकायत की। विधायक के साथ पुलिस आयुक्त से मिले। इसके बाद थाना एत्माद्दौला में मुकदमा दर्ज किया गया है। सीतानगर की कुसुमा ने पुलिस को बताया कि वह बेटे रिंकू के लिए रिश्ता ढूंढ रही थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात अधिवक्ता जयप्रकाश धाकरे से हुई। उसने लड़की के गरीब परिवार का होने की जानकारी दी।

दोनों ओर का शादी का खर्च उठाने पर रिश्ता कराने का वादा किया। मिर्जापुर की युवती अंतिमा बताकर लड़की की फोटो दिखाई। उसके कथित मामा रामरतन, फूफा यादराम और बुआ से मिलवाया। रिश्ता पक्का कर चार मई की दोपहर 1.20 लाख रुपये ले लिए। शाम सात बजे नगला पदी के महादेव मंदिर में शादी करवा दी। नौ बजे वह बेटे और बहू को लेकर घर आईं। इसके बाद रात दो बजे दुल्हन बेटे रिंकू को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया।

सोने की अंगूठी, पायल और 1.30 लाख रुपये लेकर फरार हो गई। इंस्पेक्टर देवेंद्र दुबे ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मुठभेड़ में महिला से लूट के आरोपी को लगी गोली, मचा हड़कंप



**गोरखपुर, एजेंसी।** रेलवे स्टेशन के सरदार तिराहे पर महिला से लूट करने वाले बदमाशों में से एक को कैंट पुलिस ने गुरुवार की देर रात मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। बदमाश की पहचान पिपराइच में रहने वाले सूरज चौहान के रूप में हुई है, जिसे पैर में गोली लगी है।

सूरज पिपराइच के जंगल धूसड़ नंबर दो गांव का रहने वाला है। उसका साथी बिल्लू अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस को लूटा गया मोबाइल, दस्तावेज और हथियार बरामद हुए हैं।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि 30 अप्रैल 2025 को महेशरा गांव निवासी सरिता देवी अपने पति धर्मेंद्र के साथ मायके से ससुराल लौट रही थीं। सरदार तिराहे के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें घेरकर पर्स लूट लिया। पर्स में चांदी की अंगूठी, मोबाइल, 2000 नकद, एटीएम, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज थे। पीड़िता की तहरीर पर कैंट थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया गया था। पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हुई। गुरुवार की रात करीब एक बजे कैंट पुलिस विंध्यवासिनी पार्क के पीछे लिंक रोड पर चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की गई, तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश सूरज चौहान को बाएं पैर में गोली लगी। उसका साथी बिल्लू उर्फ राम सुधारे निषाद भाग निकला। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, दो खोखा व दो जिंदा कारतूस, सरिता देवी का मोबाइल, तीन एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की। एसपी सिटी ने बताया कि सूरज पर कुल 33 मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

## भूमि विवाद में बुजुर्ग की मौत के बाद ग्रामीणों का चक्का जाम, पुलिस ने दिलाया भरोसा



**बस्ती, एजेंसी।** लालगंज थानाक्षेत्र के कोप गांव में पांच दिन पूर्व भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान गुरुवार को मृत्यु हो गई थी। गुरुवार को लालगंज चौकी के सामने शव को रख कर ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया गया।

लगभग डेढ़ घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा है सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय ने समझा बूझकर जा रास्ता खुलवाया। उन्होंने ने बताया कि मारपीट की घटना में प्राणघातक हमले समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज है। गिरिजा की मृत्यु के बाद मुकदमे में धाराएं बढ़ाई जाएंगी। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द की जाएगी। मालूम हो कि कोप गांव में विक्रम यादव और गिरजा यादव के बीच भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। प्रकरण न्यायालय में लंबित है। उसी जमीन को लेकर बीते रविवार को दोनों पक्षों में लाठी-डंडा, पत्थर आदि से मारपीट हो गई थी। जिसमें दोनों पक्ष से कई लोग घायल हुए थे। मारपीट में गंभीर रूप से घायल गिरिजा पक्ष के शेषनाथ की तहरीर पर घटना के दूसरे दिन लालगंज पुलिस ने विक्रम यादव, दुर्गावती, दुरपत्ता, रामअशीष और रंजना सहित पांच लोगों के खिलाफ मारपीट व विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। दूसरे पक्ष से भी लोग घायल हुए थे।

## ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में अदाणी ग्रुप का बड़ा फैसला, बंद की एयरपोर्ट पर ड्रैगन पास से फ्री लाउंज सुविधा




**लखनऊ, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले हालात के बीच अब चीन की कंपनी के जारी पास से एयरपोर्ट पर लाउंज सुविधा देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। अदाणी ग्रुप के नियंत्रण वाले लखनऊ सहित कई एयरपोर्ट के डोमेस्टिक यात्रियों के लिए बने लाउंज में ड्रैगन पास की सुविधा नहीं मिलेगी। अदाणी ग्रुप के नियंत्रण में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के अलावा गुवाहाटी, मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट सहित देश के कई एयरपोर्ट पर बने डोमेस्टिक लाउंज का उपयोग यात्री कर रहे हैं। ड्रैगन पास चीन की कंपनी है जो लाउंज की सुविधा के लिए तय शुल्क लेकर यात्रियों को कार्ड प्रदान करती है। ड्रैगन पास की क्लासिक सदस्यता, प्रेफरेंशियल सदस्यता और प्रेस्टीज सदस्यता के लिए अलग-अलग शुल्क निर्धारित हैं। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के प्रवक्ता ने बताया कि ड्रैगन पास के साथ हमारी साझेदारी, जो एयरपोर्ट लाउंज तक पहुंच प्रदान करती थी, को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। यह बदलाव अन्य ग्राहकों के एयरपोर्ट लाउंज और यात्रा अनुभव पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा।

# फेसबुक पर दोस्ती कर 10.66 लाख रुपये ठगे, सीए को शादी का दिया था झांसा

**कानपुर, एजेंसी।** एसीजेएम प्रथम अभिनव तिवारी ने फेसबुक पर चार्टर्ड एकाउंटेंट से दोस्ती कर 10.66 लाख रुपये रुपये ठगने वाली युवती व उसके स्वजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश नजीराबाद थाना प्रभारी को दिए हैं। पुलिस के रिपोर्ट न दर्ज करने पर चार्टर्ड एकाउंटेंट ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा था।

अधिवक्ता संजय कुमार सिंह ने बताया कि जवाहर नगर निवासी चार्टर्ड एकाउंटेंट आनंद कुमार झा ने रांची की रहने वाली ईशा, उसकी मां रानी देवी, पिता शैलेंद्र किशोर, भाई विशाल पांडेय व मित्र शिवम कुमार के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दी थी।

इसमें कहा था कि फेसबुक पर उनकी दोस्ती ईशा कुमारी से हुई। उसने शादी का झांसा देकर 10,66,452 रुपये ऐंठ लिए। रकम ईशा ने अपने, अपनी मां रानी देवी, मित्र शिवम कुमार के बैंक खातों में मंगाई। बाद में उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने लगी। पता चला कि ईशा शादीशुदा है और उसका अपने पति अभय से रांची में मुकदमा भी चल रहा है।




अपर जिला जज 11 सुभाष सिंह की कोर्ट ने फर्जीवाड़ा कर दूसरे का मकान बेच देने वाले की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। बीटेक मैकेनिकल इंजीनियर त्रिपुरेश मिश्रा ने नौबस्ता थाने में हमीरपुर निवासी बृजबिहारीलाल, फतेहपुर के बिंदकी निवासी प्रत्यूष कुमार, सीसामऊ निवासी सक्षम सोनकर व फतेहपुर के अमौली निवासी आनंद कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इसमें कहा कि बूढ़पुर मछरिया में उसका एक पैतृक प्लाट है। इसका पट्टा पंजाब फ्रंटियर सहकारी आवास समिति लिमिटेड ने वर्ष 1985 में उसकी मां करुणा देवी मिश्रा के पक्ष में किया था। इसके बाद मकान का निर्माण हुआ लेकिन कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बृजबिहारी ने फर्जी पट्टा तैयार किया। इसके बाद प्रत्यूष को मकान की रजिस्ट्री कर दी।

इसमें सक्षम व आनंद गवाह बने। कब्जा करने की नीयत से एक दीवानी वाद दाखिल कर दिया। कोर्ट का सम्मन मिलने पर त्रिपुरेश को जानकारी हुई तो उससे 25 लाख रुपये रंगदारी मांगी गई। पुलिस ने बृजबिहारी लाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बृजबिहारी ने जमानत अर्जी दाखिल की थी लेकिन कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए अर्जी खारिज कर दी।

### कोर्ट ने एसीपी से तिथिवार रिपोर्ट मांगी

विवेचक द्वारा छह माह पहले चार्जशीट भेजे जाने के बावजूद एसीपी स्वरूप नगर द्वारा अब तक चार्जशीट कोर्ट नहीं भेजी गई। इस पर सीजेएम सूरज मिश्रा की कोर्ट ने एसीपी से 22 मई तक तिथिवार रिपोर्ट मांगी है। अधिवक्ता आकांक्षा सविता ने बताया कि फजलगंज में दुर्घटना में घायल होने के मुकदमे में एक साल बाद भी आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल नहीं किया गया था। इस पर उन्नाव के गोविंद सविता की ओर से प्रार्थना पत्र देकर कोर्ट से विवेचना की प्रगति जानने के लिए विवेचक से रिपोर्ट मंगाए जाने की मांग की गई थी। विवेचक ने रिपोर्ट में कहा था कि नवंबर 2024 को ही चार्जशीट एसीपी स्वरूप नगर कार्यालय में भेजी जा चुकी है। एसीपी कार्यालय से रिपोर्ट मंगाई गई लेकिन कई बार आदेश के बावजूद रिपोर्ट नहीं भेजी गई। इस पर सीजेएम ने एसीपी से 22 मई तक रिपोर्ट देने को कहा है।



# केसरी चैप्टर 2 की कामयाबी से मजबूत हुईं अनन्या पांडे, लेना चाहती हैं ये जोखिम

**अभिनेत्री अनन्या पांडे को हाल ही में फिल्म केसरी चैप्टर 2 में देखा गया था। उन्होंने कहा है कि वह और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण रोल अदा करने के लिए तैयार हैं। अनन्या ने साल 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह गहराइयां और सीटीआरएल जैसी में नजर आईं। हर फिल्म में उनकी अलग काबिलियत दिखाई दी है।**

## अधिक चुनौतीपूर्ण फिल्में करना चाहती हैं अनन्या

फिल्म कंपेनियन से बातचीत में अन्नया पांडे ने कहा मुझे लगता है कि पहले हमने भले बदहवासी में फैसला किया हो लेकिन अब पूरे होश व हवास में फैसला किया है। मैं नहीं चाहती कि मैं जैसी दिखती हूं उसी तरह जानी जाऊं। मैं गहराई में उतरना चाहती हूं। मैं अपने आपको धक्का देना चाहती हूं। मैंने महसूस किया है कि कई प्रोजेक्ट में काम करने के बाद मैं वापस नहीं जाना चाहती।

एक शैली में सीमित नहीं रहना चाहती अनन्या

अनन्या पांडे चुनौतीपूर्ण किरदारों के साथ प्रयोग करना चाहती हैं। पति पत्नी और वो और ओटीटी सीरीज कॉल मी बे में काम करने के बाद, अनन्या को लगता है कि अगर वह सिर्फ एक शैली तक ही सीमित रहती हैं, तो यह उनके फैंस के साथ अन्याय होगा।

अनन्या की पिछली फिल्म के बारे में

अनन्या पांडे ने हाल ही में रिलीज हुई केसरी चैप्टर 2 में अपने प्रदर्शन के लिए प्रशंसकों और आलोचकों दोनों से तारीफें लूटी हैं। फिल्म में उन्होंने दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार के साथ दिलरीत गिल की भूमिका निभाई है। फिल्म में आर माधवन भी हैं। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी ने किया है। ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर हिट रही है। फिल्म ने पहले तीन हफ्तों में लगभग 81.5 करोड़ रुपये कमाए हैं।



# दीपिका पादुकोण ने स्पिरिट के लिए मांगी 20 करोड़ फीस

बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण बीते साल 2024 में प्रभास के साथ तेलुगू में बनी पैन इंडिया रिलीज कल्कि 2898एडी में नजर आई थीं। फिर वह रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में डीसीपी शक्ति शेट्टी बनकर धुआंधार एक्शन करती नजर आईं। अब आगे वह शाहरुख खान के साथ जहां किंग में नजर आएंगी, वहीं खबर है कि उन्हें प्रभास के साथ एक बार फिर से स्पिरिट में कास्ट किया गया है। और तो और, एनिमल फेम संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के लिए दीपिका ने इतनी तगड़ी फीस ली है कि वह सुर्खियों में आ गई हैं!

दीपिका पादुकोण बीते साल 8 सितंबर 2024 को मां बनी हैं। वह इन दिनों बेटी दुआ की परवरिश में वक्त दे रही हैं। इस बीच रिपोर्ट में बताया गया है कि संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें प्रभास के अपोजिट स्पिरिट में कास्ट किया है। यह पर्दे पर मां बनने के बाद उनकी कमबैक फिल्म होगी। रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के हवाले से कहा गया है कि दीपिका को इस फिल्म के लिए उनके करियर की सबसे अधिक फीस मिल रही है।

## दीपिका ने स्पिरिट के लिए ली है 20 करोड़ फीस!

हालांकि, सटीक आंकड़े की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इनसाइडर रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि दीपिका पादुकोण को स्पिरिट के लिए करीब 20 करोड़ रुपये फीस मिल रही है। यदि यह सच है, तो दीपिका भारतीय सिनेमा में सबसे अधिक फीस लेने वाली एक्ट्रेस बन जाएंगी।

## देश की सबसे महंगी एक्ट्रेस में रश्मिका, प्रियंका, आलिया का भी नाम

देश में सबसे मोटी फीस लेने वाली एक्ट्रेसस में इस वक्त रश्मिका मंदाना से प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस का नाम शुमार है। फिल्हाल, टॉप एक्ट्रेसेस की फीस 10-15 करोड़ के बीच है। लेकिन दीपिका की 20 करोड़ की फीस इस मायने में एक नया बेंचमार्क है। हालांकि, इस फीस की चर्चा ऐसे समय में भी हो रही है, जब कई दिग्गज फिल्ममेकर्स एक्टर्स की बढ़ती फीस को लेकर चिंता जता चुके हैं।

## दीपिका ने दी हैं हिट, सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में

वैसे, दीपिका पादुकोण की फीस का बढ़ना कोई आश्चर्य नहीं है। ऐसा इसलिए कि उनकी झोली में पद्मावत, बाजीराव मस्तानी पीकू, ये जवानी है दीवानी और जवान जैसी हिट, सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में शामिल हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि दीपिका इस वक्त इंडस्ट्री की सबसे काबिल और सबसे भरोसेमंद स्टार हैं।

## जून-जुलाई में शुरू हो जाएगी स्पिरिट की शूटिंग

जहां तक स्पिरिट की बात है, तो प्रभास और दीपिका के साथ संदीप रेड्डी वांगा इसे ग्रैंड लेवर पर बना रहे हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म बताई जा रही है, जिसे पैन इंडिया रिलीज किया जाएगा। स्पिरिट की शूटिंग 2025 में जून-जुलाई के आसपास शुरू हो सकती है। प्रभास-दीपिका की पिछली फिल्म कल्कि - 2898एडी ने बॉक्स ऑफिस पर देश में 646.31 करोड़ का नेट कलेक्शन और वर्ल्डवाइड 1042.25 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था।



# पंचायत 4 के सभी पहलू लोगों को हंसाएंगे और रुलाएंगे भी...

फैसल मलिक इन दिनों अपनी अगली वेब सीरीज पंचायत 4 को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस सीरीज का टीजर रिलीज हुआ है। पंचायत में किरदार ऐसे लिखे गए हैं जिनसे लोग खुद को जोड़ लेते हैं। वो सीधा-सादा इंसान किसी को भी अपने पापा या चाचा जैसा लग सकता है। यही कॉमेडी और इमोशन का मेल है जो पंचायत को खास बनाता है। पंचायत देखकर गांव वाले सराहते हैं या नाराज होते हैं? गांव वाले बहुत प्यारे लोग हैं। शूटिंग के दौरान खाना खिलाते हैं, मदद करते हैं। अब तो पहचान भी गए हैं कि हम ढाई महीने वहीं रहेंगे। इसलिए एक अपनापन लगता है उनके बीच।

## पंचायत 4 में क्या नया है?

इस बार तो धमाल है! जब पहला सीजन बना था तब नहीं सोचा था इतना चलेगा, 2 बना तो उससे ज्यादा चला, 3 ने दोनों को पीछे छोड़ा। 4 में तो सबकुछ है। कहानी, डायरेक्शन और इमोशन, सभी का लेवल अप है। अब इस सीरीज को लोग खुद वायरल कर देते हैं, हमें खुद नहीं पता चलता कि सीरीज का कौनसा सीन कितना बड़ा हिट हो गया। इस बार के सीजन में सभी पहलू दर्शकों को हसाएंगे और रुलाएंगे भी। ये सीजन भी सभी के साथ कनेक्ट करेगा।

# राधिका आप्टे की सिस्टर मिडनाइट सिनेमाघरों में होगी रिलीज

अभिनेत्री राधिका आप्टे की बाफ्टा नॉमिनेटेड फिल्म सिस्टर मिडनाइट 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन करण कंधारी ने किया है। यह उनके निर्देशन की पहली फिल्म है। इसका निर्माण एलेस्टेयर क्लार्क, एना ग्रिफिन और एलन मैकएलेक्स द्वारा किया गया है।


फिल्म की कहानी राधिका आप्टे के किरदार के आस-पास घूमती है। नवविवाहित उमा (राधिका आप्टे) अपने पति गोपाल (अशोक पाठक) के साथ जीवन में सामंजस्य बैठाने की कोशिश करती है। मुंबई में एक छोटे से कमरे में साथ रहना उसके लिए आसान नहीं है। खासकर तब जब गोपाल घंटों गायब रहता है। बेमन से वह पड़ोसी शीतल (छाया कदम) की मदद से खाना बनाना सीखती है। इसके बाद गोपाल के चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के बाद असंतुष्ट उमा के लिए चीजें बदल जाती हैं। मच्छर के काटने से वह बीमार महसूस करने लगती है, वह पीली और पतली हो जाती है। धीरे-



## बाफ्टा में हुई नामांकित

इस साल के बाफ्टा में उत्कृष्ट ब्रिटिश डेब्यू के लिए नामांकित 'सिस्टर मिडनाइट' 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में सबसे चर्चित फिल्म थी। यह फिल्म गोल्डन कैमरा पुरस्कार और डायरेक्टर्स फोर्टनाइट के लिए नामांकित की गई थी। ब्रिटिश इंडिपेंडेंट फिल्म अवार्ड्स (ब्र्ब्ब्) के लिए भी यह नामांकित हुई थी। 'सिस्टर मिडनाइट' ने ऑस्टिन के फैंटास्टिक फेस्ट में नेक्स्ट वेव अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार भी जीता।

# ऐसी फिल्म करना चाहता था, जिससे सम्मान मिले



वेटरन एक्टर आदित्य पंचोली के बेटे और अभिनेता सूरज पंचोली इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'केसरी वीर' को लेकर चर्चाओं में बने हैं। फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली। इस बीच सूरज पंचोली ने अपने करियर को लेकर बात की। साथ ही अभिनेत्री जिया खान की मौत के मामले के बाद आई मुश्किलों पर भी खुलकर बात की। बातचीत में सूरज पंचोली ने कहा, मैं कई स्क्रिप्ट सुन रहा था, लेकिन मैं ऐसी फिल्म करना चाहता था जिससे मुझे सम्मान मिले। जो भी कैमरे के पीछे या सामने काम करता है, वे सभी बहुत मेहनत करते हैं। जब आपके काम की सराहना नहीं होती है, तो आप वास्तव में निराश महसूस करते हैं। इसलिए मैं ऐसी फिल्म करना चाहता था, जिसके बारे में लोग कहें कि ठीक है, शायद सूरज सक्षम है।

'केसरी वीर' को मैंने खुले दिमाग से किया अभिनेता ने आगे कहा, मैं फिल्मों में काम शुरू करने से पहले अपनी जिंदगी को पटरी पर लाना चाहता था। मैं एक दिन बैठा और अपने माता-पिता से बात की। मैंने कहा कि मुझे यह काम पूरा करने दीजिए, मैं बाद में काम करूंगा। मैं जो चाहूंगा करूंगा, लेकिन पहले मुझे यह काम पूरा करने दीजिए। भगवान का शुक्र है कि मैं यह सब अब कर चुका हूं। 'केसरी वीर' पहली फिल्म है जिसे मैंने नए, खुले और केंद्रित दिमाग से किया है। मैं केवल इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि कैसे प्रदर्शन करना है। अच्छी चीजों में समय लगता है। अथिया शेट्टी के साथ फिल्म 'हीरो' से अपने करियर की शुरूआत करने वाले सूरज पंचोली अब 'केसरी वीर' में अथिया के पिता सुनील शेट्टी के साथ नजर आ रहे हैं। इस पर सूरज का कहना है, अथिया ने 'हीरो' में मेरे पिता के साथ काम किया और अब मैं सुनील सर के साथ काम कर रहा हूं। इसलिए, यह सब वापस आ रहा है। मेरे लिए अपने जीवन को फिर से शुरू करने के लिए इस फिल्म से बेहतर कुछ नहीं है।

## 23 मई को रिलीज होगी 'केसरी वीर'

'केसरी वीर' में सूरच पंचोली के साथ सुनील शेट्टी, आकांक्षा शर्मा और विवेक ओबेरॉय भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रिंस धीमन द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



# मुझे अचानक स्टार प्लस से एक हजारों के लिए लॉक कर दिया

निया शर्मा इन दिनों निया लाफ्टर शेफ्स 2 में जमकर लोगों का मनोरंजन कर रही हैं। हालांकि यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी जद्दोजहद की है। उन्होंने अपनी लाइफ के स्ट्रगल का किस्सा खुद सुनाया था और बताया था कि शुरुआती दिनों में वो किस तरह के घर में रही हैं। निया ने कहा कि सच ये है कि उन्हें एक्टिंग में आना ही नहीं था। उन्होंने एक बार भारती और हर्ष लिंबाचिया के चैट शो पर कहा कि उन्हें जर्नलिज्म स्टूडेंट बनना था तो हिंदी इंग्लिश में अपना कैमरा उठाकर माइक पर बोलना शुरू किया। निया शर्मा ने कहा, हमेशा से ये सब करती थी मैं स्टेज वगैरह पर। मुझे जर्नलिज्म में ही जाना था तो उसके लिए मैं इधर-उधर जाती रहती थी इंटर्नशिप कर ली, कहीं कुछ कर ली।


## दिल्ली वापस जाकर कुछ और करने का था प्लान

इस थ्रोबैक चैट पर उन्होंने कहा था, हर्ष, आप बिलीव नहीं करोगे, मेरा वही ऑडिशन हो गया और वो मेरे को मुंबई ऑडिशन बुलाए, फर्स्ट सेकंड होगा, मैंने उतने ऑडिशन दिए भी नहीं। एक हजारों ..नहीं वो काली एक अग्नि परीक्षा के लिए था, जिसमें आशुतोष राणा थे। वो कोई रियल स्टोरी थी,मेरा मम्मी ने जाने दिया, स्टार प्लस का शो था तो कौन मना करेगा। तो मै आ गई, सोचा 6 महीने के बाद वापस दिल्ली जाकर अपना पोस्ट ग्रैजुएशन करूंगी और जर्नलिज्म बीसीए, एमसीए होता है वो करूंगी। उन्होंने आगे कहा, मैंने वापस जा रही थी, मम्मी के लिए गिफ्ट खरीद लिए, सब हो गया तो मुझे अचानक स्टार प्लस से एक हजारों के लिए लॉक कर दिया सेकंड ऑडिशन मैंने कब दिया होगा याद भी नहीं। मेरा टिकट कैंसिल हुआ दिल्ली का। वो शो एक साल से पाइपलाइन में था।

## मैंने स्क्रैच से स्टार्ट किया, उस घर में रही जहां सामने बेड था

अपनी को-स्टार क्रिस्टल के बारे में बातें करते हुए निया ने कहा, उसके पास गाड़ी भी थी, मैं एक रेंटेड अपार्टमेंट में पीजी में रहती थी तब एक रूम वाले फ्लैट में। फोर्थ फ्लोर पर, लिफ्ट भी नहीं थी उसमें, पॉट भी इंडियन था। इमैजिन भी नहीं कर सकते। मैंने स्क्रैच से स्टार्ट किया। मैं वैसे भी घरों में रही हूं जहां पे दरवाजा खुलते ही सामने मेरा बेड था।, जो ओनर थे उसका वन रूम किचन में उसका रूम था। मैं सामने सो रही होती थी यार गेट खुलते ही इतने से बेड पर, मैं ऐसे पीजी में भी रही हूं। उन्होंने कहा, वो पूरी-पूरी रात पार्टीज़ करती थी अपने 80 हजार फ्रेंड्स लेकर आती थी उस घर में, मुझे सुबह वापस साढ़े 8 बजे मुझे सेट पर जाना होता था, 3 बजे मुझे छोड़ते थे, मुझे सिर्फ 4 घंटे की नींद होती थी जिसमें से वे पार्टी किया करते, मैं बालकनी में बैठकर रोई हूं।

# ज़ायद खान की ओटीटी पर धमाकेदार डेब्यू होने का वादा



बॉलीवुड अभिनेता ज़ायद खान अपनी बहुप्रतीक्षित फ़िल्म द फ़िल्म दैट नेवर वाज़ के साथ ओटीटी डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मोहित श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित यह फ़िल्म अपने अनोखे विज़न और अभूतपूर्व हास्य की गारंटी के चलते पहले से ही चर्चा में है। फिल्म में लगभग 22 बॉलीवुड सितारों के कैमियो होने की चर्चाओं ने फिल्म प्रेमियों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है, जो ज़ायद को उनके अब तक के करियर से बिल्कुल अलग भूमिका में देखने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। 'द फिल्म दैट नेवर वाज़' की खासियत सिर्फ इसके सितारों से सजी कास्ट में ही नहीं है, बल्कि इसके चारों ओर फैले रहस्य में भी है। फिल्म के बारे में जानकारियाँ बेहद गोपनीय रखी जा रही हैं, जिससे दर्शकों की जिज्ञासा और भी बढ़ गई है। ज़ायद ने खुद इशारा किया है कि उनका किरदार, इस फिल्म में जिसे शॉर्ट में TFTNW कहा जा रहा है, उनके लिए पूरी तरह नया और चुनौतीपूर्ण है। इससे साफ होता है कि फिल्म में उनका रूपांतरण कुछ ऐसा होगा जिसे देखने के लिए दर्शक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। यह फिल्म सिर्फ एक हास्य फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा भी प्रतीत हो रही है, जो दर्शकों के दिल को भी छू सकती है।

# टेस्ट कप्तानी की रेस में राहुल का नाम

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 7 और 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप की कमी हो गई। रोहित 4 साल से कप्तान थे, वहीं कोहली की कप्तानी में टीम ने 8 साल तक विदेश में 15 टेस्ट जीते। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ही टीम के सीनियर प्लेयर बचे। राहुल और बुमराह को कप्तानी का अनुभव है। वहीं युवा शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं।



## बुमराह बड़े दावेदार, फिटनेस परेशानी

जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बॉलिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका।बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें लंबी टेस्ट सीरीज के दौरान 1-2 मैच का रेस्ट देना भी जरूरी होता है। भारत में तो जीतने के लिए बुमराह का सभी मैच खेलना जरूरी भी नहीं। इसलिए उनका परमानेंट कप्तान बनना मुश्किल है।फिर भी अगर बुमराह कप्तान बने तो टीम को 1 या 2 उप कप्तान बनाने होंगे, जो बुमराह की गैरमौजूदगी में जिम्मेदारी संभालते रहें। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह ने फिटनेस का हवाला देते हुए कप्तानी करने से मना कर दिया है। उनका इंग्लैंड में सभी मैच खेलना भी मुश्किल है।

## फिटनेस की वजह से पिछड़ सकते हैं बुमराह, युवा शुभमन और पंत भी दावेदार

## ऋषभ पंत इंग्लैंड में सेंचुरी लगा चुके

भारत की मौजूदा टीम में कुछ ही प्लेयर्स ऐसे हैं, जिनकी प्लेइंग-11 में जगह खतरे में नहीं दिखती। ऋषभ पंत उनमें से एक हैं। पंत पिछले 6 साल में दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बैटर बन चुके हैं। वे इस फॉर्मेट में कई मैच विनिंग पारियां खेल चुके हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय विकेटकीपर भी हैं।पंत को कप्तान बनाना थोड़ा रिस्की हो सकता है, क्योंकि उनकी बैटिंग भी बहुत रिस्की रहती है। मैनेजमेंट अगर उन्हें कप्तान बनाए तो टीम को उनकी बैटिंग की तरह ही कप्तानी में भी चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिल सकते हैं। पंत ने किसी भी फॉर्मेट में भारत की कप्तानी नहीं की। हालांकि, उन्हें आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव जरूर है।

## शुभमन कप्तानी की रेस में सबसे आगे

शुभमन कप्तानी की रेस बुमराह के बाद सबसे आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाल ली थी।अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है।

# आईपीएल 2025 शुरू होने से पहले तिरुपति मंदिर पहुंचे संजीव गोयनका, मांगीं मन्नतें



**तिरुमाला (आंध्र प्रदेश) (एजेंसी)।** आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के चेयरमैन और लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल टीम के मालिक संजीव गोयनका और उनके परिवार ने तिरुपति तिरुमाला मंदिर में दर्शन किए और प्रार्थना की। भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर, जो भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है, भारत के सबसे अधिक दर्शन किए जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है, जो हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है।

संजीव गोयनका और उनके परिवार का मंदिर दर्शन भारतीय प्रीमियर लीग के इस सीजन के फिर से शुरू होने से एक दिन पहले हुआ। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। इससे पहले गुरुवार को, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव को चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष सीजन से बाहर कर दिया गया। आईपीएल ने एक बयान जारी कर इस फैसले की घोषणा की। 22 वर्षीय यादव को न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओराउरके ने रिप्लेस किया है। उन्हें पीठ की चोट है।

## लखनऊ सुपर जायंट्स की स्थिति

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) वर्तमान में आईपीएल 2025 अंक तालिका में 7वें स्थान पर है, उनके पास 11 मैचों में 10 अंक हैं।उनकी नेट रन रेट (एनआरआर) -0.469 है। एलएसजी ने 14 लीग मैचों में से 5 जीते और 6 हारे हैं। प्लेऑफ में क्वालीफाई करने की उनकी संभावनाएं कम हैं, क्योंकि शीर्ष चार टीमें (गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, और मुंबई इंडियंस) के पास 14 से 16 अंक हैं। लखनऊ को अपने बाकी बचे मैच जीतने होंगे और अन्य टीमों के परिणामों पर निर्भर रहना होगा।

# मयंक यादव साल में तीसरी बार चोटिल, आईपीएल से हुए बाहर, बीसीसीआई पर उठे सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (पूर्व में एनसीए) को उस समय शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा, जब भारत के उभरते तेज गेंदबाज मयंक यादव को पीठ की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों से बाहर होना पड़ा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने घोषणा की कि मयंक की जगह न्यूजीलैंड के विलियम ओ'राउरके शेष टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होंगे। मयंक ने छह महीने के 'रिहैबिलिटेशन' के बाद वापसी की थी, लेकिन दो मैचों में 8 ओवरों में 100 रन देकर केवल 2 विकेट ले सके। उनकी गेंदबाजी की गति में 15 किमी प्रति घंटे की कमी देखी गई और उनके गेंदबाजी एक्शन में भी बदलाव नजर आया। रिकॉर्ड के अनुसार, मयंक ने 30 मार्च 2024 से 4 मई 2025 के बीच 9 टी20 मैच खेले, जिसमें पिछले साल लखनऊ के लिए 4 मैच शामिल थे, जहां उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सुर्खियां बटोरी थीं।



# आईसीसी के फैसले से टीम इंडिया की बल्ले-बल्ले, डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद मिलेगा मोटा पैसा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच लॉर्ड्स में एक महीने से कम समय में होगा। आईसीसी ने पुष्टि की कि विजेता को 3.6 मिलियन डॉलर (लगभग 30.79 करोड़ रुपए) मिलेंगे, जो पिछले संस्करणों (2021 और 2023) के 1.6 मिलियन डॉलर से दोगुना है। कुल पुरस्कार राशि 5.76 मिलियन डॉलर है, जो पहले के चक्रों से अधिक है। उपविजेता को 2.16 मिलियन डॉलर (लगभग 18.48 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो पिछले 0.8 मिलियन डॉलर से काफी ज्यादा है। तीसरे स्थान पर रही भारत को 12.32 करोड़ रुपये मिलेंगे। आईसीसी ने कहा कि इस चक्र में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसमें खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन और फाइनल में दो मजबूत टीमों का मुकाबला क्रिकेट का उत्सव है।

आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच लॉर्ड्स में होने वाला मुकाबला दुनिया भर के प्रशंसकों को शानदार टेस्ट क्रिकेट का अनुभव देगा। उन्होंने दोनों टीमों को इस ऐतिहासिक मैच के लिए शुभकामनाएं दीं। दक्षिण अफ्रीका, 2023-25 डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में शीर्ष पर रही, ने पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ सीरीज जीतकर और भारत के साथ घरेलू ड्रॉ के साथ फाइनल में जगह बनाई। यह उनकी पहली डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने की कोशिश होगी। कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि फाइनल में पहुंचना हमारे लिए बड़ा अवसर है। टेस्ट क्रिकेट के महत्व को समझते हुए, हम लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। 11 जून को होने वाले इस मुकाबले के लिए उत्साह चरम पर है।



ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को 3-1 से हराकर 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में प्रवेश किया। न्यूज़ीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू व विदेशी सीरीज में जीत और पाकिस्तान को 3-0 से रौंदने के साथ उन्होंने अपनी जगह पक्की की। ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य टूर्नामेंट के पहले दो बार चैंपियन बनकर इतिहास रचना है। कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी खिताब का बचाव करना गर्व की बात है।

# बार्सिलोना 28वीं बार बना ला लीगा चैंपियन, यमल के शानदार गोल से जीती टीम

**बार्सिलोना, एजेंसी**

स्पेन के स्टार युवा फुटबॉलर लामिन यमल के शानदार गोल की बदौलत बार्सिलोना ने गुरुवार को एस्पेनयॉल को 2-0 से हराकर दो मैच शेष रहते हुए 28वीं बार ला लीगा का खिताब को अपने नाम किया। ला लीग स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग है।



## यमल और लोपेज ने दागे गोल

मैच का पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद 17 साल के यमल ने 53वें मिनट में गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई और फेरमिन लोपेज ने स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) में गोल कर टीम की 2-0 से जीत पक्की कर दी। एफसी बार्सिलोना की यह 36 मैचों में 27वीं जीत है और टीम ने 85 अंक के साथ खिताब पक्का कर लिया। दूसरे स्थान पर काबिज रियल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 78 अंक है और अब उसके लिए बार्सिलोना की बराबरी करना संभव नहीं है।

## यमल की शानदार ड्रिब्लिंग

यमल ने एस्पेनयॉल के दो डिफेंडरों को छकाते हुए अपने चिर-परिचित अंदाज में बायें पैर से गोल पोस्ट कॉर्नर में गेंद को मार कर अपने इस शानदार सत्र को और यादगार बनाया। पिछले साल स्पेन को यूरो कप जीतने में अहम भूमिका निभाने वाले यमल ने अपनी ड्रिब्लिंग और प्लेमेकिंग की कौशल से सभी को प्रभावित किया और बताया कि क्यों उन्हें आने वाले समय का सुपरस्टार कहा जाता है। यमल के साथ राफिन्हा, पेड्री जैसे दिग्गज खिलाडियों ने इस सत्र में बार्सिलोना के अभियान को यादगार बना दिया।

## पेड्री का 200वां मैच बना खास

22 साल के पेड्री का यह बार्सिलोना के लिए 200वां मैच था। एस्पेनयॉल को 80वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिआंड्रो कैबरेरा को गेंद को लेकर विवाद करते समय यमल के पेट पर गेंद मारने के कारण रेड कार्ड दिखा गया। लोपेज ने स्टॉपेज समय में गोल कर टीम की जीत पर मुहर लगा दी।

## मेसी ने भी पुरानी टीम को दी बधाई

दिग्गज लियोनेल मेसी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये अपनी पुरानी टीम को चैंपियन बनने की बधाई दी। रियल मैड्रिड ने भी अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी को एक्स पर बधाई दी, जबकि बार्सीलोना के हजारों प्रशंसक शहर के मुख्य क्षेत्र में इस खिताब का जश्न मनाया।

एक कार दुर्घटना के कारण शुरुआती मिनटों में रेफरी ने खेल को कुछ समय के लिए रोक दिया था। यहां के आरसीडीई स्टेडियम के बाहर भीड़ में कार के घुसने ये कई लोग घायल हो गए थे।अधिकारियों ने हालांकि कहा कि यह एक दुर्घटना थी और इसका इस मैच से कोई संबंध नहीं था।

## ला लीगा के अन्य मैचों का हाल

अन्य मैचों में चौथे स्थान पर काबिज एथलेटिक बिलबाओ ने गेटाफे पर 2-0 से जीत हासिल कर चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की की। तीसरे स्थान पर मौजूद एटलेटिको मैड्रिड को ओसासुना के खिलाफ 2-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि रियल बेटिस को रेयो वैलेकानो के साथ 2-2 से ड्रा खेलने के बाद चैंपियंस लीग के क्वालिफिकेशन के लिए पांचवें स्थान पर पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। टीम 59 अंक के साथ छठे पायदान पर है।

# शुभमन गिल को अभी समय चाहिए, रविंद्र जडेजा बना सकते हैं कप्तानः अश्विन



**चेन्नई ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारतीय टेस्ट कप्तानी के लिए अपने लंबे समय के स्पिन जोड़ीदार रवींद्र जडेजा का नाम सुझाया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर गुरुवार को यह राय जाहिर की।अश्विन ने कप्तानी के दावेदारों पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ स्पष्ट विकल्प हैं, लेकिन मैं रवींद्र जडेजा का नाम भी जोड़ना चाहूंगा। कप्तान या उप-कप्तान की चर्चा से पहले खिलाड़ी का प्लेइंग इलेवन में होना जरूरी है। जडेजा एक स्वाभाविक चयन हैं। उन्होंने आगे कहा कि जडेजा टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। अगर नए खिलाड़ी को दो साल तक तैयार कर कप्तान बनाया जा सकता है, तो जडेजा भी दो साल तक यह भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें उप-कप्तान के रूप में भी आजमाया जा सकता है।36 वर्षीय जडेजा ने 80 टेस्ट में 3,370 रन (34.74 की औसत, 4 शतक, 22 अर्धशतक) और 323 विकेट लिए हैं। हालांकि, जडेजा ने भारत के लिए किसी भी प्रारूप में कप्तानी नहीं की है। उन्होंने 2022 आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी की थी, लेकिन 8 में से केवल 2 मैच जीतने के बाद बीच सीजन में एमएस धोनी को कप्तानी सौंप दी थी।

### दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका

# आईपीएल के बाकी बचे मैच खेलने भारत नहीं आएंगे स्टार्क

**सिडनी, एजेंसी**

मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2025 के बाकी मैचों से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टूर्नामेंट के बाकी मैचों के लिए दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होने के लिए भारत नहीं लौटेगा। यह दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक बड़ा झटका है, जिन्होंने अभी तक आईपीएल 2025 प्लेऑफ के लिए जगह पक्की नहीं की है।

स्टार्क 11 मैचों में 26.14 की औसत से 14 विकेट लेकर सीजन में अब तक डीसी के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



## 24 मई को दोबारा खेला जाएगा धर्मशाला में रद्द हुआ मुकाबला

धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ डीसी का पिछला मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया था, जो अब 24 मई को फिर से खेला जाएगा। बहरहाल, माना जा रहा है कि स्टार्क विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा बनेंगे, जहां गत चैंपियन का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

वहीं, इस बात की अभी भी कोई पुष्टि नहीं हुई है कि फाफ डु प्लेसिस डीसी लौटेंगे या नहीं, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी वापसी की पुष्टि की है, लेकिन केवल बाकी लीग चरण के लिए, जिसके बाद वह डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए रवाना होंगे। डीसी ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के स्थान पर मुस्तफिजुर रहमान को भी साइन किया है, जो भारत नहीं लौट रहे हैं।

आईपीएल 2025 में मुस्तफिजुर की भागीदारी को लेकर अभी भी थोड़ी अनिश्चितता है, क्योंकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि क्रिकेटर ने अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए संपर्क नहीं किया है। वे अभी यूएई के खिलाफ टी20ई सीरीज खेलने के लिए शारजाह में है।

आईपीएल में अन्य ऑस्ट्रेलियाई लोगों के बारे में बात करते हुए, पैट कमिंस और ट्रैविस हेड दोनों सनराइजर्स हैदराबाद के साथ जुड़ने के लिए भारत लौट रहे हैं, जो प्लेऑफ़ की दौड़ से बाहर हैं और 25 मई को सीजन के लिए अपना अभियान समाप्त करेंगे, जिससे दोनों खिलाड़ियों को डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। लीग चरण में डीसी के अभी भी तीन मैच बाकी हैं, और उनका अगला मुकाबला रविवार को गुजरात टाइटन्स से होगा।

# जॉनसन का बेतुका बयान, विदेशी खिलाड़ियों को शेष मैचों से दूर रहने को कहा

**सिडनी, एजेंसी**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन का एक बेतुका बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि विदेशी खिलाड़ियों का आईपीएल के शेष मैचों के लिए लौटना बुद्धिमानी भरा फैसला नहीं है। उन्होंने विदेशी खिलाड़ियों से भारत-पाकिस्तान तनाव की वजह से उत्पन्न मौजूदा परिस्थितियों को लेकर बयान दिया और कहा कि विदेशी खिलाड़ियों को पैसों से ज्यादा अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष और सीमा पर तनाव के कारण दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग को नौ मई को निलंबित कर दिया गया था। इसके निलंबन के एक दिन बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की गई। इससे शनिवार से आईपीएल के फिर से शुरू होने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, जॉनसन का मानना है कि विदेशी खिलाड़ियों के लिए बाकी बचे मैचों में भाग न लेना समझदारी होगी।



उन्होंने वेस्ट ऑस्ट्रेलियन अखबार के लिए अपने कॉलम में लिखा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने खिलाड़ियों को अपने निर्णय लेने का अधिकार दिया है, लेकिन उनके लिए विकल्पों का चयन करना मुश्किल हो सकता है। क्रिकेट में इन दिनों बहुत ज्यादा पैसे खर्च हो रहे हैं, लेकिन यह अब भी एक खेल ही है और इस सप्ताह आईपीएल के बंद होने के बाद इस बात पर काफी ध्यान गया है।

उन्होंने कहा, मुझे अगर यह फैसला करना पड़े कि भारत वापस लौटकर टूर्नामेंट खत्म करूं या नहीं, तो यह एक आसान फैसला होगा। मैं इसका जवाब नहीं में देना पसंद करूंगा। जिंदगी और सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण चीज है, पैसे नहीं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने व्यापक विचार-विमर्श करने और सरकार से आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के बाद लीग को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। इसका फाइनल पहले से तय 25 मई की जगह अब तीन जून को खेला जाएगा। हालांकि, अब तक फाइनल समेत प्लेऑफ के चार मैचों का स्थान तय नहीं किया गया है।

संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक प्लेऑफ में भाग लेने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को 11 जून से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा।

किसी को वापस जाने के लिए दबाव महसूस नहीं करना चाहिए

जॉनसन ने कहा, यह एक व्यक्तिगत फैसला है। किसी को भी वापस जाने के लिए मजबूर या दबाव महसूस नहीं करना चाहिए। भले ही आईपीएल और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) इसके लिए कड़ी मेहनत करें। दोनों टूर्नामेंटों को अभी समाप्त कर देना चाहिए या स्थानांतरित करने पर विचार करना चाहिए।

उन्होंने डब्ल्यूटीसी फाइनल का जिक्र करते हुए कहा, यह मत भूलिए कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के कुछ खिलाड़ियों को आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए तैयारी करने की जरूरत होगी। आईपीएल फाइनल अब तीन जून तक टाल दिया गया है, जो लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल शुरू होने से ठीक एक सप्ताह पहले है। टेस्ट क्रिकेट के सबसे अहम मैच में से एक के लिए खिलाड़ियों की तैयारी प्रभावित होना भी एक बड़ा मुद्दा है।

## न्यूज बाइट्स

### विभिन्न स्थानों पर की गई सघन वाहन जांच

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिले में अपराध पर नियंत्रण और मद्यनिषेध कानून को प्रभावशाली ढंग से लागू करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में बीती रात्रि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वरीय पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान खासकर संवेदनशील क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर केंद्रित रहा, जहां संदिग्ध वाहनों की जांच की गई और मद्यपान या अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य रात्रि में आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराध की किसी भी आशंका को पहले ही निष्प्रभावी करना है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### पुलिस ने अपहृता को किया सकुशल बरामद

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जिले की पुलिस ने अपहरण के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया। यह कार्रवाई नरारी कला खुर्द थाना द्वारा की गई, जिसमें पुलिस की सतर्कता और संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से नजर आई। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बारुण थाना क्षेत्र में सघन छानबीन शुरू की। इसी क्रम में अपहृता को सुरक्षित ढंग से बरामद कर लिया गया। बरामदगी के उपरांत अपहृता को उनके परिजन सुरेन्द्र पासवान, निवासी थाना नरारी कला खुर्द के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की तत्परता की सराहना की है। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में शीघ्र कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए टीम पूरी तरह सजग है।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन अभियान तेज

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव-2025 को ध्यान में रखते हुए जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नक्सलवादियों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखना और चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना है। पुलिस टीम सतर्कता से क्षेत्र की निगरानी कर रही है ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित घटना को रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी पूर्ण समन्वय के साथ चुनावी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। चुनाव की निष्पक्षता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### चोरी की बाइक बरामद

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने रेलवे स्टेशन के समीप से चोरी की एक बाईक बरामद किया। वहीं चोर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि वाहन का  नंबर से सर्च किया गया तो जानकारी मिली कि दनई गांव निवासी शिवकुमार यादव की यह बाईक  महराजगंज के पास से सोमवार को चोरी हो गया था।जिसकी प्राथमिकी थाना में दर्ज की गयी थी। उन्होंने बताया कि वाहन चोरी में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### विद्युत चोरी के विरुद्ध छापेमारी, तीन पर प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** विद्युत चोरी के विरुद्ध विभाग ने पोगर गांव में ज्ञानचंद प्रसाद, राकेश कुमार एवं सुरेंद्र प्रसाद के घर छापामारी किया। इन लोगों द्वारा विद्युत राशि बकाया होने के कारण पूर्व में कनेक्शन काट दिया गया था।बावजूद टोका फंसाकर विद्युत चोरी की जा रही थी। ज्ञानचंद प्रसाद को 35457 रुपया, राकेश कुमार को 33002 एवं सुरेंद्र प्रसाद को 20312 रुपया जुर्माना लगाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि विद्युत चोरी के विरुद्ध विभाग द्वारा तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

औरंगाबाद को कैबिनेट से बड़ी सौगातें : शिक्षा, जल और शहरी विकास योजनाओं को मिली हरी झंडी

# औरंगाबाद में खुलेंगें अतिरिक्त केन्द्रीय विद्यालय, मदनपुर को मिला नगर पंचायत का दर्जा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बिहार सरकार की कैबिनेट बैठक में औरंगाबाद ज़िले के सर्वांगीण विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। शिक्षा, पेयजल और शहरी सुविधाओं के क्षेत्र में ज़िले को बड़ी सौगात मिली है, जिससे यहां के लाखों लोगों को लाभ होगा। सरकार ने जिन योजनाओं पर मुहर लगाई है, वे जिले की मूलभूत ज़रूरतों को पूरा करने के साथ-साथ सामाजिक व शैक्षणिक विकास को भी नई दिशा देंगी।

राज्य सरकार ने केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए औरंगाबाद जिले में दो जगहों पर कुल लगभग 8 एकड़ भूमि केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी है। एक ओर, देवकुंड मौजा में 4 एकड़ भूमि केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिए केंद्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय को दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर, औरंगाबाद अंचल के रामडीहा और गंगटी गांवों में 3.96 एकड़ भूमि भी इसी उद्देश्य से प्रदान की जाएगी। ये दोनों भूमि मात्र 1 रुपये टोकन रेट पर 30 वर्षों के लीज पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे जिले में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छात्रों के लिए।

शिक्षा के साथ-साथ बुनियादी नागरिक सुविधाओं के विकास पर भी सरकार ने ध्यान केंद्रित किया है। औरंगाबाद शहर के लिए जलापूर्ति से जुड़ी एक बड़ी परियोजना को मंज़ूरी दी गई है। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 72.44 करोड़ रुपये की लागत से जल वितरण नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा, जिसमें 135.1 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी और 11,425 घरों को पाइप से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यह परियोजना शहर में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को सशक्त बनाएगी और जल संकट की समस्या से राहत दिलाएगी।

इसके अलावा, दशवतखाप और मदनपुर को मिलाकर एक नया नगर पंचायत 'मदनपुर' बनाने का भी निर्णय लिया गया है। इन क्षेत्रों को शहरी निकाय में शामिल किए जाने से अब यहां के लोगों को नगरपालिका स्तर की सुविधाएं जैसे जल निकासी, कचरा प्रबंधन, सड़क निर्माण आदि उपलब्ध होंगे। इससे इन इलाकों में रह रहे नागरिकों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा।

राज्य सरकार के ये निर्णय न केवल औरंगाबाद के शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि आधारभूत ढांचे और नागरिक सेवाओं को भी बेहतर बनाएंगे। ज़िले के लोगों में इन घोषणाओं को लेकर खुशी और आशा की लहर है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इन योजनाओं का स्वागत किया है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इसके लिए धन्यवाद दिया है।

## नशे में धुत पति को पत्नी ने भेजवाया जेल, मारपीट से तंग आकर उठाया कदम

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र से सामने आई है, जहां एक पत्नी ने नशे में मारपीट करने वाले अपने पति के खिलाफ आवाज उठाई और उसे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। अब्दुलपुर भुइयां विगहा की रहने वाली विंदिया देवी ने अपने पति बजरंगी चौधरी के खिलाफ थाना में मामला दर्ज कराया, जिसमें उन्होंने बताया कि उनका पति लंबे समय से शराब पीने का आदी है और नशे की हालत में आए दिन उनके साथ मारपीट करता है। पीड़िता ने बताया कि पति जो भी कमाकर लाता है, वह सब शराब पर खर्च कर देता है और घर में खाने तक की दिक्कत हो जाती है। घरेलू हिंसा से तंग आकर उन्होंने पुलिस की मदद लेने का फैसला किया। विंदिया देवी ने साहस दिखाते हुए थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक में दिखी एकजुटता, कार्यकर्ताओं ने भरी जीत की हुंकार

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




शुक्रवार को औरंगाबाद में भारतीय जनता पार्टी औरंगाबाद के जिला कार्य समिति का बैठक होटल मृगनैनी में संपन्न हुआ इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश के नेता कौशल विद्यार्थी जी विधान परिषद दिलीप कुमार सिंह जी जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा जी जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी पूर्व विधान परिषद राजन सिंह बिहार प्रदेश के प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलंकर कार्य समिति बैठक का उद्घाटन किया कार्यक्रम का संचालन टैगोर कुमार ने किया इस कार्यक्रम मे सभी वक्ताओं ने पार्टी के मजबूती पर बल देते हुए एकजुट होकर आगामी चुनाव को जीतने का हुंकार भी भरा सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष का अध्यक्ष भाषण हुआ उसने सभी कार्यकर्ताओं को आगरा करते हुए कहा कि सब एकजुट होकर काम करेंगे तो औरंगाबाद में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार होगी जिला और मंडल के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पद का ध्यान न रखते हुए मजबूती से कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे और आने वाले दिनों में नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे वहीं विषय प्रवेश करते हुए जिले के महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का और पार्टी के निर्देशानुसार बूथ कमेटी से लेकर पंचायत तक मंडल तक भाजपा की कमेटी को मजबूत करते हुए भाजपा को विजय दिलाने के लिए गांव-गांव लोगों से मिलना होगा और सरकार की उपलब्धियां को बताना होगा ताकि जनता को मालूम चले की भाजपा द्वारा किए जा रहे कार्य जनता के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं आज समय आ गया है कि बिहार में पुन एक बार मजबूत सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता आगे आए और मजबूती से कार्य करें वहीं विधान परिषद दिलीप कुमार सिंह इंजीनियरिंग कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी चुनाव में एकजुट होकर लड़ने का कार्यकर्ताओं से अपील किया और कहा कि कहीं भी दिक्कत होगा वह कार्यकर्ता के साथ खड़े रहेंगे कार्यकर्ता जहां भी बुलाएंगे वहां पहुंचेंगे और मिलजुल कर आने वाले दिन में मजबूती से आगे बढ़ेंगे कौशल विद्यार्थी जी ने आने वाले दिन में प्रधानमंत्री की रैली से लेकर कार्यकर्ताओं की मजबूती तक का प्रयास किया जाएगा इस कार्यक्रम के धन्यवाद ज्ञापन जिले के महामंत्री अमन कुशवाहा ने किया इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह दीपक कुमार अनीता सिंह सरिका शहर दीपक उपाध्याय रंजीत कुशवाहा रेखा गुप्ता जिला मंत्री सुबोध सिंह का भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा संजय मेहता अवध बिहारी सिंह इंद्रदेव यादव मनोज शर्मा पुरुषोत्तम कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष वासु युवा नेता राहुल कुमार आशुतोष मोनू शुभम कुमार सुनील शर्मा अशोक कुमार सिंह अशोक पांडे सुमन अग्रवाल सीमा गुप्ता संजय गुप्ता अन्य भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री सहित जिला कर समिति के सभी प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# पार्थ ने इंटरनेशनल मैथ्स ओलम्पियाड में जीता ब्रॉन्ज मेडल, सिंगापुर में लहराया परचम

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले के पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के छात्र पार्थ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। पार्थ ने सिंगापुर एंड एशियन स्कूल मैथ्स ओलम्पियाड (एसएएसएमओ) में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर न सिर्फ विद्यालय, बल्कि पूरे बिहार और देश का नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में मेजबान देश सिंगापुर सहित एशिया के 38 देशों—जैसे जापान, चीन, मंगोलिया, वियतनाम, ईरान, अज़रबैजान, उज़्बेकिस्तान आदि के हजारों मेधावी छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को गणित के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग का अवसर देना है। प्राचार्य ने बताया कि पार्थ शुरू से ही एक मेधावी छात्र रहा है। वह न केवल गणित में रुचि रखता है, बल्कि 12 भाषाओं का ज्ञान रखता है और अब तक अंग्रेज़ी और हिंदी की 200 से अधिक पुस्तकों का अध्ययन कर चुका है। पार्थ का ज्ञान के प्रति यह जुनून ही उसकी सफलता की असली कुंजी है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को वैज्ञानिक सोच और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ओलम्पियाड जैसे कार्यक्रमों में भागीदारी इसी दिशा में एक प्रयास है, जिसमें विद्यालय के बच्चे लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। पार्थ की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष और गौरव का वातावरण है। सभी शिक्षकों, सहपाठियों और अभिभावकों ने उसकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। पार्थ आज न सिर्फ अपने विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले के छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। उसकी यह सफलता यह दिखाती है कि अगर लगन और परिश्रम हो तो छोटे शहरों से भी बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं।

# प्रमोद सिंह के प्रयास से भेटनिया में शुरू होगा पुल निर्माण

### चिराग पासवान के मार्गदर्शन और सांसदों की सिफारिश से मिली मंजूरी, प्रमोद सिंह ने निभाई अहम भूमिका

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



रफीगंज विधानसभा के भेटनिया पंचायत में पुल निर्माण की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। इस बहुप्रतीक्षित योजना को स्वीकृति दिलाने में लोजपा (रामविलास) के प्रदेश महासचिव एवं रफीगंज के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह की अहम भूमिका रही है। उन्होंने न केवल ग्रामीणों की आवाज को उठाया, बल्कि अपने व्यक्तिगत प्रयासों से इसे शासन-प्रशासन तक पहुँचाया। प्रमोद सिंह ने बताया कि भेटनिया पंचायत के लोग कई वर्षों से इस पुल की माँग कर रहे थे जो गोह विधानसभा से सीधा संपर्क जोड़ता है। यह क्षेत्र व्यावसायिक खेती के लिए जाना जाता है, लेकिन पुल के अभाव में किसानों को 15-20 किलोमीटर का चक्कर लगाकर बाजार जाना पड़ता था। उन्होंने पूर्व विधायक पर आरोप लगाया कि उनके 10 साल के कार्यकाल में इस समस्या को कभी गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने इसे सामाजिक वर्ग विशेष की उपेक्षा से जोड़ते हुए कहा कि गांव के लोग अति पिछड़ा, दलित और महादलित समुदाय से आते हैं, इसीलिए मुद्दे की अनदेखी की गई। बाद में वर्तमान विधायक से ग्रामीणों ने उम्मीद लगाई, तो उन्होंने कथित तौर पर कहा — "वहाँ के लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया, तो मैं सिफारिश क्यों करूँ?" इसे प्रमोद सिंह ने लोकतंत्र के लिए शर्मनाक सोच बताया। वहीं, प्रमोद कुमार सिंह ने स्वयं गाँव जाकर स्थिति का जायजा लिया और लगातार प्रयास करते रहे।

**हमारा लक्ष्य जनसेवा, न कि श्रेय लेना : प्रमोद सिंह**

प्रमोद सिंह ने कहा, 'यह कार्य केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी जागरूक ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का है, जिन्होंने वर्षों से इस आवाज को ज़िंदा रखा। हम श्रेय की होड़ में नहीं, जनसेवा की भावना से काम करते हैं।

**चिराग पासवान और सांसदों ने किया सहयोग**

प्रमोद सिंह ने यह मामला लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चिराग पासवान के समक्ष उठाया। चिराग पासवान ने तुरंत गंभीरता दिखाते हुए पार्टी के दो सांसद, जमुई से अरुण भारती और समस्तीपुर से शांभवी को ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी को सिफारिशी पत्र भेजने का निर्देश दिया। इन प्रयासों के फलस्वरूप योजना को मंजूरी मिली और अब टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रमोद सिंह ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया सरकार के संबंधित विभागों, पार्टी नेतृत्व और सक्रिय जनप्रतिनिधियों के आपसी सहयोग से संभव हो सकी।

## ट्रेन की चपेट में आने से 60 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक रेल हादसे में अज्ञात 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे खंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन और देव रोड हाल्ट के बीच पोल संख्या 507/33 के पास घटी, जहां महिला अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे इंस्पेक्टर राम सुमेर मौके पर पहुंचे और उन्होंने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। फिलहाल मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद राजकीय रेल थाना सोननगर की पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही, महिला की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं।

## एसपी ने किया पुलिस केंद्र का निरीक्षण समस्याओं के समाधान का दिया निर्देश



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

पुलिस अधीक्षक ने लाइन डे के अवसर पर पुलिस केंद्र, औरंगाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से सीधे संवाद कर उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। एसपी ने प्रत्येक विभागीय शाखा की गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का शीघ्र और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का समय पर समाधान न केवल उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाता है, बल्कि पूरे विभाग में सकारात्मक वातावरण भी उत्पन्न करता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस केंद्र की साफ-सफाई, आवासीय परिसर की स्थिति, आवंटन व्यवस्था, वर्दी वितरण, चिकित्सकीय सुविधाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कर्मियों से कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें और किसी भी समस्या के समाधान के लिए बिना संकोच अपने वरीय अधिकारियों से संवाद करें। एसपी के इस निरीक्षण और संवाद से पुलिसकर्मियों में उत्साह देखा गया और सभी ने अपनी बात खुलकर रखी। एसपी ने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## बीआरबीसीएल पावर प्लांट में स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत, कर्मियों ने ली स्वच्छता की शपथ

- स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की पहल।

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**




जिले के नबीनगर स्थित भारतीय रेल और एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) के पावर प्लांट में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस अभियान की शुरुआत महाबोधि सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम से हुई, जिसमें बीआरबीसीएल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'स्वच्छ भारत शपथ' ली। शपथ ग्रहण समारोह में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) बीके साहा के साथ सभी विभागों के प्रमुख, अधिकारीगण और कर्मी उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी ने न केवल अपने कार्यस्थल बल्कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प लिया, बल्कि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी बल दिया। बीआरबीसीएल द्वारा यह स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई से 31 मई तक मनाया जा रहा है। इस अवधि में प्लांट परिसर और टाउनशिप क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। पखवाड़े को प्रभावशाली और जनभागीदारी से युक्त बनाने के लिए अनेक रचनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई है।

इस दौरान कर्मचारियों के साथ-साथ टाउनशिप की महिलाओं और स्कूली बच्चों के लिए भी कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में कला प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, सुलेख प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसे रचनात्मक आयोजन शामिल होंगे। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में इसके प्रति सकारात्मक सोच को विकसित करना है। बीआरबीसीएल प्रबंधन ने विश्वास जताया है कि इस अभियान से न केवल प्लांट और टाउनशिप की सफाई व्यवस्था में सुधार आएगा, बल्कि कर्मचारी व उनके परिवारजनों में भी स्वच्छता को लेकर एक नई चेतना जागृत होगी।

## पुलिस पदाधिकारियों को तकनीकी अनुसंधान का दिया गया प्रशिक्षण



- साइबर तकनीक, डिजिटल साक्ष्य, सॉफ्टवेयर टूल्स की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद पुलिस कार्यालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के लिए एक विशेष तकनीकी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रोजेक्टर के माध्यम से कांडों के अनुसंधान में तकनीक के प्रभावी उपयोग से संबंधित जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को आधुनिक तकनीकी साधनों से लैस करना था, ताकि अपराध के अनुसंधान को अधिक सटीक, त्वरित और प्रमाणिक बनाया जा सके। इस सत्र में केस से संबंधित डिजिटल सबूतों का संग्रहण, विश्लेषण और साइबर तकनीक के सहयोग से जांच प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से यह भी बताया गया कि कैसे तकनीक की मदद से पुराने पेचीदा मामलों को भी सुलझाया जा सकता है। पुलिस विभाग का यह प्रयास न केवल अनुसंधान की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा, बल्कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण में भी सहायक सिद्ध होगा।

पुलिस-एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

# आठ साल से फरार हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

**निज संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद पुलिस को शुक्रवार को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात हार्डकोर नक्सली वीरेंद्र सिंह भोक्ता को पुलिस एवं STF की संयुक्त टीम ने सघन अभियान चलाकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली गया जिले के बांकेबाजार थाना क्षेत्र के मोहरांव गांव का निवासी है और वह औरंगाबाद तथा गया जिले के विभिन्न इलाकों में नक्सली गतिविधियों में लंबे समय से संलिप्त रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)-2 अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सली वीरेंद्र सिंह भोक्ता मदनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में किसी खास उद्देश्य से सक्रिय है। सूचना मिलते ही औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर पुलिस और एसटीएफ की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने तेजी से सर्च ऑपरेशन चलाया और आरोपी को दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार वीरेंद्र सिंह भोक्ता औरंगाबाद के देव, मदनपुर और गया जिले के आमस, बांकेबाजार क्षेत्रों में लंबे समय से सक्रिय था। वह 2017 से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। उसकी गिरफ्तारी से पुलिस की वर्षों पुरानी तलाश पूरी हुई है। पुलिस को उसकी तलाश मदनपुर थाना कांड संख्या-303/21, आमस थाना कांड संख्या-196/17, ढिबरा थाना कांड संख्या-14/18 एवं मदनपुर थाना कांड संख्या-56/19 के मामलों में थी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लगातार अभियान और त्वरित कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल टूट रहा है। आगे भी नक्सलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ जारी है और पुलिस उसके अन्य साथियों की जानकारी भी जुटा रही है।

# ग्राहक संपर्क कार्यक्रम के जरिए दी गई बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**निज संवाददाता | औरंगाबाद**




भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय की ओर से शुक्रवार को एक विशेष ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार ने की, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रगतिशील किसानों और एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) की भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करना था।

इस मौके पर एसबीआई के अधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि व्यापार उत्पादों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इनमें कृषि और खाद्य उद्यम ऋण (एएफईएल), कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ), किसान समृद्धि ऋण (केएसआर), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना (पीएमएफएमई) जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल थीं। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को न सिर्फ आसान ऋण सुविधा मिलती है, बल्कि वे अपने कृषि व्यवसाय को आधुनिक और लाभकारी बना सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने यह भी स्वीकार किया कि आज भी किसानों के बीच इन योजनाओं को लेकर जागरूकता की कमी है, जिस कारण वे योजनाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पाते। इसी कारण इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें योजनाओं की जानकारी देना आवश्यक हो गया है। एसबीआई अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान किसानों से संवाद करते हुए कई उपयोगी बातें सामने आईं और कुछ संभावित लीड्स भी मिलीं, जिन्हें आने वाले समय में व्यापारिक अवसरों में बदला जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद, नाबार्ड के डिप्टी जनरल मैनेजर सुशील कुमार सिंह, जीएम डीआईसी मोहम्मद अफ्फान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही एसबीआई के मुख्य प्रबंधक क्रेडिट एंड एनपीए संतोष कुमार गुप्ता, मुख्य प्रबंधक औरंगाबाद रितेश कुमार, बारुण शाखा प्रबंधक संतोष सिंह, ऋण अधिकारी अभिषेक झा, आरएमआरयू के असीम जाना, नीलाभ कुमार समेत कई अन्य बैंक अधिकारी भी मौजूद थे। इस सफल आयोजन के माध्यम से यह स्पष्ट संकेत मिला कि एसबीआई न केवल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार में जुटा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।